www.epaper.azadsipahi.in

18 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 238

शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों को मिला 2.66 करोड़ रुपये





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 18 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# दुनिया के साथ किये गये व्यवहार की कीमत चुका रहा है ईरान

## ■ इजरायल ही नहीं, हर शांतिप्रिय देश के लिए परेशानी का सबब बना था ईरान

## ■ आतंक और अलगाववाद के हर समर्थक को ऐसा ही जवाब दिया जाना चाहिए

**आजाद सिपाही विशेष**

इजरायल के हमले से ईरान तबाही की कगार पर पहुंच गया है। तेहरान से लाखों की संख्या में लोग घर-बार छोड़कर भाग रहे हैं। जिसे जहां भी जगह मिल रही है, वह वहां भाग जाना चाहता है पर तेहरान में नहीं रहना चाहता है। इजरायल के मिसाइल और ड्रोन हर दिन कहर बरपा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ईरान के लोगों को तेहरान छोड़ने की चेतावनी दी है। इसके चलते समझा जा रहा है कि ईरान पर बहुत बड़ी कार्रवाई होने जा रही है। ईरान के दर्जनों बड़े अधिकारी, नेता और वैज्ञानिक मारे जा चुके हैं। पर दुनिया में ईरान को लेकर किसी को भी हमदर्दी नहीं है। इस्लामी देशों से जैसे समर्थन की उम्मीद थी, वह नहीं दिखाई दे रही है। रूस और चीन भी ईरान के पक्ष में खड़े होने से कन्नी काट रहे हैं। इजरायल और ईरान के बीच 2025 में शुरू हुआ सैन्य टकराव, जिसे 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' और ईरान के जवाबी 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस' के रूप में जाना जाता है, ने वैश्विक स्तर पर व्यापक चर्चा छेड़ दी है। जहां तक भारत का सवाल है, तो उस पर इस युद्ध का गंभीर असर पड़ेगा, लेकिन आतंकवाद और अलगाववाद को प्रश्रय देनेवाले ईरान के खिलाफ इस तरह कार्रवाई के लिए इतनी कीमत तो चुकानी ही होगी। ईरान आज जिस स्थिति में खड़ा है, उसके लिए वह खुद जिम्मेदार है। उसने दुनिया भर के आतंकी संगठनों को प्रश्रय देकर मानवता के लिए सिरदर्द पैदा किया है और अब इजरायल उसे सबक सिखा रहा है, तो भारत जैसे देशों को सीखना चाहिए कि अपने दुश्मन से कैसे निबटना चाहिए। ईरान-इजरायल युद्ध की पृष्ठभूमि में भारत पर क्या हो सकता है इसका संभावित असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

ईरान और इजरायल के बीच जंग अपने चरम पर पहुंच चुकी है। दोनों तरफ से जबरदस्त हमले जारी हैं। फिलहाल अभी तो यही लग रहा है कि दोनों देशों के बीच यह जंग काफी दिनों तक चलने वाली है। जाहिर है कि अगर युद्ध लंबा चलता है, तो दुनिया दो ध्रुवों में एक बार फिर बंट सकती है। अगर ऐसा होता है, तो सबसे बड़ी मुश्किल भारत के समक्ष आने वाली है। भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से तटस्थता, रणनीतिक स्वायत्तता और राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने पर आधारित रही है। दोनों देशों–ईरान और इजरायल–के साथ भारत के गहरे और रणनीतिक संबंध हैं, और किसी एक को चुनना भारत के लिए आसान निर्णय नहीं होगा।

### अपने किये की सजा भुगत रहा है ईरान

जहां तक ईरान की बात है, तो वह दुनिया के साथ किये गये अपने व्यवहार की सजा भुगत रहा है। आज दुनिया का कोई भी ऐसा देश नहीं है, जो ईरान के साथ खड़ा है। इसका कारण यह है कि अपने तेल भंडारों के बल पर ईरान ने हर तरह से दुनिया को परेशान किया है। ईरान दर्जनों आतंकी गुटों का पनाहगाह है। मध्य एशिया में सऊदी अरब , यूएइ, कुवैत जैसे देश भी हैं। दुनिया में और दर्जनों मुस्लिम देश हैं, जो शांतिपूर्ण तरक्की को ही अपना लक्ष्य मानते हैं। पर शायद आज का ईरान ऐसा नहीं है। आज अगर पश्चिम चाहता है कि ईरान के पास परमाणु हथियार न आये, तो इसके पीछे उनके पर्याप्त कारण हैं। ईरान पर लंबे समय से आतंकी संगठनों को समर्थन देने और फंडिंग करने का आरोप लगता रहा है, जिसने वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा को प्रभावित किया है। ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आइआरजीसी) इन गतिविधियों का मुख्य केंद्र मानी जाती है। ईरान के प्रमुख आतंकवादी संगठनों में हिजबुल्लाह (लेबनान), हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (गाजा), हूती विद्रोही (यमन) और इराकी शिया मिलिशिया शामिल हैं। इन समूहों को ईरान से हथियार, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता मिलती है, जिसका उपयोग क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाने में होता रहा है। ईरान इन आतंकी संगठनों को मिसाइलें और ड्रोन देता रहा है, जिसका उपयोग इजरायल के खिलाफ होता है। हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद गाजा में आतंकियों को रॉकेट और ड्रोन तकनीक प्रदान करता है। इस्लामिक जिहाद भी इजरायल पर रॉकेट हमले करता है। हूती विद्रोहियों ने भी कम आतंक नहीं मचाया है। यमन में हूतियों को ईरान से बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन मिलते हैं। ईरान इन समूहों का उपयोग क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाने और इजरायल, अमेरिका, सऊदी अरब जैसे विरोधियों पर दबाव बनाने के लिए करता है। अमेरिका ने आइआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित किया है और प्रतिबंध लगाये हैं। 2025 में इजरायल के हमलों ने ईरान के परमाणु और सैन्य ढांचे को निशाना बनाया, जिसे इन गतिविधियों की सजा माना गया।




### भारत के लिए एक तरफ कुआं, तो दूसरी तरफ खाई

अब भारत की बात। इस युद्ध का भारत पर असर तो पड़ेगा, लेकिन आतंकवाद की पीड़ा झेल रहे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को इतनी कीमत तो चुकानी ही होगी। ईरान-इजरायल युद्ध में पहले तो भारत किसी के साथ जायेगा नहीं और अपनी गुट निरपेक्ष वाली छवि बनाये रखेगा। पर कई ऐसे कारण हैं, जिनके चलते भारत को द्विध्रुवीय व्यवस्था में अपना एक पक्ष चुनना ही होगा।

### मजबूत हैं भारत-इजरायल संबंध

इजरायल के अस्तित्व में आने के बाद करीब चार दशकों तक भारत इस्लामी राष्ट्रों के दबाव में इजरायल के साथ कूटनीतिक रिश्ते नहीं बना सका। भारत और इजरायल के बीच 1992 में पहली बार नरसिंह राव के कार्यकाल में पूर्ण कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए। उसके बाद से भारत-इजरायल के बीच रिश्ते तेजी से मजबूत हुए हैं । इजरायल भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रक्षा और प्रौद्योगिकी साझेदार बन गया है। भारत ने इजरायल से बराक मिसाइल रक्षा प्रणाली, ड्रोन, राडार सिस्टम, और अन्य उन्नत हथियार प्रणालियां खरीदी हैं। 2023 तक भारत के रक्षा आयात में इजरायल का हिस्सा लगभग 10-12% रहा है। इजरायल की साइबर सुरक्षा तकनीक और खुफिया सहयोग भी भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं, खासकर आतंकवाद विरोधी अभियानों में। भारत और इजरायल दोनों आतंकवाद को एक साझा खतरे के रूप में देखते हैं। इजरायल की खुफिया एजेंसियां, जैसे मोसाद और भारत की रॉ के बीच सहयोग ने आतंकवाद से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इजरायल ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य मंचों पर भारत के हितों का समर्थन किया है, जैसे कि कश्मीर मुद्दे पर भारत के रुख का समर्थन।

### पुराने हैं भारत-ईरान संबंध

भारत और ईरान के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, और रणनीतिक संबंध हैं, जो सदियों पुराने हैं। ईरान भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए महत्वपूर्ण है। ईरान भारत के लिए कच्चे तेल का एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता रहा है। हालांकि अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण 2019 के बाद भारत ने ईरान से तेल आयात कम कर दिया, लेकिन ईरान की भौगोलिक स्थिति भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बनी हुई है। भारत ने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारी निवेश किया है, जो भारत को बिना पाकिस्तान पर निर्भर हुए मध्य एशिया तक पहुंच प्रदान करता है। यह बंदरगाह भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह चीन के ग्वादर बंदरगाह (पाकिस्तान) को संतुलित करता है। अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आइएनएसटीसी) भारत, ईरान और रूस को जोड़ता है, जो भारत के लिए व्यापार और रणनीतिक कनेक्टिविटी को बढ़ाता है।

### क्या कर सकता है भारत

भारत की विदेश नीति का मूल सिद्धांत रणनीतिक स्वायत्तता और गुटनिरपेक्षता रही है। भारत ने ऐतिहासिक रूप से किसी भी वैश्विक या क्षेत्रीय संघर्ष में स्पष्ट रूप से एक पक्ष चुनने से परहेज किया है। भारत ने रूस और यूक्रेन के बीच भी तटस्थता बनाये रखी। भारत ने सऊदी अरब और ईरान, या इजरायल और फिलिस्तीन के बीच संतुलन बनाये रखा है। हाल ही में भारत ने फिलिस्तीन को मानवीय सहायता भेजी, जो उसकी संतुलित नीति को दर्शाता है। फिर भी भारत को मजबूरी में ईरान या इजरायल में से किसी एक को चुनना पड़े, तो वह क्या करेगा, यह बड़ा सवाल है। इस सवाल का जवाब इसमें छिपा हुआ है कि भविष्य में समीकरण कैसे बनते हैं। जैसा कि ईरानी अधिकारियों का बयान आया है कि अगर इजरायल परमाणु हमला करता है, तो ईरान की ओर पाकिस्तान इजरायल पर परमाणु हमला करेगा। पाकिस्तान की ओर से अगर इस तरह का आश्वासन ईरान को युद्ध के दौरान मिलता है, तो जाहिर है भारत और ईरान के बीच दूरी बढ़ेगी ही। इसके पहले जिस तरह इजरायल के पीएम नेतन्याहु ने भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी को पूरे घटनाक्रम की और अपनी सुरक्षा की जानकारी दी है, वह दोनों देशों की बीच की नजदीकी को प्रकट करता है। इजरायल का रक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग भारत के लिए तत्काल और दीर्घकालिक रणनीतिक महत्व रखता है। भारत की रक्षा आधुनिकीकरण और आतंकवाद विरोधी नीतियां इजरायल पर निर्भर हैं। इजरायल अमेरिका और पश्चिमी देशों का करीबी सहयोगी है। भारत के अमेरिका, यूरोपीय संघ, और क्वाड (क्वाड) देशों (अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) के साथ बढ़ते संबंध इजरायल के पक्ष में झुक सकते हैं। इसलिए भारत को मजबूरन एक पक्ष चुनना पड़े, तो रणनीतिक और वैश्विक गतिशीलता के आधार पर इजरायल को चुनने की संभावना अधिक हो सकती है। हालांकि भारत ईरान को पूरी तरह से त्यागने की संभावना नहीं रखता। चाबहार बंदरगाह और मध्य एशिया में भारत के हित ईरान को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बनाये रखते हैं।

---

फ़्लाइओवर उद्घाटन के चक्कर में जनता झेल रही परेशानी

## भाजपा नेताओं को अपनी राजनीति चमकाने से मतलब, जनता की परेशानी से नहीं : धीरज दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजनीति में एक बार फिर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। इस बार झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्षकार धीरज दुबे ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। झामुमो का आरोप है कि भाजपा नेताओं को केवल अपनी राजनीति चमकाने की चिंता है, जनता की सुविधा और तकलीफों से उनका कोई वास्ता नहीं। झामुमो का कहना है कि राजधानी रांची में बनने वाले नये फ्लाइओवर के उद्घाटन को लेकर भाजपा नेता जिस तरह से राजनीति कर रहे हैं, उससे साफ है कि उनका मकसद जनहित नहीं बल्कि अपने चेहरे को चमकाना है। श्री दुबे ने भाजपा सांसद संजय सेठ से यह पूछा कि अगर फ्लाइओवर पूरी तरह तैयार नहीं हुआ है, फिर उद्घाटन की तारीख तय क्यों तय की गयी और अगर फ्लाइओवर निर्माण पूर्ण हो गया तो क्या केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की व्यवस्था के कारण जनता को परेशानी से जूझने के



लिए छोड़ देना उचित है? भाजपा की श्रेय की राजनीति एवं चेहरा चमकाने के चक्कर में शहर की जनता को भारी जाम और अव्यवस्था झेलनी पड़ रही है। जनता की आवाजाही बाधित हो रही है, व्यापार प्रभावित हो रहा है, लेकिन भाजपा नेताओं को केवल फोटो खिंचवाने और मीडिया कवरेज में आने की जल्दी है।

झामुमो पक्षकार श्री दुबे ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा के समय में परियोजनाओं की गुणवत्ता से ज्यादा जोर इसका श्रेय लेने पर होता है। कई जगहों पर देखा गया है कि जल्दीबाजी में उद्घाटन कर दिया जाता है, बाद में मरम्मत और बदलाव के नाम पर दोबारा करोड़ों खर्च किये जाते हैं। झामुमो ने सरकार से मांग की है कि फ्लाइओवर को पूरी तरह तैयार और तकनीकी जांच के बाद ही जनता को समर्पित किया जाये। अगर केंद्र सरकार उद्घाटन में देर करती है तो जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए इसको जल्द चालू किया जाये।

इस पूरे प्रकरण को लेकर आम जनता में भी नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि फ्लाइओवर निर्माण और उद्घाटन की तैयारियों के नाम पर घंटों जाम में फंसना पड़ रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों, ऑफिस कर्मियों और आपातकालीन सेवाओं को भी भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। झामुमो ने साफ संकेत दे दिया है कि अगर भाजपा नेताओं ने जनता की परेशानी की अनदेखी कर फ्लावर उद्घाटन में देरी की तो इसे जनहित में बिना उद्घाटन के चालू कर दिया जायेगा।

---

## थर्ड ग्रेड की सुरक्षा उपकरणों से खतरे में हाइकोर्ट की सुरक्षा : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड हाइकोर्ट की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किये जाने का आरोप राज्य सरकार पर लगाया है। मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह स्तब्ध कर देने वाला और अत्यंत चिंताजनक मामला है कि राज्य की एक प्रमुख संवैधानिक संस्था की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ हो रहा है। सरकार ने पूर्व में हाइकोर्ट की सुरक्षा के लिए पूराने हो चुके सुरक्षा उपकरणों के बदले नये उपकरणों की खरीद चार गुना अधिक कीमत पर की। हालांकि इसे भी बगैर टेंडर किया गया। मेटल डिटेक्टर, अंडर व्हीकल सर्च मिरर और एक्सप्लोसिव डिटेक्टर जैसे उपकरण हाइकोर्ट में लगाये गये। जून 2024 में राज्य सरकार के ही स्पेशल ब्रांच ने अपनी रिपोर्ट में राज्य सरकार को बता दिया कि जो भी उपकरण लगाये गये हैं, उसकी गुणवत्ता बेकार है। वे किसी भी तरह से प्रभावी नहीं हैं। प्रतुल के मुताबिक, थर्ड ग्रेड के लायक भी उपकरण नहीं होने की सूचना जब



सरकार को सालभर पहले मिल गयी थी तो अबतक इसे बदला क्यों नहीं गया। या तो फिर सरकार ने पुराने उपकरणों को ही लगाये रखा या फिर घटिया उपकरण खरीदे गये। चूंकि हजारीबाग, देवघर, जमशेदपुर जैसी जगहों पर कोर्ट परिसर में भी आपराधिक वारदात हो चुकी है। ऐसे में हाइकोर्ट की सुरक्षा बेहतर उपकरणों संग सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस मामले में सरकार को चाहिए कि टेंडर प्रक्रिया में शामिल अफसरों, एजेंसियों के खिलाफ एक्शन ले और जल्द से जल्द हाइकोर्ट की सुरक्षा सुनिश्चित करे। ज्यूडिशियरी की सुरक्षा हर हाल में सर्वोत्तम दर्जे की होनी चाहिए। इस मौके पर मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

---

खेल विभाग के टेंडर में गड़बड़ी का आरोप

## सरकार को हुआ 6 करोड़ का नुकसान : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने राज्य के खेल विभाग के एक टेंडर में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाते हुए कहा है कि हेमंत सरकार के खेल विभाग ने स्पोर्ट्स किट की खरीद में बड़ा घोटाला किया है। भाजपा का दावा है कि खेल विभाग ने टेंडर प्रक्रिया के तहत एलवन कंपनी को ठेका देने के बजाय एल-टू कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट दे दिया, जो ऊंची दर पर सामान दे रही



है। इससे सरकारी खजाने को लगभग 6 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

**निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग :** भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि इस मामले में विभागीय मंत्री और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने भी इस मुद्दे को उठाया है और सीएम से टेंडर को अविलंब रद्द कर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

## पाकुड़ अंचल निरीक्षक के घर डकैती, ले गये लाखों के गहने

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** शहर से सटे गोकुलपुर मौजा में नवनिर्मित मकान बनाकर रह रहे सदर अंचल के अंचल निरीक्षक शिवाआशीष वात्सायन के घर बीती रात नकाबपोश 15 से 20 की संख्या में अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया है। अपराधी 15 से 20 की संख्या में हथियार से लैश हो आये थे और रात 9:20 में अंचल निरीक्षक के घर में घुस कर लोगों को डरा धमका कर नकद और जेवरात की लूट कर फरार हो गये। अपराधियों ने घर के सदस्यों का मोबाइल भी अपने कब्जे में ले लिया और फिर बाहर निकल कर मोबाइल को अगल-बगल में रखकर चलते बने। डकैती की घटना को अंजाम देने के वक्त अपराधियों ने घर के एक सदस्य पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। हालांकि घटना की सूचना पर एसडीपीओ डीएन आजाद, नगर थाना प्रभारी प्रयाग दास रात को ही अंचल निरीक्षक के घर पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। अंचल निरीक्षक ने घटना के बाबत नगर थाना में डेढ़ लाख नकद और पांच भर गोल्ड की लूटने की लिखित रूप से जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी मंगलवार के पूर्वाह्न घटना स्थल पर पहुंची और पूरी घटना के बारे में अंचल निरीक्षक से जानकारी ली। एसपी ने कहा कि पुलिस बहुत जल्द ही इस मामले का खुलासा करेगी।

www.epaper.azadsipahi.in

18 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 238

डॉ सोनाझारिया मिंज से मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की मुलाकात



# जी 7 समिट : मोदी पहुंचे कनाडा, डोनाल्ड ट्रंप लौटे

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा मैं सीजफायर के लिए नहीं लौट रहा, बात उससे कहीं बड़ी है
- प्रधानमंत्री फ्रांस, इटली समेत कई अन्य देशों के नेताओं से मिलेंगे

एजेंसी

**अल्बर्टा/कैलगरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कनाडा के दौरे पर पहुंचे हैं। वह कैलगरी पहुंच चुके हैं, जहां से वह अल्बर्टा प्रांत के कैननास्किस में आयोजित होने वाले 51वें जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री साइप्रस से सीधे कनाडा पहुंचे हैं। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर मोदी कई वैश्विक नेताओं के साथ नजर आयेंगे। हालांकि, इस समिट में पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुलाकात नहीं होगी। मोदी के आने से पहले ही डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका लौट गये। उन्होंने कहा कि मैं सीजफायर के लिए नहीं लौट रहा, बात उससे कहीं बड़ी है।

**सात देशों ने इजराइल का किया समर्थन :** कनाडा के अल्बर्टा राज्य के कैननास्किस में चल रहे जी7 समिट में इजराइल-इरान तनाव का असर दिख रहा है। समिट के पहले दिन जी7 देशों ने इजराइल का समर्थन किया। मंगलवार सुबह साझा बयान में कहा गया कि इजराइल को अपनी आत्मरक्षा करने का अधिकार है। इरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए।

**समिट बीच में छोड़ निकले ट्रंप :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समिट को बीच में छोड़ कर अमेरिका लौट गये।

व्हाइट हाउस ने बताया कि मिडिल इस्ट में तनाव के चलते ट्रंप ने यह फैसला लिया है। उधर, ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इरान को परमाणु 'समझौते' पर हस्ताक्षर करना चाहिए। इरान न्यूक्लियर हथियार नहीं रख सकता है। मैंने यह बार-बार कहा है कि सभी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए।



## वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करूंगा: मोदी

**नयी दिल्ली।** जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होने कनाडा पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर कर लिखा कि जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कैलगरी पहुंचा। शिखर सम्मेलन में अलग-अलग देशों के नेताओं से मुलाकात करूंगा। साथ ही महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करूंगा। वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं पर भी जोर दूंगा। कनाडा में पीएम मोदी जी-7 नेताओं, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, इटली की जियोर्जिया मेलोनी, जापान के शिगेरू इशिबा, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ मेजबान मार्क कार्नी के साथ बातचीत करेंगे।

# इजराइल के मोसाद हेडक्वार्टर पर हमला इरान के सेना कमांडर शादमानी की मौत

## इरान में फंसे भारतीय छात्रों की वापसी शुरू

एजेंसी

**तेहरान/तेल अवीव।** इजराइल और इरान के बीच 5वें दिन भी संघर्ष जारी है। इरान ने मंगलवार को तेल अवीव में इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के हेडक्वार्टर पर हवाई हमला किया। इसके अलावा मिलिट्री इंटेलिजेंस से जुड़ी खुफिया एजेंसी अमैन (एएमएएन) की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया है। उधर, इजराइली हवाई हमले में इरान के नये वॉर चीफ मेजर जनरल अली शादमानी की मौत हो गयी है। इजराइली हमलों में अब 224 इरानी मारे जा चुके है, जबकि 1,481 लोग घायल हुए हैं। वहीं, इजराइल में अब तक 24 लोग मारे गये हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं।

**इरान में फंसे भारतीय छात्रों की वापसी शुरू :** इजराइल-इरान में जारी संघर्ष के बीच भारत ने अपने नागरिकों को इरान से निकालना शुरू कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया है कि कुछ भारतीय नागरिकों को आर्मेनिया बॉर्डर के रास्ते देश से बाहर निकाला गया है। इन छात्रों में ज्यादातर जम्मू-कश्मीर के रहने वाले हैं, जो ईरान के उर्मिया शहर से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। इरान में 1500 छात्रों सहित लगभग 10 हजार भारतीय फंसे हैं।

# शराब घोटाला : पूर्व उत्पाद कमीश्नर अमित प्रकाश गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाले में एसीबी ने पूर्व उत्पाद कमीश्नर अमित प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि इस मामले में निलंबित आइएएस विनय चौबे, उत्पाद विभाग के तत्कालीन संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, उत्पाद विभाग के अधिकारी सुधीर कुमार, सुधीर दास व अन्य को पहले ही एसीबी गिरफ्तार कर चुकी है। ये फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

एसीबी ने पिछले दिनों इन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को 21 मई को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद राज्य सरकार ने इन्हें निलंबित कर दिया है।

# जगुआर के शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों को मिला 2.66 करोड़ रुपये

- मुख्यमंत्री ने की मुलाकात, सम्मान राशि देकर की सहायता
- हेमंत ने कहा, झारखंड हमेशा अपने शहीदों का ऋणी रहेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को आवासीय कार्यालय में झारखंड जगुआर (एसटीएफ) के शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों को सम्मान राशि के रूप में 2.66 करोड़ रुपये का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के परिजनों से सहानुभूति पूर्वक बातचीत की तथा उनकी पारिवारिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आरक्षी सुनील धान ने राज्यवासियों की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, उनकी शहादत को नमन करते हैं।

बताते चलें कि 12 अप्रैल 2025 को चाइबासा के रातामाटी गांव के घने जंगल में नक्सली अभियान के दौरान आइइडी विस्फोट की चपेट में आने से झारखंड जगुआर के सुनील धान गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया, जहां इलाज के क्रम में वे वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनके परिजनों को पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत निर्गत 1 करोड़ 20 लाख रुपये की वित्तीय सहायता राशि का चेक सौंपा। वहीं गृह विभाग द्वारा 1 करोड़ 46 लाख 26 हजार 972 रुपये की राशि उनके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अकाउंट में क्रेडिट किये गये।

मुख्यमंत्री से शहीद आरक्षी सुनील धान की मां फगनी उराइन, पत्नी गंदरी धान, दो छोटे-छोटे पुत्र प्रियांश और अनिकेत ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने शहीद आरक्षी सुनील धान की पत्नी से कहा कि राज्य सरकार के प्रावधान के तहत आप चाहें, तो अनुकंपा पर सरकारी नौकरी कर सकती हैं। शहीद की पत्नी ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनके बच्चे अभी काफी छोटे हैं। आने वाले दिनों में वे नौकरी करने के संबंध में विचार करेंगी। हेमंत ने कहा कि आप सभी परिजन हिम्मत और धैर्य के साथ आगे बढ़ें, राज्य सरकार सदैव आपके दुःख-सुख में साथ खड़ी रहेगी।



## सरकार शहीद के परिजनों के साथ सदैव खड़ी है : हेमंत

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार शहीद के परिजनों के साथ सदैव खड़ी है। हमारी सरकार एक शहीद परिवार की पीड़ा को गहराई से समझती है। झारखंड हमेशा अपने शहीदों का ऋणी रहेगा। उन्होंने शहीद के परिजनों का हिम्मत बढ़ाते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने बहादुर आरक्षी सुनील धान के परिवार के साथ है। हमारी सरकार शहीद के बलिदान के सम्मान में उनके परिजनों को हरसंभव मदद करती रहेगी।

GOVERNMENT OF JHARKHAND | HCLTech | Supercharging Progress™

युवाओं का IT सेक्टर में उज्ज्वल भविष्य के सपनों को साकार करेगी सरकार

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार तथा HCL TSS के साथ
TechBee : EARLY CAREER PROGRAMME हेतु
MoU हस्ताक्षर कार्यक्रम


मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
श्री रामदास सोरेन
माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग

दिनांक: 18 जून, 2025 | समय: 12:00 बजे मध्याह्न
स्थान: प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची

12वीं पास स्टूडेंट्स प्लेसमेंट लिंक्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम HCL TechBee से जुड़ें
स्टूडेंट्स को मिलेगा व्यावसायिक कौशल एवं तकनीकी प्रशिक्षण
कोर्स के लिए बैंक लोन की सुविधा
छः महीने के इंटर्नशिप के दौरान ₹10,000 स्टाइपेंड
जॉब के साथ-साथ उच्च शिक्षा के भी अवसर

यह है जरूरी
IT Roles के लिए मैथ्स से इंटर एवं कॉमर्स में बिजनेस मैथ्स के साथ पास आउट
DPO Roles के लिए मैथ्स अनिवार्य नहीं



स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 355329 (School Education and Literacy) 25-26

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 18 जून, 2025
www.azadsipahi.in


## शिक्षा और बिजली के अभाव में कोई भी समाज प्रगति नहीं कर सकता: मुन्ना सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के कांग्रेस नेता और सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह नगर प्रभारी मुन्ना सिंह ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित कर केंद्र सरकार और भाजपा को निशाने पर लिया। शुरुआत बिजली संकट के मुद्दे से हुई। मुन्ना सिंह ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस ज़िले की धरती से देशभर के ताप विद्युत संयंत्रों के लिए प्रतिदिन हजारों टन कोयला भेजा जाता है, वहीं की स्थानीय आबादी को आज बिजली के लिए तरसना पड़ रहा है। आज डीवीसी की उदासीनता का दंश झारखंड झेल रहा है। डीवीसी से झारखंड बिजली विभाग को समुचित बिजली उपलब्ध नहीं हो रही जिस कारण लोगों को बिजली नहीं मिल पा रही। जिससे बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे, अस्पतालों में मरीज जनरेटर के भरोसे हैं और छोटे कारोबारी रातों को दुकानों के शटर बंद करने को विवश हैं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि अगर झारखंड के लोग कोयला दे सकते हैं तो रोशनी भी मांग सकते हैं, और अगर रोशनी नहीं देंगे तो कोयला भी नहीं जाने देंगे। उन्होंने केंद्र सरकार से जवाबदेही की मांग करते हुए कहा कि अगर एक सप्ताह के भीतर बिजली की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो जनता कोयला परिवहन को रोकने पर बाध्य होगी। वहीं प्रेस वार्ता के दूसरे हिस्से में उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत झारखंड में अंगीभूत महाविद्यालयों से इंटरमीडिएट शिक्षा को हटाने के निर्णय की आलोचना की। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि वे इस संकट की गंभीरता को समझते हुए हस्तक्षेप करें और आवश्यक कदम उठाएँ ताकि इंटरमीडिएट स्तर पर नामांकन की अस्थायी बहाली सुनिश्चित हो। प्रेस वार्ता के अंत में उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी नई शिक्षा नीति के सिद्धांतों का विरोध नहीं कर रही, बल्कि उसके अव्यवस्थित, अधकचरे और गरीब विरोधी क्रियान्वयन के खिलाफ आवाज उठा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और बिजली दोनों के अभाव में कोई भी समाज प्रगति नहीं कर सकता। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश सचिव शशि मोहन सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि विरेन्द्र कुमार सिंह, जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, महासचिव ओमप्रकाश झा, सहकारिता विभाग के अध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, महानगर महासचिव बबलू सिंह, विक्की कुमार आदि उपस्थित थे।

## जनता के मुद्दों को गंभीरता से उठा संगठन को करना होगा मजबूत : रेणु कुमारी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत फतहा चौक पर कटकमदाग कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष गोवर्धन गंझु की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें कटकमदाग प्रखंड कांग्रेस कमेटी का विस्तार किया गया। बैठक में कटकमदाग प्रखंड प्रवेक्षिका रेणु कुमारी और कांग्रेस के हजारीबाग सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह नगर प्रभारी मुन्ना सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए। इस मौके पर कांग्रेसियों में नई ऊर्जा का संचार करते हुए प्रखंड प्रवेक्षिका रेणु कुमारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की लोकतांत्रिक नींव की रक्षक रही है। आज भी यह पार्टी जनता की उम्मीदों का केंद्र बनी हुई है। हमें जमीनी स्तर पर जनता के मुद्दों को गंभीरता से उठाना होगा और संगठन को मजबूती प्रदान करनी होगी। मुन्ना सिंह ने कहा कि पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगठनात्मक विस्तार को प्राथमिकता देने की रणनीति के तहत सभी कांग्रेसजन अपने कार्य क्षेत्र में जुड़ जायें। इस दौरान नवगठित प्रखंड कमेटी के नवनियुक्त उपाध्यक्ष प्रकाश तिर्की, उपाध्यक्ष मो स्काकुल, महासचिव प्रभु गोप, महासचिव अजय साव, महासचिव राजेश कुमार सिंह, महासचिव प्रशांत कुमार मिश्रा, महासचिव रंजीत यादव, महासचिव मो सोहैल, महासचिव मुबारक हुसैन, महासचिव मानवेल मुण्डु, महासचिव विजय कुमार राम को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसके अलावा असगर अली, शारदा रंजन दुबे, राजेश कुमार सिंह, गुड्डू मिश्रा, मुकेश ओझा, मनोहर शर्मा, मुबारक हुसैन, नवीन सिंह, प्रकाश तिर्की, मानवेल मुंडु, रंजीत यादव समेत कई सक्रिय कार्यकर्ता और नेताओं को संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए अहम जिम्मेदारी सौंपी गयी। इस मौके पर बीस सूत्री कार्यक्रम के प्रखंड अध्यक्ष सुनील ओझा और मंडल अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शिद मौजूद रहे।

## धरना प्रदर्शन के बाद बिजली कटौती में सुधार

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** बिजली विभाग के लचर व्यवस्था और बिजली कटौती से परेशान होकर लोग त्राहिमाम कर रहे थे। इस मुद्दे को लेकर सांसद मनीष जायसवाल व कई विधायकों ने सोमवार को हजारीबाग में धरना प्रदर्शन भी किया था। इस धरने के बाद बिजली विभाग के अधिकारीयों के द्वारा बिजली में सुधार को लेकर लिखित आश्वासन दिया गया था। प्रखंड वासियों को इस आंदोलन का असर दिखा और मंगलवार से बिजली में सुधार भी दिखायी दिया। आंदोलन से पूर्व जहां चौबीस में से सिर्फ चार घंटे ही बिजली मिल पाती थी वहीं धरना प्रदर्शन के बाद मंगलवार को बिजली में थोड़ा सुधार हुआ है और अब पहले से थोड़ा ज्यादा बिजली मिल रहा है। इसे लेकर प्रखंड वासियों ने सांसद मनीष जायसवाल को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। दूसरी ओर लोगों का कहना है बिजली विभाग के चंद अधिकारीयों की लापरवाही की वजह से भीषण गर्मी में लोगों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

## हत्या के मामले में फरार अभियुक्त 14 महीने बाद गिरफ्तार



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खेशकरी निवासी 40 वर्षीय अंजार खान उर्फ कारा के हत्याकांड के मामले में पुलिस ने 14 माह बाद नामजद फरार आरोपी खेशकरी निवासी नायज खान उर्फ धोनी (22 वर्ष) को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। आरोपी नायज खान घटना के अंजाम देने के पश्चात पिछले 14 माह से फरार चल रहा था। सोमवार को सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी के घर में छापा मार कर गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल 2024 की रात अंजार खान अपने घर के बाहर दरवाजा पर खटिया पर सोया हुआ था। इसी बीच धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गयी। इस संबंध में मृतक अंजार खान की मां रबिया खातून ने जयनगर थाना में आवेदन देकर अज्ञात लोगों के द्वारा हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। दर्ज मामले के पश्चात पुलिस ने अनुसंधान में नायज खान को नामजद आरोपी बनाया गया था। घटना के पश्चात नायज खान पिछले 14 माह से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह ने बताया कि अंजार खान के हत्या मामले में नायज खान फरार चल रहा था। सोमवार की रात सूचना पर उसके घर पर छापेमारी कर गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। मौके पर एसआई प्रतिक टोपनो सहित कई पुलिस जवान शामिल थे।

# कोडरमा : सोना व्यापारी से 8 सौ 8 ग्राम सोने की लूट

**एसपी के आदेश पर मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** सोना व्यापारी से 8 सौ 8 ग्राम सोने के लूट का मामला सामने आया है। इस बाबत एसपी के आदेश पर कोडरमा थाना में मामला दर्ज किया गया है। हालांकि कोडरमा थाना प्रभारी के अनुसार मामला संदिग्ध है और मामले की जांच हो रही है। बताया जाता है कि कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-पटना रोड स्थित कोडरमा घाटी में एक सोना व्यापारी से 8 सौ 8 ग्राम सोने के लूट लिए गये। लूटे गये सोने की कीमत करीब 80 लाख रुपये बतायी जा रही है। इसको लेकर बिहार के छपरा जिले के साहिबगंज सोना पट्टी के रहने



वाले दीपक कुमार गुप्ता ने कोडरमा के एसपी अनुदीप सिंह को आवेदन दिया है और मामले की जांच की मांग की है। वहीं घटना की जानकारी देते हुए दीपक ने बताया कि वह अपने भाइयों के साथ छपरा में आदित्य और आयुष नाम की ज्वेलरी शॉप चलाता है। वह अपने साथी सुजीत कुमार के साथ कोलकाता गया था। वहां उसने अपने घर के पुराने 8 सौ 8 ग्राम सोने के जेवर गला कर नए जेवर खरीदने की योजना बनायी थी। मगर वहां ज्वेलरी पसंद नहीं होने के बाद वह अपने पुराने सोने को लेकर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान रात के करीब 10 बजे वे कोडरमा घाटी से गुजर रहे थे कि तभी उनकी स्विफ्ट डिजायर कार खराब हो गयी। जिसके पश्चात दीपक और सुजीत कार ठीक करने की कोशिश कर रहे थे कि तभी दो अज्ञात लोग वहां पहुंचे और कार की चाबी छीन ली। इसके बाद आठ और लोग वहां आ गये। सभी ने दीपक व उसके साथी के साथ मारपीट शुरू की और उनके पॉकेट से 8 सौ 8 ग्राम सोना निकाल लिया। जिसके पश्चात अपराधी आर्टिका गाड़ी से बिहार की ओर भाग गये। साथ ही वे दीपक का बैग भी अपने साथ ले गये। इधर दीपक ने बताया कि लूटपाट के दौरान उसने एक अपराधी का मोबाइल छीन लिया था। घटना के बाद वह डर गया और बिना पुलिस को सूचना दिये सीधे छपरा चला गया। सोमवार को वह कोडरमा थाना पहुंचा, जहां उसने मामले की जानकारी कोडरमा थाना प्रभारी को दी। जिसपर थाना प्रभारी ने इसे मनगढ़ंत बात बताते हुए उसे वहां से फटकार लगाते हुए भगा दिया। जिसके पश्चात वह पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह से मिले। जिसके पश्चात कोडरमा थाना में मामला दर्ज किया गया। बहरहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है।

## हजारीबाग के कुमार केशव के गाने टी-सीरीज पर मचा रहा धमाल

**कभी थे सरकारी स्कूल के अध्यापक आज गीत संगीत के क्षेत्र में हैं मशहूर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** इचाक प्रखंड के कुरहा गांव निवासी कुमार केशव चंदा हाई स्कूल में प्रिंसिपल रहते हुए हजारों छात्र-छात्राओं को ऊंचे मुकाम पर पहुंचाया। आज खुद ख्याति प्राप्त गीतकार और संगीतकार के रूप में जाने जा रहे हैं। उन्होंने अपनी मेहनत की बदौलत देश के टॉप सुपर कैसेट्स



इंडस्ट्रीज संगीत कंपनी टी सीरीज में अपने गाने को रिलीज किया है, जो धमाल मचा रहा है। उनके कई गाये हुए गाने टी सीरीज पर देखा जा सकता है। कुमार केशव सरकारी स्कूल में शिक्षक और प्रधानाध्यापक रहते हुए भी अपने इस कला से वे कभी दूर नहीं रहें। रिटायर्ड होने के बाद पूरा ध्यान अब गीत और संगीत पर लगाए हुए हैं। घर पर म्युजिकल ग्रुप की मदद से संगीत सीखने के प्रेमी को संगीत की शिक्षा भी देते हैं। वे विभिन्न मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन करते आ रहे हैं। वे खुद गाने को लिखते है और खुद अपनी आवाज भी देते हैं। वे अबतक 90 से अधिक भजन और गीत की रचना कर चुके हैं। टी सीरीज के प्लेटफार्म में कई गीत को लिखा है और आवाज भी दी है। सभी कैसेट में उन्होंने अपनी आवाज दी है। इनके मुख्य गीतों में जग सारा बोले ओम नमः शिवाय, अपने अंदर राम जगा ले, ब्रज में मची है धूम, राम सिया अवध आए, भक्त शिरोमणि हनुमान यह सब भजन( आडियो - विडियो) टी सीरीज पर रिलीज है और यूट्यूब पर उपलब्ध है। बता दें कि उनके गाए एक गाना मिल जाये भगवान को 6 लाख 62 हजार से अधिक लोगों ने यू ट्यूब पर देखा है।

### 3 करोड़ 42 लाख की लागत से मार्केट कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास

## मार्केट कॉम्प्लेक्स का निर्माण शहरवासियों का सपना पूरा होने के समान : नीरा यादव

**जिप अध्यक्ष के नेतृत्व में मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण हो रहा, जिससे हमारे शहर के लोगों को फायदा होगा: विधायक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** 3 करोड़ 42 लाख की लागत से तिलैया थाना के सामने जिला परिषद की भूमि पर मार्केट काम्प्लेक्स का शिलान्यास मंगलवार को मंत्रोच्चार व शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। शिलान्यास संयुक्त रूप से विधायक डॉ नीरा यादव, उपायुक्त ऋतुराज, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी और जिप सदस्यों नें किया। बतादें की मार्केट काम्प्लेक्स का निर्माण 11 डिसिमल भूमि पर किया जायेगा। इस काम्प्लेक्स का निर्माण जी-5 स्तर पर किया गया है।



जबकि फिलहाल बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर तक किया जायेगा। जिला परिषद की शहरी क्षेत्र के भूमि पर मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण एजेंसी डेढ़ साल में पूर्ण करेगी। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि जिला परिषद बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जब वे जिप उपाध्यक्ष थीं, तब से जिला परिषद की शहरी क्षेत्र की भूमि में बेहतर प्लान तैयार की जा रही थी। उन्होंने कहा कि जिप अध्यक्ष के नेतृत्व में मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण हो रहा, जिससे हमारे शहर के लोगों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि आम जनमानस के लिए वे हरसंभव प्रयासरत रहतीं है। डीसी ऋतुराज ने कहा कि झुमरीतिलैया व्यापारिक क्षेत्र है और यहां जिला परिषद की जमीन पर सालों से मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण को लेकर पहलकदमी चल रही थी। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य शुरू हो रहा है। यह जिला परिषद की बेहतर सोच है, जिससे स्थानीय लोग लाभान्वित होंगे। जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि व्यवसायिक क्षेत्र के लिए जिला परिषद की यह महत्वपूर्ण योजना है। शहरी क्षेत्र में जिला परिषद की जमीन पर मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण में कई तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लेकिन आखिरकार मेहनत रंग लाई। मौके पर जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, महेंद्र यादव, शांति प्रिया,लक्ष्मण यादव, नीतू कुमारी, केदार नाथ यादव, राजकुमार यादव, देवनारायण यादव, जेई हेमन्त कुमार, थाना प्रभारी विनय कुमार, लिपिक राकेश रौशन, लक्ष्मण यादव, संजय पासवान, टिंकू हक, सुबोध यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## पुलिस ने नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया

**बच्चों के संग रैली निकालकर नशा से दूर रहने के लिए लोगों से की गयी अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक के नेतृत्व में बड़कागांव थाना के बैनर तले नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान की शुरुआत बड़कागांव पश्चिम पंचायत भवन से आरंभ कर मुख्य चौक होते डेली मार्केट, काली मंदिर, गुरू चट्टी जीडीएम होते हुए बड़कागांव थाना तक प्रभात फेरी कर लोगों को जागरूक किया गया। जहां बच्चों द्वारा विभिन्न बैनर पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, तकरीमुलाह खान, जीप सदस्य प्रतिनिधि मो इब्राहिम, समाजसेवी, आंगनबाड़ी सेविकाएं सहित



स्कूली बच्चे उपस्थित प्रभात फेरी कर लोगों को जागरुक कर रहे थे। जागरूकता अभियान में लोगों ने नारा दिया नशा लोगों को नाश करता है। इस अवसर पर बीडीओ जितेंद्र मंडल ने कहा कि अभी छोटे-छोटे बच्चे नशा के दलदल में डूबते जा रहे हैं। जिससे बचने के लिए अभिभावक, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, पुलिस प्रशासन, प्रखंड प्रशासन ने प्रत्येक पंचायत में नशा मुक्ति अभियान चलने की आवश्यकता है। ताकि हर एक व्यक्ति को पता होना चाहिए कि नशा व्यक्ति को नाश, करता है। उनका जीवन को अंधकार मय कर देता है। इंस्पेक्टर अनिल सिंह ने कहा कि मादक पदार्थ बेचने खरीदने व सेवन करने वालों के बारे में पुलिस प्रशासन को सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा। खरीद बिक्री करते सेवन करते व्यक्ति के बारे में आवश्यक सूचना दें। ताकि छोटे बच्चे नशे के दलदल में फंस नहीं जाये। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि मादक पदार्थ जैसे गांजा, चरस, कोकीन, शराब, गुटका, गम, जैसे घातक पदार्थ का सेवन कर छोटे-छोटे बच्चे इसके शिकार हो रहे हैं। अभिभावक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवियों से आग्रह किया गया है कि इस अभियान में भाग लेकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें। मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार और तकरीमुल्लाह खान ने सभी ग्रामीणों से आगरा करते हुए कहा कि अगर आपके आस पड़ोस में आपका बेटा या आपके बगल का कोई भी व्यक्ति नशा से संबंधित कोई पदार्थ भेजता हुआ या सेवन करता हुआ दिखे तो उसे अपने स्तर से समझाने का प्रयास करें नहीं समझे तो पकड़ कर पुलिस को सौंप दे तभी उसका जीवन बच सकता है। जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से बीडीओ जितेंद्र मंडल अंचलाधिकारी मनोज कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी नेमधारी रजक, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, मुखिया तकरीमुल्लाह खान, पंसस इरफान अंसारी, सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सोनू इराकी, बड़कागांव थाना के पुलिस के जवान सहित मॉडर्न हाई स्कूल के सैकड़ों बच्चे और बच्चियों शामिल थे।

संवाददाता की आवश्यकता
आजाद सिपाही को बरही में संवाददाता की आवश्यकता है
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करे
नंबर. 9431112555, 9386849203

## सड़क दुर्घटना में महिला घायल

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग रोड स्थित एक्सिस बैंक के पास सुबह लगभग 8:00 बजे बड़कागांव से हजारीबाग की ओर जा रहे मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर जेएच02 0587 जिसमें एक युवक सवार था। अस्पताल में इलाज करने आए महिला रोड क्रॉस कर रही थी कि तेज रफ्तार से उसे टक्कर मार दिया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बाइक चालक इतना तेज में था की महिला को टक्कर मार 15 से 20 फीट आगे जाकर बाइक सवार गिरा। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से चोटिल महिला और बाइक चालक को बड़कागांव समुदाय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसका हाथ टूटा और कई जगह पर गंभीर छोट को देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। उक्त महिला की पहचान नजमा खातून पति मुशन मियां पगार केरेडारी के रूप में किया गया है।

## दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर का आयोजन



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मंगलवार को प्रखंड संसाधन केंद्र में दिव्यांगता प्रमाण पत्र और यूडीआइडी कार्ड निर्माण हेतु शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ ओम प्रकाश बड़ाईक, डॉक्टर मनोज कुमार, रत्ना कुमारी, राजीव रंजन, सब्बी परवीन, मनोज कुमार, सुनील कुमार, प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक कुमार उपाध्याय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में स्कूली और साक्षरता विभाग 5 वर्ष से 18 आयु वर्ग के दिव्यांगता प्रमाण पत्र और यूडीआइडी कार्ड निर्माण किया गया जिसमें रजिस्ट्रेशन 74, मानसिक रोग 17, गूंगा बहरा 9,रेफर 26, दिव्यांगता सर्टिफिकेट 7 बना, जिसमें आंख का 4, हड्डी का 3 बना एवं यू डी आई डी कार्ड 12 बना। मौके पर फील्ड मैनेजर तपेश्वर राणा, आर टी बजरंगी सिंह, सुजीत कुमार, बीआरपी मोहम्मद शहजाद आलम, बीरेंद्र कुमार, सी आर पी संतोष कुमार, राजेंद्र प्रसाद, ऑपरेटर अविनाश कुमार, कारण कुमार अनुसेवक विनोद कुमार, जवाहर प्रसाद अकेला और दर्जनों बच्चे और गार्जियन उपस्थित थे।

## पीसीसी सड़क निर्माण में ग्रामीणों ने लगाया अनियमितता का आरोप



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के परसाबाद, भाया तिलोकरी, खरियोडीह, घुरमुंडा तक ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल कोडरमा की ओर से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करोड़ों की लागत से निर्माण कराया जा रहे सड़क में ग्रामीणों ने खरियोडीह के समीप निर्माण हो रहा पीसीसी सड़क में अनियमितता का आरोप लगाया है। उक्त सड़क लगभग 6 करोड़ रुपए की लागत से परसाबाद से तिलोकरी भाया घुरमुंडा खरियोडीह तक पथ निर्माण कार्य लगभग 6.595 किलोमीटर का किया जाना है। ग्रामीणों ने उक्त सड़क में संवेदक के द्वारा घोर अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। खारियोडीह पंचायत के वार्ड सदस्य राजेंद्र ठाकुर, राजू पंडित, मनोज राणा, केसिया देवी, भैरु साव, रितलाल पंडित, राजेंद्र पंडित आदि ने बताया कि संवेदक द्वारा खरियोडीह गांव में निर्माण पीसीसी सड़क में कम मात्रा में सीमेंट व गिट्टी से ढलाई कर दिया जा रहा हैं। कभी भी सड़क ध्वस्त हो सकता है। संवेदक द्वारा सड़क के निर्माण जैसे तैसे कर सरकार की राशि को बंदर बांट किया जा रहा है। ग्रामीण यह भी बताया कि सड़क का घटिया निर्माण होने के कारण ग्रामीणों ने इसका विरोध कर नाराजगी जाताया है। संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर पीसीसी सड़क की ढलाई किया जा रहा है। ढलाई में प्राक्कलन के मुताबिक कोई सामग्री उपयोग नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से शीघ्र सड़क के जांच पड़ताल कर संवेदक तथा विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## उपायुक्त ने मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय का किया निरीक्षण

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद् झुमरी तिलैया स्थित नवनिर्मित मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय का निरीक्षण उपायुक्त ऋतुराज ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया और पुस्तकालय में प्रस्तावित सुविधाओं की व्यवस्था की जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुस्तकालय के संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने एक माह के भीतर सभी कार्य पूर्ण कर पुस्तकालय को आमजन के लिए खोलने की दिशा में ठोस पहल करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम, अंचलाधिकारी कोडरमा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नि:शुल्क सहायता उपकरण वितरण शिविर का आयोजन




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा पिछले 02 मार्च 2025 को हजारीबाग के नगर भवन सभागार में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय और भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम ( एलिम्को) के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की एपिड योजना के अंतर्गत आयोजित नि:शुल्क दिव्यांग जांच शिविर के चयनित लाभुकों के लिए मंगलवार को पुन: नि:शुल्क सहायता उपकरण वितरण शिविर का आयोजन कर उन्हें सहायक उपकरण भेंट किया गया। चयनित दो लाभुकों को 02 मोटराइज्ड ट्राई साईकिल, 09 व्हील चेयर सहित वॉकर, स्टिक, हियरिंग मशीन, नी ब्रेस, व्हील कमोड, एलएस बैट सहित कई सहायक उपकरण जरूरतमंद दिव्यागजनों के बीच वितरण किया गया। मौसम खराब होने की वजह से चयनित अनेक लाभुक कैंप पहुंच नहीं सके उन्हें सांसद सेवा कार्यालय में बुलाकर सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा ।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 28.6 °C | 15.0 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.06 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.05 बजे |



# दो केंद्रीय मंत्री और राज्य के वित्त मंत्री ने राज्यपाल से की मुलाकात







आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को दो केंद्रीय मंत्रियों और राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अलग-अलग मुलाकात की। सबसे पहले केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल से मुलाकात की। राजभवन की ओर से इसे शिष्टाचार भेंट बताया गया। इसके बाद केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी राज्यपाल से मिले। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। इसके बाद झारखंड के वित्त, वाणिज्य कर, योजना एवं विकास और संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भी राज्यपाल से भेंट की। इस मौके पर उन्होंने राज्यपाल को वित्त विभाग, झारखंड सरकार द्वारा प्रकाशित मेमोरेंडम ऑफ 16वीं फाइनेंस कमिशन की प्रति भेंट की।

## डॉ सोनाझारिया मिंज से मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की मुलाकात, आदिवासी मुद्दों पर हुई चर्चा




**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ सोनाझारिया मिंज से कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से उनके आवास पर मुलाकात के दौरान आदिवासी मुद्दों पर लंबी चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि डॉ सोनाझारिया मिंज की नियुक्ति झारखंड वासियों के साथ-साथ आदिवासी समाज के लिए भी गौरव की बात है। उन्होंने डॉ मिंज की व्यवहार कुशलता और सामाजिक ज्ञान की सराहना की। डॉ सोनाझारिया मिंज की नयी भूमिका से आदिवासी भाषा, संस्कृति और विरासत को मजबूती मिलने की उम्मीद है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर झारखंड की आदिवासी विरासत के साथ वर्तमान चुनौतियों को रखने में अब मदद मिलेगी।

# 66 इंस्पेक्टर को डीएसपी में प्रोन्नति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत 66 पुलिसकर्मियों को डीएसपी के पद पर प्रोन्नति देने का निर्णय हुआ है। मंगलवार को जेपीएससी कार्यालय में प्रोन्नति से संबंधित बैठक हुई। बैठक में 66 पुलिसकर्मियों को प्रोन्नति देने का निर्णय हुआ। इसकी अधिसूचना जल्द जारी की जायेगी। प्रोन्नति के मामले में मंगलवार को गृह सचिव को सशरीर उपस्थित होने का कोर्ट ने आदेश दिया था।

इसके पहले आनन-फानन में बैठक कर प्रोन्नति का मामला निपटाया गया। अब इस मामले में अगली सुनवाई 24 जून को होगी। उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए गृह विभाग के आदेश जिसमें कहा गया था कि इंस्पेक्टर को फीडर कैडर माना जायेगा इसे निरस्त कर दिया गया है।




डीएवी पब्लिक स्कूल
बभने, चतरा-गया रोड, चतरा (झारखंड)
☎ 06541-299917

निविदा सूचना
बस की आवश्यकता
52 सीटर -1, 42 सीटर -3 एवं 36 सीटर -1

- विज्ञापन प्रकाशन के दिन से एक सप्ताह तक (25 जून) विद्यालय कार्यालय में कार्य अवधि पूर्वाह्न 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक लिफाफा बंद निविदा ली जाएगी।
- निविदा लेने के तय सीमा के दूसरे दिन (26 जून) को निविदा खोली जाएगी जिसमें निविदाकर्ता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थित रहना अनिवार्य है।
- भारत सरकार द्वारा तय मानक के अनुसार बस मालिक को सभी अहर्ता पूरी करनी होगी एवं भारत सरकार के गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने की जिम्मेवारी होगी।
- निविदा प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात किसी प्रकार की सुनवाई या विचार नहीं किया जाएगा।
- एग्रीमेंट की अवधि 11 महीने की होगी।
- बस का संचालन विद्यालय प्रबंधन के अनुसार निर्धारित किया जाएगा।
- बस का उपयोग स्कूल के बच्चों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा निर्धारित गंतव्य स्थान तक लाने पहुंचाने एवं स्कूल कार्यों में किया जाएगा।
- अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताए निविदा रद्द करने या स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
- अधिक जानकारी के लिए विद्यालय के कार्यालय में कार्य अवधि में सम्पर्क करें।

ह0/-
ए.के. चौबे
प्राचार्य










कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची

पारिस्थितिक संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाए विषय पर कार्यशाला सह संगोष्ठी

दिनांकः-19.06.2025 से 20.06.2025
उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि
श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की

अध्यक्षता
राजीव रंजन प्रसाद
अध्यक्ष, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची

गरिमामयी उपस्थिति
राजू गिरी
उपाध्यक्ष, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची

विशिष्ट अतिथि
अबुबकर सिददीक पी०, सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार
श्रीमती किरण पासी, निदेशक पशुपालन, झारखण्ड रांची

व्याख्यान हेतु मुख्य वक्ताओं की सूची
श्री सुनील मानसिंहका, डॉ० वल्लभभाई कथीरिया, डॉ० सत्यप्रकाश वर्मा, श्री देवाराम पुरोहित, श्री मनोज कुमार, ई० गौरव गुप्ता, श्री मदन कुशवाहा, श्री सिद्धार्थ जायसवाल, श्री अजय भरतिया, डॉ० सुदर्शन विश्वास, श्रीमती किरण पासी, डॉ० आर० के० पुंडीर, डॉ० अखिलेश पाण्डेय एवं डॉ० एस० के० मित्तल

स्थान : पशुपालन भवन सभागार, हेसाग हटिया, रांची

P.R. 355100 (Animal Husbandry) 25-26

निवेदक
सचिव, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची

# लायंस क्लब ऑफ चतरा यूनाइटेड के अध्यक्ष को मिला दो और अवार्ड

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** लायनेस्टीक ईयर 2023-24 में समर्पित रहकर अच्छे कार्य करने के लिए लायंस क्लब ऑफ चतरा यूनाइटेड के अध्यक्ष डॉ हर्ष देव गुप्ता को आउटस्टैंडिंग अध्यक्ष अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही लायंस क्लब आफ चतरा यूनाइटेड को उनकी अच्छी समाजसेवा और जनोपयोगी कार्य करने के लिए और क्लब को सरवाइव बनाये रखने के लिए भी अवार्ड दिया गया। लाइंस क्लब के पूर्व तत्कालिक जिला पाल कमल जैन द्वारा यह दोनों अवार्ड चतरा आकर स्वयं प्रदान किया गया, और क्लब के कार्यों कि सराहना की गयी। दो-दो अवार्ड मिलने से लायंस क्लब ऑफ चतरा यूनाइटेड के सभी सदस्यों में हर्ष व्याप्त है।

## कटिया में धुमधाम से की गयी मंडा पूजा



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू के ग्राम पंचायत कटिया बस्ती में मंडा पूजा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा के विधायक रोशन लाल चौधरी विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, जिप सदस्य राजा राम प्रजापति उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काट कर किया। इन अवसर पर विधायक ग्राम वासियों को मंडा पर्व पर शुभकामनाएं दी। मौके पर मुखिया किशोर महतो, भाजपा युवा मोर्चा कार्य समिति सदस्य कोडरमा जिला प्रभारी पंकज गुप्ता, भुवनेश्वर महतो, धनराज महतो, नंद किशोर महतो, कोलेश्वर महतो, निक्की कुमार, अजय कुमार, राजेश महतो, योगेश्वर महतो, बाल किशुन महतो, लोधा महतो, मिश्री महतो, सुखन महतो, सुजीत कुमार, पटेल वारिस खान आदि उपस्थित थे।

## गुरुद्वारा साहिब में गुरमत कैंप का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब में सोमवार को गुरमत कैंप का आयोजन किया गया। बड़ू साहब हिमाचल प्रदेश से आए धर्म प्रचारक द्वारा रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में बच्चों के बीच में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवायी। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से बच्चों को परिणाम की घोषणा करवायी गयी और रात में विशेष दीवान सजाया गया। जिसमें बाडू साहब के बच्चों द्वारा कीर्तन किया गया और प्रतियोगिता में भाग लिये गये बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही, गुरुद्वारा साहिब में मंगलवार की सुबह में दीवान सजाया गया। यहां रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से बाडू साहिब के सदस्यों को सरोपा देकर सम्मानित किया गया। बाडू साहिब के सदस्यों ने भी रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, महासचिव हरदीप सिंह होरा, जगजीत सिंह सोनी, सह सचिव कुलवंत सिंह मारवाह, रघुबीर सिंह छाबड़ा को सरोपा और उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनपाल सिंह, प्रीतम सिंह, नरेंद्र होरा, राजू होरा, दविंदर सिंह होरा, प्रीतपाल सिंह, पप्पू जस्सल, राजू जस्सल, पिंटू छाबड़ा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, तेजिंदर सिंह, राजू कालरा, बबलू छाबड़ा, मनबीर सोनी, सतनाम कौर, पम्मी कौर, पिंकी कौर, महेंद्र कौर, विमला कौर, जसप्रीत कौर, नीलम अरोड़ा आदि शामिल उपस्थित थे।

## बोंगावार में भारत संकल्प यात्रा पर चौपाल

**कुजू (आजाद सिपाही)।** पीएम नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत बोंगावार में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शक्ति केंद्र के संयोजक त्रिभुवन कुशवाहा, संचालन सुरेश करमाली और धन्यवाद ज्ञापन गोविंद करमाली ने की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने पीएम के जनहित में किए गए विकास कार्यों के बारे में अवगत कराया। साथ ही, विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर गोविंद करमाली, विशाल करमाली, दिलीप करमाली, सुरेंद्र करमाली, संतोष करमाली, धनेश्वर करमाली, सागर करमाली, सुनील करमाली, राजेश करमाली, अर्जुन करमाली, अमित करमाली, नकुल करमाली समेत कई लोग शामिल रहे।

## आदिम जनजाति समूह के लोगों के बीच शिविर का आयोजन



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कुंदा पंचायत के धरतीमाडर गांव में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय धरतीमाडर में सरकार द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में आदिम जनजाति समूह के लोगों को शत प्रतिशत सरकार द्वारा संचालित विकास से संबंधित योजना से अच्छादित करने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 17 राशन कार्ड, 2 आधार कार्ड, 40 आयुष्मान कार्ड, 30 जाति प्रमाण पत्र, 35 आवासीय प्रमाण पत्र, 11मनरेगा, 2 किसान क्रेडिट कार्ड बनाया गया। शिविर में बाल विकास परियोजना, पेयजल और स्वच्छता विभाग, वन विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, बैंक और कृषि विभाग, के अलावा कई विभाग के कर्मी अनुपस्थित थे। आदिम जनजाति परिवारों के बीच लगाये गये शिविर में अनुपस्थित विभाग के स्टॉल खाली रहने से इनका काम अधूरा ही रह गया। शिविर में प्रखंड और अंचल कार्यालय के कर्मी मौजूद थे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत सिन्हा, अंचल अधिकारी दीपक कुमार मिश्रा, बीपीओ राकेश कुमार सिंह, कुंदा पंचायत सचिव राजुरंजन वर्मा, रोजगार सेवक मुसाफिर यादव, मनरेगा ऑपरेटर मुकेश कुमार, मुकेश शर्मा, कमलेश यादव के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## वज्रपात की चपेट में आने से एक की मौत, एक घायल

**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सोनबरसा गांव में मंगलवार को वज्रपात की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। मृतक 56 वर्षीय देव लाल यादव और घायल महिला होरील यादव की 60 वर्षीय पत्नी बुधिया देवी है। दोनों गांव के अन्य चरवाहों के साथ जिरहिया आहर में जानवर चरा रहे थे। इसी दौरान तेज बारिश होने लगा। अन्य चरवाहे भाग कर अपने घर चले गये। देव लाल यादव और बुधिया देवी एक पेड़ के नीचे बारिश से बचने के लिए खड़े हो गये। इसी दौरान पेड़ पर वज्रपात होने से मौके पर ही देव लाल यादव की मौत हो गयी। जबकि बुधिया देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और घायल महिला बुधिया देवी को इलाज के लिए हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया । इस घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है।

### 50000 से अधिक लोगों को फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिला चुके डीसी

# रामगढ़ में तैयार करेंगे वॉलिंटियर

**2000 से अधिक मास्टर ट्रेनर की सूची हो रही तैयार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** आप ऑफिस में काम कर रहे हो या रेस्टोरेंट में परिवार के साथ एंजॉय कर रहे हो। आपकी सांस कहीं भी बंद हो सकती है। हादसे ना तो बता कर आते हैं और ना ही मौत का कोई समय तय है। लेकिन हादसों के बाद अगर तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध हो जाए, तो जिंदगी बचाई जा सकती है। ऐसे लाखों मामले सामने आये हैं, जहां प्राथमिक चिकित्सा के आभाव में इंसान की जान चली गयी। रामगढ़ डीसी फैज अहमद मुमताज इंसानी जिंदगी को बचाने के लिए पिछले कई वर्षों से अभियान चला रहे हैं। उनका मानना है कि फर्स्ट एड बेहद जरूरी है। यह ना तो सिर्फ अस्पताल के लिए है और ना ही किसी पढ़े लिखे इंसान के लिए। हमारे समाज के हर वर्ग में ऐसा वालंटियर्स टीम होना चाहिए जो फर्स्ट एड उपलब्ध करा सके।

**50000 से अधिक लोगों को दिला चुके हैं प्रशिक्षण :** डीसी फैज अक अहमद मुमताज की जिस विभाग और जिले में पदस्थापना हुई वे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को करते आए हैं। उन्होंने 50000 से अधिक पुरुषों और महिलाओं को प्रशिक्षित कराया है। इनमें रेस्टोरेंट और बार के कर्मचारी, किसान, एक्साइज डिपार्टमेंट के कर्मचारी, बागवानी से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण दिलाया है। 15 वर्ष से 65 वर्ष के बीच के लोगों को बतौर फर्स्ट एड वॉलिंटियर के रूप में तैयार कर चुके हैं।

**रामगढ़ में 2000 से अधिक मास्टर ट्रेनर की बन रही सूची :** रामगढ़ डीसी के रूप में पदस्थापित होने के बाद फैज अक अहमद मुमताज ने भी इस अभियान को अमली जामा पहनाने के लिए पहल शुरू कर दिया है। उन्होंने पूरे जिले से वैसे लोगों की सूची मंगाई जो फर्स्ट एड का प्रशिक्षण लेने के लिए इच्छुक हैं। 15 से 65 वर्ष के बीच के लोगों की सूची तैयार की जा रही है। अभी तक 2000 से अधिक लोग इस सूची में शामिल हो चुके हैं। एक हफ्ते तक इन्हें प्रशिक्षण दिया जायेगा। पूरा प्रशिक्षण लेने के बाद वे गांव-गांव तक जाकर वॉलिंटियर्स टीम तैयार करेंगे।

**सीपीआर से बंद हुई सांस हो सकती है शुरू: फैज**

डीसी फैज अहमद मुमताज ने बताया कि सीपीआर एक ऐसा तकनीक है जो इंसान की बंद हुई सांस को दोबारा शुरू कर सकता है। इस विधि को जानना बेहद जरूरी है। आज हार्ट अटैक और बेहोश होने की शिकायत लगभग हर जगह से आने लगी है। रेस्टोरेंट और बार में काम कर रहा वेटर, खेत में काम कर रहा किसान, ऑफिस में काम कर रहे साथी, खेल के मैदान में साथ दौड़ रहे खिलाड़ी अगर तत्काल सीपीआर दे सकें तो कई लोगों की जान बच सकती है।

### पति-पत्नी के विवाद में पति गया जेल

# पत्नी पर पेट्रोल छिड़क कर जान से मारने का किया प्रयास

**अंचल कार्यालय परिसर की है घटना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मांडू।** मांडू अंचल कार्यालय में कार्यरत अनुसेवक सरस्वती देवी के पति ने आपसी विवाद में मंगलवार को अंचल कार्यालय के बाहर पत्नी और खुद पर पेट्रोल तेल छिड़कर आग लगाने का प्रयास किया। लेकिन मौजूद अंचल कर्मियों ने समय रहते पति पत्नी को जलने से बचा लिय। जिसके बाद अंचल कर्मियों ने मांडू पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों को थाना ले गयी। बताया जाता है कि अनुसेवक सरस्वती देवी का पति के साथ अक्सर विवाद होता रहता है। जिसके कारण वह अपने पति से अलग रहने लगी थी। जिससे नाराज होकर पति ने मंगलवार को अंचल कार्यालय पहुंचकर पत्नी व खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का प्रयास किया। लेकिन अंचल में मौजूद लोगों की तत्परता से बड़ी घटना होने से बचा लिया। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि सरस्वती बिरहोर के पति विशेश्वर बिरहोर मंगलवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे अंचल कार्यालय पहुंचकर अपनी पत्नी से लड़ाई करने लगा। इस दौरान अपने साथ लाए पेट्रोल के डब्बे का ढकन खोलकर पत्नी और खुद पर तेल छिड़कने लगा, जैसे ही माचीस की तीली जलाने का प्रयास किया तो वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया। मौजूद लोगों ने विशेश्वर बिरहोर को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विशेश्वर बिरहोर को पकड़ कर थाना ले आई। बाद मे पत्नी के आवेदन पर मामला दर्ज कर आरोपी पति को मंगलवार को जेल भेज दिया है। साथ ही पुलिस ने महिला को सीएचसी मांडू में इलाज कराया। अंचल में कार्यरत लोगो ने बताया कि महिला के साथ उसके पति अक्सर यहा आकर विवाद करते रहते थे। वहीं मांडू पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी है।

## सुरक्षा जवान भर्ती कैंप का आयोजन

प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को सुरक्षा जवान भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्किल इंडिया के तत्वावधान में किया गया था। इस दौरान शिविर में प्रखंड के कई बेरोजगार युवक और युवतियों ने अपना आवेदन किया। वहीं जीएसएफ भर्ती अधिकारी राजेंद्र तिवारी ने बताया की सरकार का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवक और युवतियों को रोजगार से जोड़ना है। स्किल इंडिया को आगे बढ़ाना है। उन्होंने बताया की अभी जो भी उम्मीदवार अपना आवेदन किये है उन्हे तीन माह के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसके बाद उन्हें ड्यूटी भी दी जायेगी। इसमें दो तरह का पद के लिए आवेदन किया जा रहा है। पहला सुरक्षा जवान और सुपरवाइजर पद के लिए। इस मौके पर दर्जनों युवक और युवतियों ने अपना आवेदन दिया है। वहीं उन्होंने बताया की यह भर्ती शिविर सभी प्रखंड कार्यालय में आयोजित किया जा रहा है।

## सांसद ने झारखंड ऊर्जा निगम के अधिकारियों से की मुलाकात, बिजली संकट को लेकर सौंपा ज्ञापन



**टंडवा/चतरा(आजाद सिपाही)।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने मंगलवार को रांची स्थित झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड कार्यालय में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अविनाश कुमार से मुलाकात की, और क्षेत्र में जारी भीषण विद्युत संकट को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान सांसद ने एक लिखित पत्र सौंपते हुए चतरा लोकसभा की बिजली व्यवस्था में व्याप्त गंभीर समस्याओं को तत्काल दूर करने की मांग की। सांसद श्री सिंह ने बताया कि पूरे चतरा लोकसभा क्षेत्र में बिजली की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 4-5 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, वह भी बहुत ही कम वोल्टेज पर, जिससे किसानों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है और आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में 200, 100, 63 और 25 ङश्अ क्षमता के ट्रांसफॉर्मर खराब पड़े हैं, जिससे कई गांवों में पूरी तरह अंधकार पसरा हुआ है। इन ट्रांसफॉर्मरों को अविलंब बदले जाने की आवश्यकता है, ताकि लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। सांसद ने विशेष रूप से लावालौंग प्रखंड की स्थिति पर चिंता जताते हुए बताया कि वहां की सभी आठ पंचायतें अब भी अंधेरे में डूबी हुई हैं। इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े समाज के लोग निवास करते हैं। ऐसे में वहां प्राथमिकता के आधार पर बिजली उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। सांसद श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों से आग्रह किया कि वे इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्ययोजना तैयार कर लोकसभा में बिजली व्यवस्था को बेहतर बनायें।

## जन शिक्षण संस्थान का ब्यूटीशियन प्रशिक्षण शुभारंभ



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय में स्वयंसेवी संस्था जन शिक्षण संस्थान, रामगढ़ के तत्वावधान में ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य मुख्य अतिथि कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला के वरिष्ठ पत्रकार अमित कुमार सिन्हा शामिल रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर बतौर मुख्य अतिथि कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि युवतियां ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने हाथों को आर्थिक मजबूत बनायें। यह प्रशिक्षण युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ साथ कुशल कौशल प्रदान करता है। जिससे कभी भी अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं या नौकरी पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई से वंचित रह चुकी युवतियां ऐसे प्रशिक्षण में आगे बढ़कर अपने हाथों को मजबूत करें। वहीं, विशिष्ट अतिथि पत्रकार अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि आज के समय मे महिलाएं स्वावलंबी बनकर हर क्षेत्र में पुरुष से एक कदम आगे हैं। जन शिक्षण संस्थान द्वारा युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की मुहिम कार्य के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे निदेशक आकाश शाह ने महिलाओं को संस्थान से मिलने वाले सुविधाओं से अवगत कराया। कहा कि प्रशिक्षण में 20 युवतियों को ब्यूटीशियन कोर्स का लाभ मिलेगा। जबकि कार्यक्रम का संचालन कर रही प्रशिक्षक शहनाज खातून ने कहा कि हमारा प्रयास क्षेत्र की बेरोजगार युवतियों को प्रशिक्षण दिलाकर आत्मनिर्भर बनाना है। मौके पर संस्थान के इंचार्ज रोहित शाह, रवि प्रकाश, फील्ड कोऑर्डिनेटर द्विवेश कुमार, समाजसेवी उमेश सिंह, प्रशिक्षिका शहनाज खातून, गुड़िया कुमारी, सीमा देवी, वर्षा सिंह, सुनीता देवी, रिया कुमारी, अलका देवी, नीतू देवी समेत कई लोग शामिल रहे।

# शिविर में 118 लोगों ने किया रक्तदान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच और चेतना शाखा के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को शहर में चट्टी बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित रक्तदान शिविर में 118 लोगों ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी कर्तव्य निष्ठा को जाहिर किया। सदर ब्लड बैंक की डॉ रेणु, डॉ स्वेच्छा, लैब टेक्नीशियन उपेंद्र कुमार, अजीत, रवि और उनकी टीम के साथ मिलकर किया। इस मौके पर रक्तदान करने आये लोगों को दान प्रक्रिया और इसके कई लाभों के बारे में जानकारी दी गयी।

**महान कार्यों में एक है रक्तदान: राहुल अग्रवाल:** रक्त दान शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन राहुल अग्रवाल, वंश पोद्दार, सुमन चौधरी और नेहा अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है। प्रत्येक यूनिट खून में दुर्घटना पीड़ितों, शल्य चिकित्सा रोगियों और जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे लोगों सहित जरूरतमंद लोगों की मदद करने की क्षमता होती है। मारवाड़ी युवा मंच के प्रयासों की सराहना करते हुए सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ मृत्युंजय सिंह और सदर ब्लड बैंक की डॉ रेणु ने कहा कि एक ही दिन में 118 यूनिट खून प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि है। इस शिविर से रामगढ़ के अन्य लोग भी प्रेरणा लेंगे और सहयोग में पहल करेंगे। मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा के प्रोजेक्ट चेयरमैन राहुल अग्रवाल और वंशज पोद्दार, सुमन चौधरी, नेहा अग्रवाल, धीरज बंसल, श्रींजय मेवाड़, डॉ नीति बेरलिया, लवली अग्रवाल, नेहा पूरण अग्रवाल, एकता अग्रवाल, निशा अग्रवाल, स्नेहा जैन, आशीष अग्रवाल, अमित अग्रवाल, निलिंद अग्रवाल, डॉ राहुल बेरलिया, आशुतोष बेरलिया, संतोष गोकुलका, प्रदीप अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, आयुष बजाज, आशीष जैन, राकेश अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, हिमांशु बजाज, निखिल अग्रवाल, नीतेश बेरलिया आदि उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में एनीमिया-टी 4 एप और सिकल सेल पर चर्चा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बीडीओ कक्ष में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी जयंत लकड़ा की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजकुमार चौधरी, सीओ सुदीप कुमार एक्का, नीरज कुमार सिंह क्षेत्रीय प्रतिनिधि, बीपीएम जयप्रकाश राम, बीडीएम मो अकमल अंसारी आदि उपस्थित थे। इस दौरान अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम 16 से 21 जून 2025 और सिकल सेल कार्यक्रम 15 से 30 जून 2025 तक मनाये जाने के संबंध में सभी सरकारी विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्रों को निर्देशित किया गया। शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया कि विद्यालयों में आयरन की दवा की उपलब्धता हो तथा बच्चों की इसकी अनुपूरण करवाना सुनिश्चित करेंगे। कैंप वार हिमोग्लोबिन और सिकल सेल की जांच पर भी चर्चा की गयी।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को लेकर शिविर का आयोजन




**लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लावालौंग पंचायत सचिवालय के सभागार में और मधंनिया के पंचायत भवन में मंगलवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया नेमन भारती और पंचायत सचिव सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विनय चौधरी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुखिया और रोजगार सेवक ने ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी समुदाय और अन्य लोगों को भी सरकारी योजनाओं से जोड़ना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। इस मौके पर वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन जैसी कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन लिया गया और लाभुकों को उनका लाभ शीघ्र दिलाने का आश्वासन भी दिया गया। साथ ही बैंकिंग सेवाओं एवं जीवन बीमा योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने का भी प्रयास किया गया। शिविर में मौजूद जनप्रतिनिधियों और कर्मियों ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे जागरूक बनें और अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ लें। इस अवसर पर पंचायत मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक रोहित कुमार, मनरेगा ऑपरेटर, शुभम कुमार, संदीप कुमार, बीटीसी विमला देवी, आंगनबाड़ी सेविकाएं, जेएसएलपीएस के पशु सखी अनीता देवी, नवजीवन सखी प्रतिमा देवी, रूबी देवी, कंचन कुमारी, बिंदु कुमारी उपमुखिया पति मुकेश यादव, भोला यादव, स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत खटाल के पास बोलेरो और मोटरसाइकिल में सीधी भिड़ंत में मोटरसाइकिल सवार रोहन करमाली की घटना स्थल पर मौत हो गयी। वहीं आदर्श उरांव को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू लाया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा इलाज की जा रही है दोनों रंका चौक भदानी नगर ओपी निवासी के रूप पहचान हुई है। बताया जाता है कि भिड़ंत इस तरह थी की मोटरसाइकिल की पर खच्चे उड़ गयी। घटना के जानकारी मिलने के बाद पतरातू पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

ई-निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-वाईआरडी-एलओएम-22-25, दिनांक 16.06.2025; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे दिनांक 09.07.2025 को अपराह्न 4.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोला जाएगा। **कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम:** लोधमा स्टेशन में यार्ड लाइटिंग का सुधार। **निविदा लागत:** रु. 12,25,687.56; **ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 24,500; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 09.07.2025 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: https://www.ireps.gov.in/** निविदा का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (PR-283)

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 18949 दिनांक 17.06.2025 के अनुसार, मैं, सरिता देवी पति- अशोक कुमार प्रजापति, ग्राम- नाथपुर पो० सरांगो थाना- घाघरा जिला- गुमला, झारखण्ड, एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करती हूँ- 1. यह कि उपर लिखा गया नाम वो पता मेरा है जो सही है।
2. यह कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या- B20252004621000022 में नाम ARPITA KUMARI (अर्पिता कुमारी) एवं जन्म तिथि- 26.01.2015 दर्ज है जो सही है। 3. यह कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड संख्या- 3846 8807 6454 में भुलवश नाम ARPIT एवं जन्म तिथि- 24.01.2015 दर्ज हो गया है जो गलत है। 4. यह कि मेरी पुत्री के उपरोक्त आधार कार्ड में सुधार करते हुए नाम ARPITA KUMARI (अर्पिता कुमारी) एवं जन्म तिथि- 26.01.2015 दर्ज कराने हेतु यह शपथ पत्र सम्पादित कर रही हूँ। 5. यह कि उपरोक्त बातें सत्य एवं सही है।
यह शपथ पत्र आज दिनांक 17.06.2025 ई0 को लोहरदगा में सम्पन्न किया गया।

**कोर्ट नोटीस**

न्यायालय श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय
कोडरमा
**मूल वाद सं0-33/2025**
विमला देवी उर्फ शकुंतला देवी उर्फ राधा देवी ....................वादी
बनाम
बैजन्ती कुमारी उर्फ शकुंतला देवी ..................................प्रतिवादी
**बनाम**
बैजन्ती कुमारी उर्फ शकुंतला देवी
पिता कामेश्वर सिंह, साकिन मोहल्ला - पुराना बस स्टैण्ड, झुमरी तिलैया, थाना - तिलैया, जिला-कोडरमा
बजरिये नोटिस आपकी सूचित किया जाता है कि इस मूल वाद में आपको नजारत एवं निबंधित डाक के माध्यम से सूचित किया गया है, लेकिन आपलोग इस वाद में उपस्थित नहीं हुए।
अतः इस अखबार प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप इस वाद में दिनांक 11.7.25 समय 10:30 बजे पूर्वाहन उपस्थित होकर अपना पक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से रखें अन्यथा उक्त वाद की कार्यवाही आपके अनुपस्थिति में एकपक्षीय सुनवाई की जायेगी। इसे ताकीद जानें।
हस्ताक्षर
प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायलय
कोडरमा ।

## इस सप्ताह के 'कॉफी विद एसडीएम' में योग प्रशिक्षकों के साथ विशेष संवाद

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर एसडीएम संजय कुमार के नियमित संवाद 'कॉफी विद एसडीएम' का इस बार का कार्यक्रम योग को समर्पित रहेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसडीएम के कार्यालय द्वारा योग प्रशिक्षकों एवं योग शिक्षकों के लिए यह विशेष संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बुधवार, 18 जून 2025 को सुबह 11:00 बजे, अनुमंडल कार्यालय, गढ़वा में आयोजित किया जायेगा। यह संवाद सत्र योग से जुड़े प्रशिक्षकों के अनुभवों, विचारों एवं चुनौतियों को सुनने और स्थानीय प्रशासन से सहयोग के नए रास्ते तलाशने का एक सुनहरा अवसर है। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ समाज के निर्माण में योग प्रशिक्षकों की भूमिका को रेखांकित करना और योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए साझा प्रयासों को बढ़ावा देना है। अनुमंडल पदाधिकारी, संजय कुमार ने योग से जुड़े हुए तमाम विद्वतजनों को इस संवाद कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

# झामुमो ने क्षेत्रीय भाषाओं को जेटेट में शामिल करने की वकालत की

### उपायुक्त को सौंपा गया ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) नियमावली-2025 को लेकर गढ़वा जिले में एक बार फिर से भाषाई असंतोष सामने आया है। जिले के प्रमुख स्थानीय भाषाओं–हिंदी, भोजपुरी और मगही–को क्षेत्रीय भाषा के रूप में शामिल नहीं किये जाने से नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के जागरूक युवाओं एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोगो ने उपायुक्त गढ़वा को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें इन भाषाओं को शिक्षक पात्रता परीक्षा की क्षेत्रीय भाषा सूची में जोड़ने की मांग की गयी है।

ज्ञापन में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि गढ़वा जिले में भोजपुरी, मगही और हिंदी न सिर्फ जनमानस की संवाद भाषा है, बल्कि यह सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान से भी जुड़ी हुई हैं। बावजूद इसके, झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा की नई नियमावली में इन भाषाओं को क्षेत्रीय भाषा के तौर पर शामिल नहीं किया गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। ज्ञापन में बताया गया है कि इस गंभीर मुद्दे को पहले भी पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और भवनाथपुर विधायक आनंद प्रताप देव ने संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक मांग पत्र सौंपा था। अब इसी मांग को मजबूती देते हुए युवाओं ने प्रशासन से अपेक्षा की है कि वह शीघ्र प्रभाव से कार्रवाई करें।

ज्ञापन देने वालों ने उपायुक्त से मांग की है कि वे जिला शिक्षा पदाधिकारी/अधीक्षक को स्पष्ट निर्देश दें कि गढ़वा जिले की क्षेत्रीय भाषाओं के रूप में हिंदी, भोजपुरी और मगही को सूचीबद्ध कर प्राथमिक शिक्षा निदेशालय को जल्द से जल्द सुझाव भेजा जाए। यह मांग पूरी होने से न केवल स्थानीय भाषा और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय अभ्यर्थियों को शिक्षक पात्रता परीक्षा में बड़ी सुविधा और अवसर भी मिलेगा। मौके पर झामुमो पक्षकार सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे, हरिओम यादव, अविनास द्विवेदी, सौरभ सिंह, प्रियम सिंह, नवीन तिवारी, आर्यन सिंह, मयंक द्विवेदी, आकाश, रवि ठाकुर, अंकित, शैलेंद्र साह, अंजन सिंह, आनंद, दीपक आदि मौजूद थे।

# राजस्थान कमाने गये अनुप की मौत, परिजनों ने ससुरालवालों पर लगाया हत्या का आरोप

रविकांत चंद्रवंशी

**केतार।** थाना क्षेत्र के चौरा गांव निवासी उमेश चंद्रवंशी का एकलौता पुत्र 26 वर्षीय अनुप चंद्रवंशी पांच जून को राजस्थान भेवाली के एक निजी कंपनी में काम करने अपने साले रविशंकर चंद्रवंशी के साथ गया हुआ था। मृतक अनूप चंद्रवंशी का 15 जून को रात में अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गयी। मृत्यु की खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया। अनुप का शव मंगलवार सुबह नौ बजे पैतृक गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजन चीत्कार मारकर रोने लगे। अनूप इकलौता पुत्र था। परिजन एवं गांव वाले ने हत्या की आशंका जताते हुए हंगामा करने लगे। तभी सूचना पाकर केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी पुलिस बल के साथ मृतक के घर जाकर परिजनों को समझा बुझाकर हंगामा शांत कराया। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई किया जायेगा।

**परिजनों ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप :** अनुप रोजगार की तलाश में राजस्थान गया हुआ था। परंतु इस घटना ने नया मोड़ तब ले लिया, जब मृतक के परिजनों ने उसकी ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि अनुप की मौत सामान्य नहीं है, बल्कि उसे किसी साजिश के तहत मारा गया है। उन्होंने संदेह जताया है कि ससुराल पक्ष के लोगों के साथ अनुप के संबंध ठीक नहीं थे और पहले भी कई बार आपसी विवाद की बातें सामने आ चुकी थीं।

मृतक के पिता उमेश चंद्रवंशी और अन्य परिजनों ने स्थानीय पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है तथा अनुप के ससुराल वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में केतार थाना प्रभारी से परिजनों ने न्याय का गुहार लगाया है।

## राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गढ़वा के मनीष को सिल्वर और विवेक को ब्रांज मेडल मिला



गढ़वा। द्वितीय राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 गढ़वा के मनीष कुमार को सिल्वर मेडल और विवेक कुमार ठाकुर को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ और जामताड़ा जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में 2वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 15 जून 2025 तक जामताड़ा स्टेडियम में किया गया था। इस प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 01 सिल्वर और 01 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। अंडर 16 आयु वर्ग में मनीष कुमार ने गोला फेक स्पर्धा में तथा इसी आयु वर्ग में विवेक कुमार ठाकुर ने ट्रायथलॉन इ में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर जिला का नाम रौशन किया। शुभकामना देने वाले में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी बिजय केशरी मदन केशरी ओमप्रकाश तिवारी, संरक्षक अमृत शुक्ला राकेश पाल अनिता दत्त, रेखा चौबे, एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष अजयकांत आदि अन्य शामिल है।

# झामुमो भाषा के नाम पर कर रहा है राजनीति : रितेश चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने क्षेत्रीय भाषा को लेकर झामुमो पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भाषा विवाद मामले में झामुमो का नाटक जगजाहिर है। झामुमो का सरकार रहते हुए मांग पत्र का खेल शुरू है। इससे यह साबित होता है कि झामुमो के लोग जनता को भ्रमित कर भाषा के नाम पर अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन गढ़वा सहित पूरे झारखंड का युवा झामुमो के राजनीतिक कार्यप्रणाली को समझ रही है। झामुमो सरकार पिछले कार्यकाल में भी भाषा विवाद उत्पन्न किया था। जिसे बाद में भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध के बाद फैसला बदलना पड़ा था। लेकिन फिर से बार-बार पलामू गढ़वा के छात्रों युवाओं के विरुद्ध झामुमो का साजिश स्पष्ट रूप से सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार अपनी राजनीति रोटी सेकने में लगी हुई है। पलामू गढ़वा के युवाओं को रोजगार से वंचित करने का यह कारनामा जनता भलीभांति समझ चुकी है। झामुमो के लोग दिखावे के लिए बार-बार मांग पत्र अपने ही सरकार को भेजते रहते हैं लेकिन छात्रों युवाओं को इनकी सच्चाई समझ में आ गयी है। पलमुआ भाषा को प्राथमिकता हेमंत सरकार ने अबतक नहीं दिया है इससे पलामू गढ़वा के लोग काफी आहत हैं। बार-बार नागपुरी भाषा पलामू गढ़वा के लोगों के ऊपर थोप दिया जाता है। जिस भाषा को स्थानीय लोग जानते ही नहीं वह भाषा आखिर क्यों दिया जाता है। इससे यह साबित हो रहा है कि झामुमो युवाओं के भविष्य के साथ राजनीतिक कर रही है हेमंत सरकार अगर गढ़वा पलामू वासीयों के लिए अगर स्थानीय भाषा लागू नहीं करती है तो भाजपा कार्यकर्ता सड़क से सदन तक आंदोलन करेंगे। मौके पर भाजपा नेता नवीन जायसवाल संजय जायसवाल सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## अनुदान हस्तांतरण को लेकर महासंघ ने कुलपति और कुलसचिव से की मुलाकात

### महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने 24 जून तक कार्रवाई की मांग की, साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर 25 जून से चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी भी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के स्थायी संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के मानदेय भुगतान के लिए राज्य सरकार द्वारा मार्च 2025 में निर्गत की गयी अनुदान राशि अब तक संबंधित महाविद्यालयों को हस्तांतरित नहीं की गयी है। इससे कर्मियों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय को लेकर मंगलवार को संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कुलसचिव से मुलाकात की और 24 जून 2025 तक अनुदान राशि हस्तांतरित करने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय-सीमा तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती है, तो महासंघ 25 जून से चरणबद्ध शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू करेगा, जिसकी संपूर्ण नैतिक जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के नेताओं ने कहा कि झारखंड के अन्य विश्वविद्यालयों ने उक्त अनुदान राशि संबंधित महाविद्यालयों को पहले ही हस्तांतरित कर दी है। ऐसे में नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा हो रही देरी अत्यंत चिंताजनक है, जिससे शिक्षक एवं कर्मचारी अपने परिवार के भरण-पोषण में कठिनाई झेल रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय, महासचिव डॉ बंशीधर सिंह एमके कॉलेज पांकी के राजकमल वर्मा एसपीडी कॉलेज गढ़वा के डॉ हिमांशु भूषण जरूहार, प्रो अखिलेश शुक्ला बीएसएम कॉलेज, भवनाथपुर के, प्रो अफजल बनवारी साहू कॉलेज, लातेहार), डॉ नरेश कुमार पांडेय, अनुपम मिश्रा गोपीनाथ सिंह महिला कॉलेज, गढ़वा के डॉ अरुण सिंह, डॉ मकबूल अहमद और डॉ देवदत राम शामिल थे। कुलपति और कुलसचिव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के भीतर अनुदान राशि संबंधित महाविद्यालयों को हस्तांतरित कर दी जायेगी।

### एसडीएम ने गढ़वा के तीनों ब्लड बैंकों का किया औचक निरीक्षण

# आरोग्यम हॉस्पिटल के ब्लड बैंक की हालत अत्यंत दयनीय मिली, शोकॉज

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** आमजन से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और रक्त की आकस्मिक उपलब्धता की स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने मंगलवार की शाम शहर के तीनों प्रमुख ब्लड बैंकों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण किये गये ब्लड बैंकों में सदर अस्पताल ब्लड बैंक, सरस्वती चिकित्सालय ब्लड बैंक और आरोग्यम हॉस्पिटल ब्लड बैंक शामिल है।

निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल में ब्लड स्टॉक की भारी कमी पायी गयी। यहां सिर्फ दो यूनिट ब्लड ही स्टॉक में मिला। निरीक्षण के दौरान वहां एक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चा भी मिला, जिसे समय पर उस ग्रुप का रक्त नहीं मिल पा रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम द्वारा तत्काल सरस्वती चिकित्सालय के ब्लड बैंक प्रबंधन को नियमानुसार रक्त की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

सरस्वती चिकित्सालय में 45 यूनिट रक्त का स्टॉक उपलब्ध पाया गया, तथापि संबंधित चिकित्सक उपस्थित नहीं पाये गये। इस पर अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया गया कि ब्लड बैंक संचालन से संबद्ध चिकित्सक की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। आरोग्यम हॉस्पिटल में कोई भी ब्लड यूनिट उपलब्ध नहीं थी, इस ब्लड बैंक की हालत अत्यंत दयनीय थी। यहां न कोई स्टाफ, न कोई डॉक्टर मिला बल्कि वहां ताला लगा पाया गया। जिस पर संबंधित प्रबंधन से जवाब तलब किया जा रहा है। एसडीएम संजय कुमार ने ब्लड बैंकों में स्टोरेज व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण, स्टाफ उपस्थिति, साफ-सफाई और नियमों के पालन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंकों की यह जिम्मेदारी है कि किसी भी जरूरतमंद को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जाए, खासकर गंभीर रोगियों के मामलों में। उन्होंने इन सभी अस्पतालों के रक्त कोष प्रबंधन को निर्देशित किया कि ब्लड स्टॉक की नियमित निगरानी की जाये और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

## प्रखंड स्तरीय आम महोत्सव और बागवानी मेला का आयोजन



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के घघरी गांव में प्रखंड स्तरीय आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। उक्त महोत्सव का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख अजय शाह उप प्रमुख अर्जुन पासवान के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर प्रमुख अजय शाह ने कहा कि यह योजना झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना में शामिल है। किसान लोंगो के लिए यह योजना बरादन साबित हो रहा है। इस योजना में सरकार द्वारा मनरेगा के तहत शत प्रतिशत सहायता किया जाता है।

# वज्रपात से महिला की मौत, दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अहमर खास के पंचफेड़ी टोला पर सोमवार की दोपहर एक हृदय विदारक हादसा हो गया। अहमर गांव स्थित 501 चिमनी ईंट भट्ठा पर तेज आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला मजदूर की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतका की पहचान लातेहार थाना क्षेत्र के सोहर गांव निवासी मनकुंअर की 20 वर्षीय पत्नी मंजू देवी के रूप में हुई है। वहीं इस हादसे में मंजू देवी की पांच वर्षीय पुत्री श्रुति कुमारी और उत्तर प्रदेश के चोपन थाना क्षेत्र के चोपन निवासी 20 वर्षीय अजय कुमार घायल हुए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंगलवार की दोपहर मौसम अचानक बदल गया और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गयी। उसी दौरान मजदूरों का एक समूह अहमर 501 चिमनी ईंट भट्ठा के पास गिरे आम चुन रहे थे। आम चुनने के दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में मंजू देवी, उनकी पुत्री और अजय कुमार आ गये।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने तुरंत घायलों को गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मंजू देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अजय कुमार और श्रुति कुमारी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। खबर लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था।

मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालने वाली मंजू देवी की असामयिक मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

## नहर निर्माण योजना में काम कर रहे रोलर चालक की मौत, हत्या की आशंका

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के नहर निर्माण योजना में काम कर रहे रोलर चालक की मौत हो गयी। घटना पतीला गांव के पास बन रही नहर साइट पर घटित हुआ है। सोमवार दोपहर दो बजे की बताई जा रही है। ग्रामीणों की सूचना परे पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान रमजान अंसारी 50 वर्ष, पिता जाफर अंसारी घर मदनगुंडी, थाना चंदवारा जिला -कोडरमा का रहने वाला है। वह पुष्पांजलि कंस्ट्रक्शन नहर निर्माण कंपनी में रोलर चालक के रूप में काम करता था। स्थानीय लोगों ने हत्या किये जाने की आशंका व्यक्त की है। घटना स्थल पर मृतक का पैंट, जांघिया, जूता, बेल्ट शव से अलग रखा हुआ मिला है। पुलिस ने कंपनी के सुपरवाइजर अविनाश कुमार सिंह को पूछताछ के लिए थाना लेकर गयी है। सुपरवाइजर के फोन में एक वीडियो मिला है फोन को पुलिस ने जब्त कर ली है। मृतक के शरीर पर कई गंभीर चोट का निशान मिला है।


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा

समग्र शिक्षा

समाहरणालय भवन, कोडरमा

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

jepckoderma@yahoo.co.in
kodermassa@gmail.com

पिन कोड–825410

विज्ञापन संख्याः–910 / 14.06.2025

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, जिला–कोडरमा के रिक्त पूर्णकालिक शिक्षिका एवं लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों पर चयन हेतु आवश्यक सूचना

1. विभागीय आदेश संख्या GE/08/163/2022-23/1811 दिनांक 09 / 05 / 2025, पत्रांक 3545 दिनांक 14.09.2023, पत्रांक 3190 दिनांक 14.08.2023 तथा सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक 2835 दिनांक 03.11.2022 के आलोक कोडरमा जिला में संचालित 04 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु इच्छुक योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तों के अधीन शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मी के रिक्त पदों के विरूद्ध विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 30 जून 2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा कार्यालय, कोडरमा में आमंत्रित किए जाते है :–

| Sl No | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – गणित | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 3 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| 4 | लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | कुल | 8 | 3 | 2 | 0 | 3 | 0 | 8 |

2. उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा कोडरमा के पदनाम से आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिला कार्यालय, समग्र शिक्षा, कोडरमा Collectriate Building, Ranchi Patna Road, Koderma - 825410 में अनिवार्य रूप से दिनांक 30 जून 2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक जमा किया जा सकता है। साधारण डाक एवं हाथो–हाथ भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

3. चयन हेतु वांछित अर्हता एवं निर्धारित परिलब्धि –

| क्र | पदनाम | वांछित अहर्ता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | भाषा शिक्षिका (हिन्दी / अंग्रेजी) | 1. शैक्षणिक अहर्ता :–I. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड / विष्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक षिक्षिका यथा क्रमांक 1, 2, एवं 3 पर अंकित पदों हेतु आवेदन किया जा रहा हो) में न्यूनतम 50 प्रतिषत अंक के साथ स्नातक की अहर्ता अनिवार्य है। * अनुसूचित जाति / जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यर्थी को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 5 प्रतिषत की छूट दी जाएगी। * चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जाएगी। 2. प्रशैक्षणिक अर्हता – मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी .एड. अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक षिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में षिक्षक प्रषिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता अनिवार्य होगा। 3. शिक्षक पात्रता परीक्षा :– राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अधीन झारखण्ड सरकार द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 के लिए आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (JTET) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार द्वारा JTET की वैधता आजीवन मान्य किया गया है। | 1. षिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू 15840 / –प्रतिमाह देय होगी। 03 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने पर नियत प्रतिमाह परिलब्धि में 50 प्रतिषत की वृद्धि देय होगी। 2. संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रू की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 2 | गणित शिक्षिका | | |
| 3 | विज्ञान शिक्षिका | | |
| 4 | लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 1. शैक्षणिक अर्हताः– किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान / विश्वविद्यालय से बी . कॉम प्रतिष्ठा में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्णता। 2. तकनीकि अर्हताः– किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स में पी.जी.डी.सी.ए. / डी.सी.ए. / समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्णता। 3. कार्य अनुभवः– हिन्दी एवं अंग्रेजी में कम्प्यूटर टाईपिंग के साथ टैली साफ्टवेयर (Tally Software) की जानकारी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। 4. चयन हेतु सिर्फ महिला अभ्यर्थी ही योग्य माने जायेंगे। | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू . 9900 / – प्रतिमाह देय होगी। 2. प्रत्येक एक वर्ष के संतोषप्रद कार्य करने की स्थिति में संविदा का विस्तार किया जायेगा। 3. 03 वर्ष तक संतोषप्रद कार्य किये जाने के पश्चात् नियत मानदेय मे एकबारगी 50 प्रतिषत की वृद्धि करते हुए मानदेय स्वरूप प्रदान किया जायेगा। 4. प्रत्येक वर्ष संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक मानदेय वृद्धि देय होगी। |

4. चयन संबंधी दिशा–निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्ते निम्नवत हैं–

i कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में चयन हेतु निर्धारित अहर्ता रखने वाले अभ्यर्थियों को राज्य कार्यकारिणी की 52वीं एवं 64वीं बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में चयन में निम्न प्रकार के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी:–

1. झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् / समग्र शिक्षा / सर्व शिक्षा अभियान / राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान / कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय / साक्षर भारत / महिला समाख्या इत्यादि में कार्य करने का अनुभव रखते हों।

2. उपरोक्त संस्थान में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को इस प्रकार की छूट प्रदान की जायेगी–

(क) वैसे अभ्यर्थी जो 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके हैं उन्हें शैक्षणिक अर्हता में न्यूनतम 05 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।

(ख) वैसे अभ्यर्थी जितने वर्ष उपरोक्त संस्थान में कार्य किये हो उन्हें प्रत्येक वर्ष के लिए 01 अतिरिक्त अंक देय होगा। इसके लिए उपरोक्त संस्थान में कार्य करने का प्रमाण पत्र के साथ–साथ वेतन / मानदेय के रूप में प्राप्त राशि का प्रमाण पत्र देना भी अनिवार्य होगा।

5. आयु सीमाः–

i चयन हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होगी।

ii कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक संख्या 29 दिनांक 04.01.2021 झारखण्ड सरकार के आलोक में कोटिवार अधिकत्तम उम्र सीमा निम्नवत् होगी :–

| Sl | Category | Maximum age Limit |
|---|---|---|
| 1 | Female (UR/EWS/BC-I/BC-II) | 38 |
| 2 | SC/ST (Female) | 40 |
| 3 | Person with bench mark disability (PWBD) | A relaxation of 10 years in their respective category. |

iii. अनुभवी महिला Ex-Servicemen को अपनी कोटि में 05 वर्ष तक उपरोक्त अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।

iv. उम्र की गणना दिनांक 01.06.2025 के आधार पर की जायेगी।

6. आवेदन :– सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 30.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, कोडरमा, समाहरणालय भवन, कोडरमा, पिन–825410 के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। साधारण डाक, हाथो–हाथ एवं अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

7. प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्तें, अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक वेबसाईट **www.koderma.nic.in** पर उपलब्ध है। चयन से संबंधित सभी दिशा–निर्देश उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे तथा अभ्यथियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकारी हेतु वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे।

8. आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अनुलग्नक :–

i. 23x10 से.मी. का स्वपता लिखा हुआ दो लिफाफा।

ii. सभी शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य स्वअभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न की जाए।

iii. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र (झारखण्ड राज्य के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति।

iv. झारखण्ड राज्य के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत नियोजन हेतु आवासीय प्रमाण पत्र की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति।

v. अनुभव प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)

9. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है, अतः चयनित अभ्यर्थी को विद्यालय में रहना अनिवार्य होगा।

10. अभ्यर्थियों का चयन संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

11. अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया किसी भी समय स्थगित / रद्द / परिवर्तन करने का अधिकार राज्य परियोजना निदेशक अथवा जिले के उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला चयन समिति, समग्र शिक्षा, कोडरमा को सुरक्षित रहेगा।

12. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से आवेदन के लिफाफे के ऊपर लाल रंग से मोटे अक्षर में आवेदित पद का नाम, विद्यालय का नाम (KGBV) एवं कोटि अंकित करना होगा; अन्यथा आवेदन अस्वीकार होने की स्थिति में वे स्वयं जवाबदेह होंगे।

13. अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, कोडरमा।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
समग्र शिक्षा, कोडरमा।

PR 355272 Jharkhand Education Project Council(25-26)D

# मानकों की अनदेखी

उत्तराखंड के चार धाम में हुआ एक और हेलिकॉप्टर हादसा नियमों की अनदेखी, लापरवाही और ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने की होड़ का नतीजा है। केवल मई-जून में ही हुई पांच दुर्घटनाएं और उनमें 13 लोगों की मौत बताती हैं कि पिछली घटनाओं से सबक नहीं लिया गया और न ही सरकारी कार्रवाई का हेलिकॉप्टर ऑपरेटरों पर असर हो रहा है।

**निगरानी क्यों नहीं :** हालिया क्रैश केदारनाथ से लौटते समय गौरीकुंड के पास हुआ। कारण खराब मौसम बताया जा रहा। एसओपी का पालन नहीं करने पर संबंधित कंपनी आर्यन एविएशन के अफसरों पर एफआइआर दर्ज कर ली गयी है। लेकिन, इससे यह सवाल भी उठता है कि जब मौसम अनुकूल नहीं था, तो उड़ान हुई कैसे - क्या हेलिकॉप्टर सर्विस पर निगरानी का कोई सिस्टम नहीं है? कुछ दिनों पहले ही एक कंपनी के दो पायलटों पर इसी मामले में एक्शन लिया गया था। इसके बावजूद एक अन्य कंपनी फिर वही गलती दोहराती है।

**एविएशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि चार धाम रूट, खास कर केदारनाथ रूट एक पायलट के लिहाज से सबसे चुनौतीपूर्ण है। यहां उड़ानें तो बढ़ी हैं, लेकिन रडार या एयर ट्रैफिक कंट्रोल जैसा जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है।**

**नियमों की अनदेखी :** उत्तराखंड में श्रद्धालुओं की संख्या बेहिसाब ढंग से बढ़ी है और इसी के साथ हेलिकॉप्टर सेवा भी। लेकिन, इसमें सुरक्षा मानकों की अनदेखी के आरोप भी खूब लगे हैं। चूंकि यात्रा सीजन सीमित होता है, ऐसे में ज्यादातर कंपनियों का जोर अधिक से अधिक उड़ान भरने और मुनाफा कमाने पर होता है। इसी वजह से कभी उत्तरकाशी जैसे हादसे होते हैं और कभी सड़क पर हार्ड लैंडिंग की तस्वीरें आती हैं। इसका एक पहलू पर्यावरण पर पड़ने वाला नकारात्मक असर भी है।


**इंफ्रा की कमी :** एविएशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि चार धाम रूट, खास कर केदारनाथ रूट एक पायलट के लिहाज से सबसे चुनौतीपूर्ण है। यहां उड़ानें तो बढ़ी हैं, लेकिन रडार या एयर ट्रैफिक कंट्रोल जैसा जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। पायलटों को केवल अपनी आंख पर भरोसा करके आगे बढ़ना होता है, लेकिन उस ऊंचाई पर, जहां मौसम अचानक करवट ले लेता है, यह बहुत जोखिम भरा है। ऊपर से कंपनियों का लालच इस जोखिम को और बढ़ा देता है।

**कंपनियों पर नियंत्रण जरूरी :** कुछ दिनों पहले ही डीजीसीए ने चार धाम कॉरिडोर में उड़ानों की संख्या आधी कर दी और उत्तराखंड सिविल एविएशन डिवेलपमेंट अथॉरिटी के कंट्रोल रूम में अपने ऑफिसर भी नियुक्त किए हैं। हालांकि इसके साथ हेलिकॉप्टर सर्विस देने वाली कंपनियों पर अंकुश की भी जरूरत है। मानकों को और कड़ा किया जाना चाहिए। देश के किसी और हिस्से की तुलना में हिमालय में उड़ान भरना अतिरिक्त सावधानी की मांग करता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय खेल, वैश्विक मंच पर नित नयी ऊंचाइयां छू रहा है। जमीनी स्तर से लेकर विश्व विजेता मंच तक, प्रधानमंत्री की भविष्यदृष्टि ने खेलों के प्रति भारत के दृष्टिकोण को बदल कर रख दिया है। इससे विश्व स्तरीय सहायता, अत्याधुनिक सुविधाएं तथा प्रतिभा और कड़ी मेहनत को पुरस्कृत करने की पारदर्शी प्रणाली सुनिश्चित हुई है। हाल में, भारतीय एथलीटों ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपने असाधारण प्रदर्शनों से देश को गौरवान्वित किया है।**

# भारत वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर



**डॉ मनसुख मांडविया**



वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में हमारी यात्रा अनवरत जारी है, और इस दृष्टि योजना के सबसे प्रभावकारी शक्तियों में भारतीय खेलों का उदय भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय खेल, वैश्विक मंच पर नित नयी ऊंचाइयां छू रहा है। जमीनी स्तर से लेकर विश्व विजेता मंच तक, प्रधानमंत्री की भविष्यदृष्टि ने खेलों के प्रति भारत के दृष्टिकोण को बदल कर रख दिया है। इससे विश्व स्तरीय सहायता, अत्याधुनिक सुविधाएं तथा प्रतिभा और कड़ी मेहनत को पुरस्कृत करने की पारदर्शी प्रणाली सुनिश्चित हुई है। हाल में, भारतीय एथलीटों ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपने असाधारण प्रदर्शनों से देश को गौरवान्वित किया है।

दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 या मंगोलिया के उलानबटार में चौथी विश्व कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला हो, हमारे खिलाड़ियों ने धैर्य और गौरव के साथ दमदार प्रदर्शन किया। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय दल ने शानदार प्रदर्शन कर 24 पदक हासिल किये और इस दौरान कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी ध्वस्त कर दिये। इसी दौरान हमारी महिला पहलवानों ने इतिहास रच दिया। मंगोलिया से वे रिकॉर्ड 21 पदक जीत कर लौटीं जो विश्व कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला में उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। पर यह सफलता रातोंरात नहीं मिली है। इससे पहले, भारत ने पूर्व के 23 आयोजनों (आजादी से पहले सहित) में केवल 26 ओलंपिक पदक जीते थे। जबकि 2016, 2020 और 2024 के पिछले तीन आयोजनों में ही भारत ने 15 पदक जीते हैं। पैरालिंपिक खेलों में प्रदर्शन और भी बेहतर रहा है। 1968 से 2012 के बीच कुल 8 पदक जीतने वाले भारत ने पिछले तीन आयोजनों में 52 पदक हासिल किये हैं, जिसमें पेरिस 2024 में जीते गये रिकॉर्ड 29 पदक शामिल हैं। ये उपलब्धियां कोई संयोग नहीं हैं। ये पिछले ग्यारह वर्षों में तैयार किये गये प्रदर्शन-संचालित पारिस्थितिकी तंत्र का सुखद परिणाम हैं।

**एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय दल ने शानदार प्रदर्शन कर 24 पदक हासिल किये और इस दौरान कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी ध्वस्त कर दिये।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट और केंद्रित दृष्टिकोण है कि प्रत्येक एथलीट, चाहे उसकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो उसे विश्व स्तरीय प्रशिक्षण, ढांचागत सुविधा, वित्तीय सहायता, एथलीट-केंद्रित सुशासन और आगे बढ़ने के लिए पारदर्शी प्रणाली की पहुंच मिलनी चाहिए। वर्ष 2014 से मोदी सरकार ने परिवर्तनकारी बदलाव से मजबूत नींव रख कर भारतीय खेलों के परिदृश्य को नया रूप दे दिया है। इन सुधारों के केंद्र में शीर्ष एथलीटों की पहचान करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए 2014 में आरंभ की गई टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना-टॉप्स (टीओपीएस) शामिल है।

75 एथलीटों के साथ आरंभ हुई यह योजना अब लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक आयोजन के लिए 213 खिलाड़ियों को सहयोग देने के साथ व्यापक हो गयी है। इसमें 52 पैरा-एथलीट और विकास श्रेणी के 112 एथलीट शामिल हैं। उन खेल संवर्गों में एथलीटों को मदद देने की नयी योजनाएं भी आरंभ की गयी हैं, जिन पर पारंपरिक रूप से कम ध्यान जाता है। इस वर्ष आरंभ किया गया लक्ष्य एशियाई खेल समूह (द टॉर्गेट एशियन गेम्स ग्रुप-टीएजीजी) तलवारबाजी, साइकिलिंग, घुड़सवारी, नौकायन, कयाकिंग और कैनोइंग, जूडो, ताइक्वांडो, टेनिस, टेबल टेनिस और वुशू जैसे 10 खेलों में 40 पदक संभावनाएं बढ़ाता है।

खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के प्रयासों में दूरदर्शिता के साथ-साथ वित्तीय प्रतिबद्धता भी महत्वपूर्ण है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का बजट पिछले दशक में तीन गुना से अधिक हो गया है और यह 2013-14 के महज 1,219 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 3,794 करोड़ रुपये पहुंच गया है। जमीनी स्तर पर बुनियादी खेल ढांचा विकसित करने और वर्ष भर प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2017 में आरंभ की गयी खेलो इंडिया योजना का बजट इस वर्ष बढ़ कर 1,000 करोड़ रुपये हो गया है। इन निवेशों से खेल प्रतिभाएं पोषित हो रही हैं और युवा एथलीटों के लिए एक जीवंत प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र निर्मित हो रहा है। राष्ट्रीय खेल महासंघों को भी अभूतपूर्व व्यापक समर्थन मिला है।

अंतर्राष्ट्रीय आयोजन और राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने के लिए उन्हें दी जाने वाली वित्तीय सहायता लगभग दोगुनी हो गई है। खेल प्रशिक्षकों-कोच को दी जाने वाली राशि में 50 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए एथलीटों के खुराक भत्ते में बढ़ोतरी की गयी है। ऐसे केंद्रित प्रयास भारत को अपनी पदक क्षमता में विविधता लाने और विभिन्न खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने में सहायक बन रहे हैं। पारदर्शिता पर जोर इस दिशा में किये गये सबसे प्रभावशाली सुधारों में एक है। सभी महासंघों को अब चयन प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग और प्रमुख आयोजनों के लिए चयन मानदंड दो साल पहले ही निर्धारित करना आवश्यक बनाया गया है। इससे निष्पक्षता के साथ ही एथलीटों में विश्वास बढ़ता है और यह व्यवस्था को योग्यता आधारित बनाती है। एथलीट-केंद्रित सुधार निश्चित रूप से हाल की खेल नीति निर्माण में उल्लेखनीय रहे हैं। खेल प्रमाणपत्र अब डिजिलॉकर द्वारा जारी किये जाते हैं, जो राष्ट्रीय खेल रिपोजिटरी प्रणाली से जुड़े होते हैं। इससे एथलीटों को सुरक्षित और हेराफेरी से मुक्त डेटा रिकॉर्ड सुनिश्चित होता है।

राष्ट्रीय खेल नीति 2024 और राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के मसौदे का कार्य अभी अपने अंतिम चरण में है। इनका उद्देश्य खेल पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना और खिलाड़ियों के कल्याण को नीति निर्धारण के केंद्र में लाना है। आयु संबंधी धोखाधड़ी से अब नयी मेडिकल जांच और सख्त दंड के प्रावधानों द्वारा निपटा जा रहा है। इनके बेहतर अनुपालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए खेल संघों को सत्यनिष्ठा अधिकारी नियुक्त करने की भी आवश्यकता है।

ओलंपिक खेलों के अलावा, मल्लखंब, कलारीपयट्ट, योगासन, गतका और थांग-ता जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों को खेलो इंडिया गेम्स द्वारा पुनर्जीवित और बढ़ावा दिया जा रहा है। कबड्डी और खो-खो जैसे स्वदेशी खेलों को अब अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिल रही है, जो भारत की समृद्ध खेल विरासत को दर्शाते हैं। खेल के क्षेत्र में लैंगिक समानता के प्रयास भी उल्लेखनीय हैं। खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए आरंभ की गयी एएसएमआइटीए- अस्मिता लीग (महिलाओं को प्रेरित कर खेल उपलब्धि हासिल करना) को तेजी से विस्तारित किया गया है। वर्ष 2021-22 में जहां केवल 840 महिला एथलीट खेलों में सक्रिय थीं वहीं, 2024-25 में 26 खेल संवर्गों में 60,000 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। अस्मिता लीग इन एथलीटों को खेलो इंडिया से जोड़ कर प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करती है। पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2014 के 38 खेल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से व्यापक होकर अब यह संख्या बढ़कर 350 पहुंच गयी है। भारतीय खेल प्राधिकरण अभी 23 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र संचालित कर रहा है जिनमें टॉप्स और खेलो इंडिया के तहत शीर्ष एथलीटों को प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा, 33 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 34 राज्य स?तरीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किये गये हैं। साथ ही 757 जिलों में 1,048 खेलो इंडिया केंद्र भी स्थापित किए गए हैं जो खेल प्रतिभाओं को जमीनी स्तर पर खोजने और उन्हें पोषित-प्रशिक्षित करते हैं।

खेलो इंडिया गेम्स अब एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है। अब तक इसके उन्नीस संस्करण आयोजित हुए हैं - जिनमें युवा, विश्वविद्यालय, पैरा, शीतकालीन और बीच गेम्स शामिल हैं - जिनमें 56,000 से अधिक एथलीट भाग लेते हैं।

विशेष रूप से, खेलो इंडिया पैरा गेम्स परिवर्तनकारी रहे हैं जिनके कई एथलीट पैरालिंपिक में पदक जीत चुके हैं। भारत, भविष्य में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दावेदारी की तैयारी कर रहा है। इसके लिए खेलो इंडिया के तहत स्कूल गेम्स, ट्राइबल गेम्स, नॉर्थईस्ट गेम्स, वाटर गेम्स, मार्शल आर्ट्स गेम्स और स्वदेशी गेम्स जैसे नये क्षेत्रों में खेल आरंभ किये जा रहे हैं ताकि साल भर प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा की खोज सुनिश्चित हो सके। आगामी खेलो इंडिया स्कूल गेम्स कम आयु में ही एथलीटों की पहचान और उन्हें प्रशिक्षित कर खेल पारिस्थितिकी तंत्र में नयी प्रतिभा को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

सिर्फ खेल ही नहीं, फिटनेस के प्रति सामुदायिक भागीदारी के उद्देश्य से दिसंबर 2024 में आरंभ किये गये फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान ने भी गति पकड़ ली है। सिर्फ 150 प्रतिभागियों के साथ आरंभ हुआ यह अभियान अब 10,000 स्थानों पर विस्तारित हो गया है, जिसमें साढ़े तीन लाख से अधिक लोग सक्रियता से भाग ले रहे हैं। एक जून को आयोजित 25वें संस्करण में इसे सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि देने और विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर तिरंगा रैली के रूप में मनाया गया। रैली में जम्मू-कश्मीर के दूरदराज के जिलों सहित 5,000 स्थानों से 75,000 से अधिक लोग शामिल हुए।

इन साप्ताहिक कार्यक्रमों में फिटनेस का संदेश प्रचारित करने के लिए डॉक्टर, सरकारी कर्मचारी, शिक्षक सहित विभिन्न समूह शामिल होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को सही सिद्ध करते हुए फिट इंडिया मूवमेंट देश के हर घर तक फिटनेस का संदेश पहुंचा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भविष्य दृष्टि योजना है कि जब हम 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करें तो भारत खेलों में शीर्ष 10 देशों में शामिल हो और 2047 में आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक शीर्ष 5 देशों में शामिल हो जाये। इस दृष्टि योजना को पूरा करने के लिए काफी कुछ किया गया है, लेकिन अभी भी बहुत हासिल करना बाकी है। मजबूत आधार के लिए, शासन में प्रमुख सुधार लागू किये गये हैं, जो देश में खेलों के विकास के लिए अहम हैं।

आज भारत की खेल क्रांति दृष्टि, संकल्प और समावेशी विकास की गाथा है। इस परिवर्तन के केंद्र में हमारे युवा हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। पदकों की लगातार बढ़ती संख्या से लेकर जीतने की मानसिकता तक में भारी बदलाव दिख रहा है। विकसित भारत की ओर दृढ़ता से बढ़ते हमारे कदम - खेल भावना से संचालित हैं।

## कोल्हान की खबरें

# कुचाई हत्याकांड का खुलासा, 6 गिरफ्तार

## 1.25 लाख नकद, हत्या में प्रयुक्त चाकू, मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर कुचाई पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने महिला मोंगरो मुंडा की नृशंस हत्या के मामले का खुलासा करते हुए घटना में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मंगलवार को घटना की जानकारी देते हुए जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया बीते दिनों मोंगरो मुंडा की गला रेत कर हत्या कर दी गयी थी। एसडीपीओ समीर कुमार सेवइयां के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने कारवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्होंने बताया जांच के दौरान जानकारी मिली मृतका की देवरानी डोली मुंडा और ससुर सोयना मुंडा को उस पर डायन-बिसाही का संदेह था। दोनों ने हत्या की साजिश रचते हुए सुखलाल मुंडा से संपर्क किया और साहेब हेम्ब्रम, रायमर मुंडा और गुरुदेव मुंडा को दो लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी। पुलिस ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 1.25 लाख नकद, हत्या में प्रयुक्त चाकू, मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# एनएसयू के प्लेसमेंट ड्राइव में मिला 3 लाख सालाना पैकेज

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** पोखरिया स्थित नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान बीबीए विभाग के चार विद्यार्थियों का चयन फूड डिलीवरी सेक्टर से जुड़ी कंपनी युमाडो में किया गया। चयनित विद्यार्थियों में जी. हरि किरण को डिजिटल मार्केटिंग एसोसिएट, जबकि कृतिका, सत्यम सखारे और निशा परवीन को रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर नियुक्त किया गया। सभी को 3 लाख रुपये वार्षिक पैकेज की पेशकश की गयी। प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन एनएसयू प्लेसमेंट सेल द्वारा किया गया था। इामें अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को आमंत्रित किया गया। इस सफलता पर कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह हमारे लिए गर्व का विषय है, विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को निरंतर रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे। उन्होंने छात्रों से उपलब्ध अवसरों का भरपूर लाभ उठाने और नियमित रूप से साक्षात्कार सत्रों में भाग लेने की अपील की।

# सीएम से मिले विधायक, बहरागोड़ा के विकास के लिए चार अहम मांगें रखीं



**रांची/बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक समीर कुमार महंती ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची आवास में शिष्टाचार मुलाकात की।मुलाकात के दौरान विधायक ने क्षेत्र के समग्र विकास से संबंधित चार महत्वपूर्ण मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा और त्वरित पहल की अपील की।मांग पत्र में विधायक महंती ने बहरागोड़ा को अनुमंडल का दर्जा देने की मांग की। उन्होंने कहा इससे क्षेत्रीय प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी और लोगों को सरकारी सेवाएं त्वरित एवं सुलभ रूप से मिलेंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तावित मंईयां सम्मान योजना के लिए कहा यह योजना ग्रामीण महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम होगी। उन्होंने बहरागोड़ा कॉलेज में आधारभूत संरचनाओं के विकास की आवश्यकता जतायी। कॉलेज में कम्युनिटी हॉल, पुस्तकालय और ऑडिटोरियम की स्थापना की मांग की। विधायक ने सीएम से देशबंधु सिंचाई नहर के जीर्णोद्धार का अनुरोध किया। ताकि क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके और कृषि उत्पादकता बढ सके। विधायक महंती ने कहा उनकी प्राथमिकता शिक्षा, कृषि, महिला सशक्तिकरण और प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण है। उन्होंने विश्वास जताया मुख्यमंत्री इन मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करेंगे और शीघ्र सकारात्मक कदम उठायेंगे।

# प्रधान डाकघर की शतरंज प्रतियोगिता का समापन, सभी विजेता सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिस्टुपुर स्थित प्रधान डाकघर में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता का समापन समारोह का आयोजन किया गया।मंगलवार को समापन समारोह में मुख्य अतिथि वरीय डाकपाल सुधीर कुमार शामिल हुए।शतरंज प्रतियोगिता में दीपेश कुमार ने 6 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान,महेंद्र शर्मा 4 अंकों के साथ द्वितीय और अकरम अली 3.5 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में रक्षा प्रसाद को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चुना गया। इस अवसर पर वरीय डाकपाल सुधीर कुमार ने सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और खेल भावनाओ से विभागीय लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया। निशांत कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला टाउन हॉल में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम उत्सव सह बागवानी मेला 2025 का भव्य आयोजन किया गया।मंगलवार को उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद जोबा मांझी, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोथरा, उपाध्यक्ष मधुश्री,एसपी मुकेश कुमार लुणायत, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल सहित कई अन्य पदाधिकारी सह गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रत्येक प्रखंड से विशेष किस्म के आमों की प्रदर्शनी लगायी गयी। इसमें किसानों ने उपज का प्रदर्शन करते हुए आम की खेती से जुड़ी तकनीकी जानकारी और व्यावहारिक अनुभव भी साझा की।

डीसी नीतीश कुमार सिंह ने कहा बागवानी मिशन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर सकती है, बशर्ते किसान वैज्ञानिक और जैविक तरीकों को अपनायें। यदि किसान बाजार से सीधा जुड़ें, तो उनकी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, बागवानी विशेषज्ञ और आमजन उपस्थित रहे।

# श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के दूसरे चरण का जीर्णोद्धार शुरू

**सरयू राय ने मंदिर के 200 फीट ऊंचे शिखर पर चढ़ कर बोले मुझे अद्भुत आनंद की हुई प्राप्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी गोलमुरी केबुल टाउन स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के शिखर निर्माण का शुभारंभ मंगलवार को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। विधायक राय ने स्वयं 200 फीट ऊंचे शिखर पर चढ़कर नारियल फोड़ते हुए पूजा संपन्न कर निर्माण कार्य की शुरूआत की।वर्षों से अधूरे पड़े मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का यह दूसरा चरण है। विधायक ने बताया इस चरण में मुख्य मंदिर शिखर का निर्माण किया जाएगा, जो आगामी 6 माह में पूर्ण होगा। इसके साथ ही भूमिगत स्थल का निर्माण भी किया जाएगा। मंदिर शिखर तक बाँस की सीढ़ियों से चढ़ते हुए पूजा करने को विधायक ने अद्भुत आनंद लगा। उन्होंने कहा शिखर से पूरा केबुल टाउन स्पष्ट दिखाई देता है और निर्माण पूर्ण होने के बाद यह मंदिर जमशेदपुर शहर का एक भव्य आध्यात्मिक केंद्र बनेगा। श्री राय ने कहा शिखर से पूरे शहर पर श्री लक्ष्मीनारायण की नजर रहेगी। सरयू राय ने यह भी बताया मंदिर परिसर में एक वेद अनुशीलन केंद्र की स्थापना की जाएगी, जहां पंडितों को वैदिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिखर निर्माण शुभारंभ के दौरान अशोक गोयल, आशुतोष राय, हरे राम सिंह, नीरज सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, सुधीर सिंह, पंडित बिनोद पांडेय, यूके शर्मा, साकेत सिंह, इंद्रजीत सिंह, कैलाश झा, संतोष भगत, बीके सिंह, शंकर कर्मकार उपस्थित रहे।

## हिंडालको के साथ चकला कोल ब्लॉक रैयतों के बीच बैठक संपन्न

# रैयतों ने रखी अपनी मांग, कंपनी ने मांगा समय



### एसडीओ ने रैयतों की मांगों पर विचार करने का दिया भरोसा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंदवा।** हिंडालको ने चकला कोल ब्लॉक के रैयतों से उनकी मांगों को पूरा करने के लिए समय मांगा है। एसडीओ अजय कुमार रजक के नेतृत्व में मंगलवार को हुई बैठक में रैयतों की ओर से कई मांगें रखी गयीं। एसडीओ ने भरोसा दिया कि इन सभी मांगों पर विचार किया जायेगा। बैठक में चकला पंचायत के पडूवा, अरंडियाटांड़, नवाटोली, अंबाटांड़, भुकुटोली बरवाटोलऔर चकला के ग्रामीण शामिल हुए। रैयतों की तरफ से एसडीओ, सीओ और इंस्पेक्टर के अलावा कंपनी के अधिकारियों के सामने 19 सूत्री मांग रखी गयी।

**एसडीओ ने दिया भरोसा**

एसडीओ ने कहा कि रैयतों के साथ सरकार पूरी तरह से खड़ी है। रैयतों ने जो बात रखी है, उस पर उपायुक्त के साथ मिल कर विचार किया जायेगा। सीओ ने कहा कि गैरमजरुआ भूमि का कागजात जिनके पास होगा, उन्हें भी इसमें शामिल किया जायेगा। एसडीओ ने कंपनी द्वारा आरएनआर के तहत झारखंड सरकार के साथ किये गये समझौते के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अगली बैठक उपायुक्त के सामने होगी। बैठक में चकला की मुखिया रंजीता एक्का और आम लोगों के अलावा अन्य लोग भी मौजूद थे।

**हिंडालको चकला कोल प्रोजेक्ट ने मांगा समय:** हिंडालको प्रबंधन की ओर से यूनिट हेड दीपक लेंका और अन्य अधिकारियों ने कंपनी की आरएनआर पॉलिसी की जानकारी विस्तार से दी। ग्रामीणों की बातें सुनी और अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि आरएनआर पॉलिसी का शत-प्रतिशत पालन होगा। रैयतों की भूमि नियम संगत तरीके से ली जा रही है। इसमें सरकार द्वारा निर्धारित दर से चार गुना मुआवजा देने का प्रावधान है। इसका पालन किया जा रहा है।

### रैयतों ने रखी ये मांगें

विस्थापित-प्रभावित रैयतों की ओर से विकास भगत, हरि भगत, सुरेंद्र उरांव, मो इजहार ने लिखित और मौखिक रूप से अपनी मांग रखी। रैयतों ने जो मांगें रखी हैं, उनमें लीज पर दी जानेवाली जमीन की उचित कीमत मिले, प्रत्येक पांच वर्ष में इस दर में 20% की वृद्धि करने, गैरमजरुआ जमीन के कब्जाधारी का सत्यापन ग्राम सभा द्वारा करने के बाद उसे मुआवजा देने, वन भूमि के कब्जाधारी को दस्तावेज के आधार पर ग्राम सभा के सत्यापन के बाद मुआवजा देने, विवाद की स्थिति में ग्राम सभा का निर्णय अंतिम मानने, पूरा एकरारनामा कंपनी और रैयतों के साथ करने, विस्थापित और प्रभावित होनेवाले 18 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक रैयत को योग्यता के हिसाब से नौकरी देने, 45 हजार रुपये न्यूनतम वेतन, प्रत्येक वर्ष 10% वेतन वृद्धि करने, प्रत्येक विस्थापित को एनएच 99 और एनएच 75 के किनारे 12 डिसमिल जमीन देकर पुनर्वासित करने, उन्हें पानी, बिजली, शिक्षा समेत भविष्य में रोजगार देने, कर्मियों पर नियम विरुद्ध काम करने का दबाव नहीं बनाने, घर की कीमत 45 सौ रुपये प्रति वर्ग फीट तय करने, सामान की ढुलाई का खर्च देने, रेल लाइन का निर्माण नहीं करने, पशुशाला का निर्माण करने, कुआं, कच्चा तालाब, हैंडपंप, पेड़ पौधों की कीमत तय कर भुगतान करने जैसी मांग शामिल है। रैयत हरि कुमार भगत ने हाल के सर्वे में आदिवासियों-मूलवासियों की जमीन में गड़बड़ी की शिकायत करने हुए उसे सुधारने की मांग की। अन्य रैयतों ने भी कई मांगें रखीं।

## साढ़े सात लाख रुपये की जेवर की चोरी



**मनिका (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मनिका आरपी ज्वेलर्स से 750000 रुपये की जेवर अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया उक्त घटना मंगलवार की सुबह लगभग 9:00 बजे की है। दुकान संचालक रामेश्वर प्रसाद सोनी ने बताया कि हर दिन की भांति आज भी अपना घर से दुकान खोलने झोला में जेवर लेकर आये जैसे ही दुकान का शटर खोलने के लिए अपना मोटरसाइकिल से नीचे उतरे की मोटरसाइकिल में रखें झोला को दो अज्ञात चोरों ने लेकर भाग गया। झोला 750000 की सोना और चांदी का जेवर लेखा-जोखा का रेजिस्टर कैलकुलेटर था। जेवर दुकान थाना से 100 फीट की दूरी पर है। दुकान संचालक रामेश्वर प्रसाद सोनी में मनिका थाना में घटना की लिखित आवेदन दिया है। वहीं थाना प्रभारी शशि कुमार ने बताया कि जल्द ही घटना का उद्भेदन किया जायेगा।

## कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट ने उपायुक्त का किया स्वागत



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उपायुक्त डॉ ताराचंद्र का स्वागत शाल और बुके भेंट कर किया। ट्रस्ट अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र भी सौंपा। मांग पत्र में वर्षों से निष्क्रिय पड़े झारखंड माटी कला बोर्ड का शीघ्र पुनर्गठन किये जाने की मांग की गयी। साथ ही मिट्टी से जुड़े पारंपरिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक प्रखंड में कुम्हार समाज को मिट्टी कार्य हेतु गैर-मंजूरवा जमीन उपलब्ध कराने की भी अपील की गयी। माटी कलाकार रामदेव प्रजापति ने उपायुक्त को मिट्टी से जुड़ी समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुम्हारों को कार्य हेतु उपयुक्त मिट्टी मिलना कठिन हो गया है। इसके साथ ही उन्होंने लकड़ी और कोयला जैसे सामग्री की सरकारी दर पर उपलब्धता की भी मांग रखी, जिससे कुम्हार समाज को सशक्त किया जा सके। उपायुक्त डॉ. ताराचंद्र ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और उचित विचार कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति के साथ कोषाध्यक्ष विनोद प्रजापति, सचिव नागेंद्र प्रजापति, संरक्षक वासुदेव प्रजापति, राधेश्याम प्रजापति और रामदेव प्रजापति शामिल थे।

## इमरजिंग फ्यूचर संस्थान में बाल प्रतिभा 'नवी' ने बच्चों को किया प्रेरित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** इमरजिंग फ्यूचर इंस्टीट्यूट, लोहरदगा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के प्रोत्साहन हेतु एक विशेष प्रेरणात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की खास आकर्षण रही मात्र 12 वर्ष की बाल प्रतिभा नवी (अध्या मोही), जिन्होंने अपने अद्भुत कैलकुलेशन कौशल से सभी को चकित कर दिया। नवी ने मंच पर सैकड़ों की गणनाएं मात्र सेकंडों में हल कर छात्रों के बीच जोश और उत्साह भर दिया। उनके प्रदर्शन को देख संस्थान के विद्यार्थी काफी प्रेरित हुए और उन्होंने यह महसूस किया कि समय प्रबंधन और त्वरित उत्तर देना प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता की कुंजी है। नवी, जो लोहरदगा के मिशन चौक निवासी मुकेश महतो और मनीता महतो की सुपुत्री हैं, वर्तमान में पुणे में निवास करती हैं और अबाक्स में स्टेट, नेशनल और इंटरनेशनल स्तर की कई प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी हैं। वह अब तक कई पुरस्कार जीत चुकी हैं और सुपर स्टार जैसे खिताबों से नवाजी जा चुकी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता को अत्यंत गर्व है। मौके पर इमरजिंग फ्यूचर के डायरेक्टर विकास सर्राफ ने कहा, अगर एक छोटी बच्ची इतनी कुशलता से प्रदर्शन कर सकती है, तो यह हम सभी के लिए प्रेरणा है कि हम भी अपने क्षेत्र में लगातार प्रयास करें और अपने सपनों को साकार करें। कार्यक्रम में नवी को मेडल और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। उनके माता-पिता को भी बधाई दी गयी।

## मोदी सरकार के 11वर्ष बेमिसाल कार्यक्रम की सफलता को लेकर बैठक



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड भाजपा मंडल कार्यालय में मोदी सरकार के11 साल बेमिसाल के तहत प्रखंड में विभिन्न कार्यक्रम प्रदेश द्वारा निर्देशित हुआ है। जिसकी तैयारी को लेकर प्रखंड भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की तस्वीर पर पुष्पांजलिऔर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक का बतौर मुख्य अतिथि कौशल किशोर प्रसाद ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता किसी पार्टी का रीढ़ है, और कार्यकर्ता के सहयोग से ही किसी कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है। श्री कौशल ने कहा कि 17 जून से 21 जून तक योग दिवस सभी मंडल में मनाया जायेगा, 18 से 20 जून तक शक्ति केंद्र स्तर पर चौपाल लगा कर प्रधानमंत्री जी का 11 वर्ष की उपलब्धियां पर जारी पत्रक घर घर वितरण करना 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस प्रत्येक बूथ में मनाना। वहीं 24 जून को प्रखंड मुख्यालय पर राज्य सरकार और जिला में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन करना। 29 जून को प्रत्येक बूथ पर मन की बात कार्यक्रम सुनना। 5 जून से 11 अगस्त तक पौधरोपण कार्यक्रम के तहत एक-एक पेड़ सभी कार्यकर्ता को लगाना है। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि ने भाजपा कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम की भी शुरुआत की। मौके पर मनोज प्रसाद, साखीचंद प्रसाद, कालो देवी, अनिल कुमार ठाकुर(बंटी), अशोक प्रसाद, वन विभाग सांसद प्रतिनिधि मोहिमुद्दीन अंसारी, नंददेव सिंह, मंडल मनोज सिंह चेरो, उपेंद्र प्रसाद, कमलेश यादव, दिलीप पासवान, मनोज यादव, देवराज तिवारी, ओमप्रकाश कुमार, उमेश यादव, नरेश सिंह, अजय सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## बीडीओ ने योजनाओं का किया निरीक्षण



**सेन्हा- लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन योजनाओं का क्षेत्र भ्रमण कर बीडीओ द्वारा निरीक्षण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू द्वारा प्रखंड क्षेत्र के बुटी, अलौदी और मुर्की तोड़ार पंचायत का भ्रमण कर विकास योजनाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में बुटी पंचायत के चमडू ग्राम में आदिम जनजाति समुदाय के लिये निर्मित धुमकुड़िया भवन, अलौदी पंचायत अंतर्गत अलौदी गोसाई टोली में अनुसूचित जनजाति के लिये कल्याण विभाग से निर्मित धुमकुड़िया भवन का और मुर्की तोड़ार पंचायत के चौकनी ग्राम में संगीता देवी का बिरसा संवर्धन सिंचाई कूप और तोड़ार ग्राम में हउड़ा महतो का मनरेगा द्वारा 2020-21 का आम बागवानी और शंकर भगत का आम बागवानी के लिये गड्ढा खोदाई का निरक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात बीडीओ श्री मुर्मू ने कहा कि चमडू और गोसाई टोली में निर्मित धुमकुड़िया भवन का भौतिक कार्य पूर्ण हो चुका है। आम बागवानी और सिंचाई कूप दोनों का कार्य प्रगति पर है। मौके पर कनीय अभियंता शिव शंकर उरांव और पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## स्वामी रणधीर महाराज ने उपायुक्त से भेंट की

# गोचर भूमि पर गौ आधारित कुटीर उद्योग स्थापित करने का किया आग्रह

### गौसंवर्धन को बताया क्षेत्र की समृद्धि का आधार, गौ हत्या पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** श्रीधाम वृंदावन से पधारे स्वामी रणधीर महाराज और मदन महाराज ने मंगलवार को लोहरदगा उपायुक्त डॉ. ताराचंद से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिले में गौ आधारित कुटीर उद्योगों की स्थापना के लिए गोचर भूमि को चिन्हित करने और उस पर आवश्यक व्यवस्था करने का आग्रह किया। संतों ने कहा कि लोहरदगा क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य और वनों से परिपूर्ण है, जहां गौ संवर्धन के लिए अनुकूल वातावरण और संसाधनों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि यदि गोचर भूमि को व्यवस्थित रूप से उपयोग में लाया जाये, तो यह क्षेत्र गौ सेवा के साथ-साथ ग्रामीण रोजगार और कुटीर उद्योगों का भी केंद्र बन सकता है।

स्वामी रणधीर जी महाराज ने कहा कि गोचर भूमि पर अवैध कब्जों को हटाकर उसे गौशालाओं व कुटीर उद्योगों के लिए आरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने गौ हत्या को समाज के लिए कलंक बताते हुए कहा कि प्रतिबंधों के बावजूद इस प्रकार के कृत्य सामने आ रहे हैं, जो चिंताजनक हैं। उन्होंने प्रशासन से ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर संतों ने लोहरदगा के गुरुकुल शांति आश्रम का भी भ्रमण किया, जहां उन्होंने आचार्य शरद चंद्र आर्य और आश्रम के ब्रह्मचारियों से मुलाकात की। आश्रम की ओर से संतों का सादर स्वागत और अभिवादन किया गया। मुलाकात के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश सिंह और अजय पंकज भी उपस्थित थे।

# जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने की जनवितरण प्रणाली दुकानों की जांच

## लाभुकों को निर्धारित मात्रा में राशन देने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने मंगलवार को सदर प्रखंड के कुटमु और सेन्हा प्रखंड के तोड़ार में संचालित जनवितरण प्रणाली की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गुलाबी, हरा और सफेद राशन कार्डधारकों की संख्या, उनके नामों की सूची और उन्हें मिलने वाली निर्धारित राशन मात्रा का मिलान किया गया। श्री जायसवाल ने संबंधित डीलरों को निर्देश दिया कि प्रत्येक लाभुक को सरकारी मापदंडों के अनुसार सही मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने खाद्यान्न की उपलब्धता, भंडारण और वितरण रजिस्टर की भी जांच की और यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी पात्र लाभुक को राशन से वंचित न किया जाये। जहां लाभुकों को राशन नहीं मिला था, वहां शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। श्री जायसवाल ने कहा कि जनवितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाये रखने और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए ऐसे निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजय अग्रवाल मौजूद थे।

## एसएस स्कूल में फेयरवेल का आयोजन



**कैरो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तिथ कुटुमू स्थित एस एस पब्लिक स्कूल में दसवीं पास बच्चों के लिये फेयरवेल का आयोजन हुआ। विदाई समारोह का शुभारंभ विद्यालय की सेक्रेटरी श्रीमती बिंदु तिवारी की उपस्थिति से हुआ। सर्वप्रथम परमात्मा का धन्यवाद करते हुए उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया। कक्षा 6 से 10वीं तक के बच्चों ने मंच पर संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस सुरमई वातावरण ने सबको अपनी बीते दिनों की याद दिलायी। इस दौरान सोलो डांस, ग्रुप डांस, गिफ्ट डिस्ट्रीब्यूशन, मोटिवेशनल स्पीच का कार्यक्रम को सभी ने एंजॉय किया। स्कूल के प्रधानाचार्य अमित कुमार चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं निक्की वर्मा, सरिता कुजूर, सादिया परवीन, मुकेश पांडे, अमित एक्का, सपना, सुनंदिनी, जेबा, मोनिका, शिफा, मधुरिमा, माधुरी, नीलम, सोनमती आदि मौजूद थे।

## मलेरिया रोधी माह पर कार्यशाला आयोजित



**सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बरसात के मौसम में मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव को लेकर सेन्हा प्रखंड के अरू पंचायत स्थित प्लस टू नंदलाल उच्च विद्यालय में मंगलवार को मलेरिया रोधी माह के तहत एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने किया, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं को मलेरिया के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों की जानकारी दी गयी। कार्यशाला में बताया गया कि मलेरिया मादा एनॉफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है, और समय पर इलाज न होने पर यह जानलेवा हो सकता है। बच्चों को परामर्श दिया गया कि बुखार होने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें, खून की जांच कराएं, और घरेलू उपायों के बजाय चिकित्सकीय सलाह का ही पालन करें। कार्यशाला के दौरान बच्चों को बताया गया कि मलेरिया की रोकथाम में समय पर पहचान और सतर्कता ही सबसे बड़ा उपाय है। इसके अतिरिक्त, बच्चों को मलेरिया के अन्य लक्षण जैसे कंपकंपी, सिरदर्द, थकान और उल्टी आदि के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर एमपीडब्ल्यू देवेंद्र गिरी, अनुज सिन्हा, गंदूर उरांव, विराज तिर्की समेत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सरइडीह शिव मंदिर का वार्षिकोत्सव की तैयारी पूरी, 19को कलश यात्रा

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के प्रशिद्ध सरईडीह शिव मंदिर का स्थापना दिवस समारोह सह वार्षिकोत्सव मनाने को लेकर तैयारी पुरी हो गयी है। मंदिर परिसर मे रंग बिरंगे लईट लगी हुई है जिसे लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस बार स्थापना दिवस पर प्रवचन का आयोजन किया गया है। प्रवचन का शुभारंभ 17 जून से होगा। मुख्य कार्यक्रम 19 जून को कलश यात्रा से शुरू होगा जो 22 जून को भंडारा के साथ संपन्न हो गया मंदिर समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं मंदिर के संस्थापक अमरेश प्रसाद गुप्ता कार्यक्रम को लेकर काफी सक्रिय दिख रहे हैं। उन्होंने कहां कि सभी लोगों को इस पुनीत कार्य को संपन्न कराने में सहयोग करने की आवश्यकता है। सभी की सहयोग से कार्यक्रम बेहतर तरीके से पूरा कराया जा है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम आयोजित




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** जनजातीय समुदाय को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का तीसरे दिन बरवाडीह प्रखंड के उकामाड पंचायत मे मंगलवार को किया गया। इस अभियान की जानकारी देते हुए बीडीओ रेश्मा रेखा मिंज ने बताया कि 30 जून तक प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में यह विशेष अभियान चलाया जायेगा। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित इस पहल के तहत जनजातीय परिवारों को पीएम आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), मनरेगा, आयुष्मान भारत कार्ड सहित अन्य योजनाओं से जोड़ा जायेगा। उकामाड पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन जमा किये और सिकल सेल अनीमिया की जांच भी करायी। मौके पर जिला परिषद सदस्य, उप प्रमुख पंचायत सचिव मुखिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ रेश्मा रेखा मिंज ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आदिवासी, हरिजन और पिछड़े वर्ग के लोगों को शत-प्रतिशत सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचना आवश्यक है, तभी उन्हें वास्तविक लाभ मिल सकता है। बीडीओ ने पीएम आवास योजना, मनरेगा, अबूआ आवास, जनमन आवास, 15वां वित्त आयोग, किसान क्रेडिट कार्ड, वृद्धा और विधवा पेंशन, मैया सामान योजना समेत विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरूक किया। यह अभियान पूरे प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चलाया जायेगा। जिसकी शुरुआत केचकी पंचायत से हुई है। मौके पर प्रभारी बीपीओ, एइ, जइ, स्वास्थ्य कर्मी, पंचायत सचिव रोजगार सेवक सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## लोहरदगा में आजसू पार्टी की बैठक आयोजित

# आजसू संगठन होगा और मजबूत : आशुतोष तिवारी

### गांव-गांव तक संगठन विस्तार की रणनीति, प्रखंडवार प्रभारी किये गये मनोनीत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** आजसू पार्टी की बैठक मंगलवार को मुद्रिका बैंक्विट हॉल, लोहरदगा में आयोजित की गयी। बैठक में पार्टी के केंद्रीय सचिव और लोहरदगा जिला प्रभारी आशुतोष तिवारी की उपस्थिति में संगठन को मजबूत करने और गांव-गांव तक विस्तार की रणनीति पर चर्चा की गयी। श्री तिवारी ने कहा कि आजसू पार्टी पहले भी लोहरदगा जिले में मजबूत स्थिति में थी और आज भी है। हालांकि, चुनावों के बाद संगठन कुछ हद तक निष्क्रिय हो गया था और कुछ लोग स्वार्थवश अन्य दलों में चले गये। बावजूद इसके, संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी अडिग हैं और पुनः संगठन को धार देने में जुटे हैं। इस क्रम में संगठनात्मक मजबूती हेतु प्रखंडवार प्रभारी मनोनीत किये गये, जिनमें कुडू प्रखंडः लाल गुड्डू नाथशाहदेव, राजेंद्र लोहार, परमेश्वर महतो, शशि साहू, कैरो प्रखंडः विपिन सिंह, किस्को प्रखंडः बबलू महतो, भंडरा प्रखंडः देवेंद्र साहू, दिलीप साहू, पंकज मिश्रा, लोहरदगा ग्रामीणः कवलजीत सिंह, लोहरदगा नगरः महेंद्र महतो, पेशरार प्रखंडः सूरज अग्रवाल, विनोद उरांव शामिल हैं। प्रभारियों को दायित्व सौंपते हुए आशुतोष तिवारी ने कहा, हमारा संगठन लोहरदगा में पहले से ही मजबूत था और आने वाले समय में और भी मजबूत बनेगा। जो लोग संगठन छोड़कर गये हैं, उन्हें भविष्य में इसका पछतावा होगा। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने संगठन को सशक्त और सक्रिय बनाने पर जोर दिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि वे मिलकर लोहरदगा की आजसू पार्टी को फिर से उसकी पुरानी गरिमा दिलायेंगे। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, रामलखन प्रसाद, केंद्रीय महासचिव अंजू देवी, केंद्रीय सदस्य रामकुमार महतो, महेंद्र महतो, जिला प्रवक्ता सागर वर्मा, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सरस्वती देवी, नगर अध्यक्ष पवन प्रजापति, कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दहेज हत्या में गिरफ्तार पति को पुलिस ने भेजा जेल

धनबाद (आजाद सिपाही)। ढाई लाख रुपए दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति को मंगलवार को धनबाद थाना की पुलिस ने जेल भेज दिया। उसके खिलाफ विवाहिता के पिता ने सोमवार को दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। लोदना हाड़ी पट्टी निवासी मृत विवाहित बबली के पिता विरेन हाड़ी ने मामले की शिकायत धनबाद थाना में की थी। विरेन की शिकायत पर हिल कॉलोनी निवासी पति रोशन हाड़ी को पुलिस ने एसएनएमएमसीएच से ही गिरफ्तार किया था। मामले में बबली की सास भिखनी देवी, ननद प्रियंका देवी, नंदोई सुजल हाड़ी और चाचा ससुर नारायण हाड़ी को भी आरोपी बनाया गया है। 15 जून को जब उन्होंने अपनी पुत्री को फोन किया तो पुत्री ने बताया कि ये लोग बहुत मारपीट कर रहे हैं। लगता है मेरी जान ले लेंगे। रात में दामाद ने फोन करके बताया कि उनकी पुत्री की मृत्यु हो गयी है। विरेन ने दावा किया था कि ससुराल वालों ने मिल कर पुत्री की हत्या कर दी।











































































### आत्मसमर्पित नक्सलियों को सरकारी सुविधा देने को लेकर बैठक

# आत्मसमर्पण करनेवाले नक्सलियों को बाबा भीमराव अंबेडकर आवास योजना से जोड़ें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रत्यर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को सरकारी देय लाभ सुविधा प्रदान करने को लेकर पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गयी। इसमें सर्वप्रथम डीसी ने सामान्य शाखा प्रभारी रश्मि रंजन से आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की जानकारी ली। बताया गया कि कुल 8 आत्मसमर्पित नक्सलियों को आत्मसमर्पण के बाद शेष देय राशि नियमानुसार दी जानी है। उन्होंने बताया कि तीन आत्मसमर्पित नक्सली को आवास हेतु जमीन भी उपलब्ध करवा दिया गया है।इसपर डीसी ने शेष पांच नक्सलियों को भी गृह निर्माण हेतु 4 डिसमिल जमीन देने की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए उन्हें आवास उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने बकाया राशि के संबंध में जानकारी ली,बताया गया कि पुनर्वास पैकेज व गृह निर्माण के बकाया राशि को लेकर सरकार से पत्राचार किया गया है। उपायुक्त ने सामान्य शाखा प्रभारी को आत्मसमर्पित नक्सलियों का बीमा कराने, उनके बच्चे के शिक्षा में सहयोग करने, कानूनी लड़ाई में सहायता प्रदान करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीसी ने डीडीसी को आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को बाबा भीमराव अंबेडकर आवास योजना से जोड़ने को लेकर निर्देश दिया।

## समस्याओं के समाधान के लिए हर माह शिविर लगेगा : सुधीर चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)** बिश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में कांग्रेस ने मंगलवार को जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया। शिविर में कांग्रेस के पूर्व विस प्रत्यासी सुधीर चंद्रवंशी ने आम लोगों की समस्याएं सुनी और सभी को समाधान का भरोसा दिलाया। कई मामलों का निष्पादन तो उन्होंने अधिकारियों से बात कर ऑन द स्पॉट करा दिया। इस दौरान उन्होंने आम लोगों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

श्री चंद्रवंशी ने कहा कि बिश्रामपुर विस क्षेत्र के सभी प्रखंडों व नगर निकाय मुख्यालयों में प्रत्येक माह लोगों के समस्याओं के समाधान के लिये शिविर लगाया जायेगा। समस्याओं के समाधान के लिए आम लोगों को अधिकारियों के साथ बैठाया जायेगा। उन्होंने पदाधिकारियों से भी कार्यों को निष्पादित करने का अपील किया। मौके पर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय, युवा समाजसेवी विवेक शुक्ला, राकेश चौधरी, संतोष पासवान, गुड्डू चौधरी, राजा गुप्ता, संदीप राम, पंचम राम, लक्की गुप्ता आदि मौजूद थे।

## पंचायतों को मिला 21 जून को योग दिवस आयोजित करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**हैदरनगर(पलामू)।** झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग व केंद्र सरकार के निर्देश के आलोक में 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रातः 6.30 बजे से 7. 45 बजे तक ग्राम पंचायत स्तर पर मनाने का निर्देश दिया गया है। इस संबध में मंगलवार को बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने लिखित आदेश जारी कर बताया कि इस बार योग दिवस की थीम - योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ निर्धारित की गयी है। इसके लिए आयुष मंत्रालय से कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत सत्र आयोजित किया जाना है। इसमें पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों के अलावा आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूली बच्चे, युवा, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सहित स्थानीय नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।

उन्होंने कहा कि योग संगम का आयोजन अमृत सरोवर एवं अन्य खुले सामुदायिक स्थलों पर किये जायेंगे। इसमें गर्मी एवं लू से सुरक्षा को लेकर छाया, जल व प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था अनिवार्य होगी। कार्यक्रम से संबधित फोटो और वीडियो सभी ग्राम पंचायतों को भारत सरकार की वेबसाइट, पोर्टल पर पंजीकरण करने के अलावे सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर साझा करना होगा। उन्होंने कहा कि इसकी प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी गयी है। साथ कार्यक्रम की सफलता में संबंधित अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मचारियों को सूचना प्रेषित कर उनसे सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की है। उन्होंने यह भी कहा कि इस आयोजन से प्रखंड स्तर पर जन स्वास्थ्य, स्वच्छता व सामाजिक सहभागिता सुदृढ़ होगी।

## लकड़ी का बोटा लदा ट्रैक्टर के साथ मालिक और चालक गिरफ्तार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना अंतर्गत देवरी ओपी पुलिस व वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में बनकट गांव के समीप से लकड़ी का बोटा लदा एक ट्रैक्टर पकड़ा गया है। इस संबंध में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि अवैध लकड़ी का परिवहन करते जपला बनकट रोड में ट्रैक्टर के साथ मालिक रामजन्म राम एवं चालक सतेंद्र राम को भी पकड़ा गया है। दोनों देवरी ओपी क्षेत्र के कुसुआ के रहने वाले हैं।

## जेएनवी कक्षा छह में प्रवेश परीक्षा 26-27 के लिए एडमिशन की प्रकिया शुरू

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार मानव संसाधन व शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा छः के लिए एडमिशन की प्रकिया शुरू हो गयी है। एडमिशन के लिए अभिभावक नवोदय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट cbseitms.rcil.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते है। इस संबंध में जवाहर नवोदय विद्यालय जपला पलामू 2 के प्राचार्य अशहर रूमी ने बताया कि इस विद्यालय के अंतर्गत हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मद गंज, ऊंटारी, पांडु, विश्रामपुर,नावा बाजार ,छतरपुर, नौडीहा बाजार,पिपरा एवम हरिहरगंज के कुल 11 प्रखंड के छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई हैं तथा 13 दिसंबर 2025 परीक्षा ली जायेगा। कुल 80 विद्यार्थियों को प्रति शैक्षणिक वर्ष में चयन होगा।

## प्रखंड प्रमुख ने किया धोबी घाट का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत कोशी में प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी व पंचायत समिति सदस्यों ने 15वें वित्त से बने हुए धोबी घाट का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा की यह गांव अति सुदूरवर्ती क्षेत्र हैं, जहां की अधिकांश कामगार मेहनत मजदूरी के लिए बाहर जाते है। 15वें वित्त की राशि से धोबी घाट बनाया गया है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य राजवंश यादव, सुरेंद्र चौधरी, मंटू मेहता, अमन कुमार, पवन पटेल, स्थानीय वार्ड सदस्य, जगदीश बैठा, मुरारी बैठा, मुख्तार बैठा, प्रमोद पासवान, शैलेंद्र बैठा, कुमार विजय उपस्थित थे।

## तेज गर्जना के साथ हुई झमाझम बारिश रेहला में बज्रपात से एक मजदूर की मौत

**विश्रामपुर (पलामू)** बिश्रामपुर नगर एवं अंचल क्षेत्र में मंगलवार को मौसम का मिजाज बदला। पूरे क्षेत्र में तेज गर्जना के साथ झमाझम बारिश हुयी। जिसके बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गयी और लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत मिली। उधर रेहला थाना क्षेत्र के उर्दवार गांव निवासी श्यामलाल भुईयां (52) की बज्रपात से मौत हो गयी। श्यामलाल भुईयां मजदूरी का कार्य करता था। अभी वह गांव में ही एक कुंआ खुदाई के कार्य में लगा हुआ था। मंगलवार की दोपहर 1.30 बजे वह खाना खाने घर आ रहा था। इसी बीच वह बज्रपात की चपेट में आ गया। उसके दाहिने तरफ के शरीर का पूरा अंग पूरी तरह झुलस गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर रेहला पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया है। इधर समाजसेवी नवीन चौबे ने स्थानीय प्रशाशन से मृतक के परिवार वालों को आपदा राहत कोष से मुआवजा देने की मांग की है।

## चांदो में वज्रपात की चपेट में आने से दो की मौत

**चैनपुर (पलामू)।** अच्चानक मौसम बदलने के बाद हल्की बूंदा-बूंदी के साथ तेज गर्जन होने पर दो महिला वज्रपात की चपेट में आ गयी। इससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के चांदो पंचायत अन्तर्गत हरसंगार टोंगरी निवासी गुड्डन सिंह की 60 वर्षीय पत्नी सरस्वती देवी व 25 वर्षीय पुत्री रूपा कुमारी दोनों घर के बाहर बैठी हुई थी उसी दौरान बिजली के पोल पर व्रजपात होने से दोनों की मौत हो गयीं। इसी दौरान मौसम बदलने के पश्चात हल्की बूंदा-बूंदी के साथ तेज गर्जन होने पर दोनों महिला वज्रपात की चपेट में आ गयी। वहीं मुखिया नीता सिंह ने दुख व्यक्त किया है। साथ ही आपदा के तहत मिलने वाली मदद राशि शीघ्र ही मृतक के परिजनों को दिलाने की बात कही है। इधर इस संदर्भ में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया गया है।

## कोलहुवाड़ा के कई घरों में बिजली बाधित

**हरिहरगंज/पलामू ।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोलहुवाडा में बिजली विभाग के ठेकेदार की लापरवाही के कारण गांव के कई घरों में बिजली बाधित है। बीते मार्च को नया बिजली खंभा लगाने और केबल तार खींचने के बाद भी अभी तक बॉक्स में कनेक्शन नहीं किया गया है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीण रामजनम मेहता का आरोप है कि एसडीओ बिजली विभाग छतरपुर के द्वारा लोगों को परेशान किया जा रहा है और बिजली विभाग की कमियों को पूरा नहीं किया जा रहा है।

## ब्राह्मण समाज के सम्मान का अपमान बर्दाश्त नहीं : विजय तिवारी

बैठक के बाद पुलिस अधीक्षक से अजय सिंह चेरो पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के रेडमा ठाकुरबारी मंदिर परिसर में आज ब्राह्मण समाज की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष विजय तिवारी ने की। बैठक में महापुरुषों से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत पर बल दिया गया। वहीं समाज को एकजुट होकर समाज में फैली बुराइयों को दूर कर स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुंदर वातावरण स्थापित करने की जरूरत पर बल दिया गया। बैठक के उपरांत एसपी को आवेदन देकर इस मामले के न्यायिक जांच का मांग की गयी। वहीं इस मामले में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने व ब्राह्मण समाज की छवि को धूमिल करने के लिए अजय सिंह चेरो पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गयी। बैठक में विजय तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज के सम्मान का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

बैठक में पपलू दूबे, प्रवीण मिश्रा,रोहित तिवारी, सेठ चौबे, किशोर पांडेय, नवीन तिवारी, दीपक तिवारी, सुनील तिवारी, मुरारी तिवारी, मिकू तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, विवेकानंद त्रिपाठी, आशीष भारद्वाज, देवान शुक्ला, ऋचा तिवारी, कुणाल शांतिप्रिय, अजय तिवारी अकेला, बसंत तिवारी, राजन पंडित, अजीत तिवारी, प्रवीण तिवारी बंटू एवं टिंकू तिवारी आदि उपस्थित थे। संचालन मधुकर शुक्ला ने किया।

# बैद्यनाथ मंदिर में शीघ्र दर्शनम के नाम पर भक्तों से वसूली दो मंदिरकर्मी कैमरे में कैद, एसडीओ ने दिये जांच के निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** बैद्यनाथ मंदिर में वीआइपी दर्शन के नाम पर शिवभक्तों से खुलेआम वसूली का वीडियो सामने आया है। वीडियो में मंदिर कर्मी भोला और संतोष पुलिस की मौजूदगी में भक्तों से पैसे ले रहे हैं और उनका नाम कागज में लिख कर उन्हें प्रशासनिक भवन के रास्ते मंदिर में प्रवेश करवा रहे हैं। वीडियो प्रशासनिक भवन के ऊपरी तल्ले का है, जो तेजी से सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है।

उधर, इस वीडियो के आधार पर पंडा धर्मरक्षिणी सभा के महामंत्री निर्मल झा ने डीसी से पूरे मामले की जांच, वसूली करने वाले मंदिर कर्मी एवं उनके आका पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पूरे मामले में एसडीओ सह मंदिर प्रभारी रवि कुमार ने मामले की जांच का निर्देश दिया है।

**क्या है 50 सेकेंड के वीडियो में** : 50 सेकेंड का यह वीडियो में प्रशासनिक कार्यालय के पहले फ्लोर मुख्य प्रबंधक के चैंबर के पास सीढ़ी के बगल की है, जहां भक्तों की भारी भीड़ लगी हुई है। दो मंदिर कर्मी भोला और संतोष ऊपर चढ़ कर भक्तों से खुलेआम पैसे ले रहे हैं और उनका नाम लिखकर वीआइपी रास्ते से मंदिर में प्रवेश करवा रहे हैं। आश्चर्य यह है कि दो पुलिसवाले भी वहां मौजूद हैं, जिनकी मौजूदगी में वसूली हो रही है। पुलिसवाले भी कैमरे में कैद हुए हैं। हालांकि वे वसूली नहीं कर रहे थे।

**घटना की जांच करायी जायेगी- एसडीओ :** एसडीओ सह बैद्यनाथ मंदिर प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि वीडियो के बारे में जानकारी मिली है। इसकी जांच करायी जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### जांच के नाम पर खानापूर्ति न हो प्रशासन तह तक जाये : महामंत्री

पंडा धर्मरक्षिणी सभा के महामंत्री निर्मल झा ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से वसूली का वीडियो देखे हैं। डीसी-एसपी को मामले की जानकारी दी गई है। वीडियो में कैद लोग प्रशासनिक भवन में हमेशा देखे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर में दर्शन के लिए दो तरह की व्यवस्था बनायी गयी है। एक सामान्य भक्तों की कतार और दूसरा वीआईपी दर्शन यानी शीघ्र दर्शनम। लेकिन मंदिर कर्मचारी अपने तरीके से एक अलग तरह से भी दर्शन करा रहे हैं, जिसमें पैसे लेकर भक्तों को घुसपैठ कराया जा रहा है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की तह तक जाए। आखिर किसके शह पर वसूली का यह खेल चल रहा है। मंदिर कर्मियों से पूछने पर कहते हैं कि इसमें सबों की मिली-भगत है। इस मामले की जांच में खानापूर्ति न हो। प्रशासन इसके तह में जाए और दोषियों पर उचित कार्रवाई करे। क्योंकि इससे मंदिर प्रबंधन के राजस्व की भी हानि हो रही है।

### रमेश परिहस्त अबिलंव कार्य मुक्त हो : विनोद द्वारी

उधर, अखिल भारतीय तीर्थपुरोहित महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद दत्त द्वारी ने डीसी को ज्ञापन सौंप कर भक्तों से वसूली मामले में मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त को अबिलंव कार्यमुक्त करने की मांग की है। विनोद द्वारी का कहना है कि भक्तों से वसूली का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिससे बैद्यनाथ मंदिर, जिला प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। साथ ही पंडा-पुरोहित समाज में भी आक्रोश गहराया जा रहा है। मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त के विरुद्ध पूर्व से ही कई आरोप एवं जांच लंबित है। उनके कारनामों की सूची बहुत लंबी है। जिला प्रशासन एवं पुरोहित समाज की बैठक में निर्णय लिया गया था कि प्रशासनिक भवन से सिर्फ पदाधिकारी एवं उनके द्वारा अनुशंसित एवं अधिकृत दर्शनार्थियों को ही प्रवेश की अनुमति है। फिर किस प्रकार और किनके संरक्षण में वसूली हो रहा है, इसकी जांच अति आवश्यक है। इसके लिए एक जून 2025 से लेकर अबतक प्रशासनिक भवन लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज को खंगाला जा सकता है।

## श्रावणी मेला 11 जुलाई को, जसीडीह स्टेशन पर लगा लगेज स्कैनर खराब

**देवघर (आजाद सिपाही)।** बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर में पूजा-अर्चना करने के लिए देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिनमें से सबसे बड़ी संख्या रेलवे मार्ग से यात्रा करने वालों की होती है। देवघर पहुंचने के लिए मुख्य प्रवेश द्वार कहे जाने वाले जसीडीह जंक्शन पर प्रतिदिन लाखों की संख्या में यात्री उतरते हैं। लेकिन इतनी भीड़भाड़ और संवेदनशीलता के बावजूद स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था बेहद लचर स्थिति में है। जसीडीह रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा जांच के लिए लगायी गयी चेकिंग मशीनें पूरी तरह से बंद पड़ी हैं। स्टेशन परिसर में बिना किसी सुरक्षा जांच के ही यात्रियों को प्रवेश दिया जा रहा है, जो कि सुरक्षा के लिहाज से एक गंभीर चूक है। विशेषकर श्रावणी मेला जैसे विशाल आयोजन को देखते हुए यह स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है। हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु श्रावणी मेले में भाग लेने देवघर पहुंचते हैं और इसी दौरान अवांछित घटनाओं की संभावना भी अधिक रहती है।

## यौन शोषण के आरोपी शिक्षक ने आठ दिन पहले किया था सरेंडर, जेल जाते ही बिगड़ी तबियत, मौत

**देवघर (आजाद सिपाही)।** मधुपुर उपकारा में सोमवार देर रात एक विचाराधीन बंदी हीरालाल भुईयां की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई है। हीरालाल पेशे से सरकारी शिक्षक थे और पाथरोल मिडिया स्कूल में कार्यरत थे। उनपर एक महिला से यौन शोषण और उसका अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने का आरोप था। इस मामले में आठ दिन पहले ही आरोपी शिक्षक ने कोर्ट में सरेंडर किया और जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। फिलहाल मौत के कारण का पता नहीं चल पाया है। सरेंडर करने के बाद सोमवार रात से अचानक जेल में आरोपी शिक्षक की तबियत बिगड़ गई थी। इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया था, जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। इलाज के क्रम में ही आरोपी शिक्षक की मौत हो गई। कानूनी प्रक्रियाओं के बाद पुलिस ने उसके शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। उधर, घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मधुपुर उपकारा के प्रभारी जेलर शिशिर प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच को एक कमेटी गठित की गयी है।

## रेलवे पटरी पर मिला बुजुर्ग का शव

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** मुख्य रेल खंड के मधुपुर स्टेशन के डाउन स्टार्टर सिग्नल के समीप रेलवे ट्रेक पर एक 70 वर्षीय बुर्जुग का क्षत-विक्षत शव पुलिस ने बरामद किया। घटना मंगलवार की अहले सुबह की बतायी जाती है। घटना की सूचना मिलते ही मधुपुर आरपीएफ के एसआई महेन्द्र प्रसाद व एएसआइ डीपी सिन्हा और जीआरपी के अधिकारी स्थल पहुंचकर जानकारी लिया। इधर शव रेलवे पटरी के बीच रहने के कारण रेल प्रशासन ने तत्काल डाउन लाइन का परिचालन रोक दिया। इस दौरान अमृतसर-हावडा पंजाब मेल समेत कई ट्रेनें जहां तहां खडी रही। मधुपुर स्टेशन पर पंजाब मे 6.32 से 6.47 तक खडी रही। रेल थाना की पुलिस ने शव को पटरी से हटाया तब जाकर परिचालन सामान्य हुआ। इस दौरान परिचालन 15 मिनट बाधित रहा। रेल पुलिस ने मृतक का पहचान चांदमारी मोहल्ला निवासी जानकी दास के रूप में की है। मृतक पुत्र मनोज दास ने शव का पहचान किया हैं।

## एसबीआइ सीएसपी संचालक से 4.80 लाख रुपये की लूट



सारवां-सोनारायठाड़ी मुख्य मार्ग पर रक्ति मोड़ के पास की वारदात

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** सारवां-सोनारायठाड़ी मुख्य मार्ग पर रक्ति मोड़, बरगद पेड़ के समीप मंगलवार सुबह में ग्राहक सेवा केंद्र के कर्मी दिनेश यादव से बदमाशों ने पिस्टल की नोंक पर 4.80 लाख लूट लिया। यह वारदात उसे समय घटी जब दिनेश यादव तुरकडीहा एसबीआइ खोलने जा रहे थे। दिनेश ने बताया कि उनका घर जगमनडीह गांव में है। सुबह में तैयार होकर सीएसपी खोलने जा रहे थे। पास में कैश मोबाइल था। इसी दौरान रक्ति मोड़, बरगद पेड़ के पास पहले से घात लगाये अपराधियों ने रास्ता रोक दिनेश के सिर पर वार कर दिया। इससे दिनेश सड़क पर गिर गये और बदमाश पैसे से भरा बैग लेकर फरार हो गये। अपराधियों की उम्र 20-25 साल के आसपास थी और सभी के चेहरे ढके हुए थे। वारदात के बाद सारे अपराधी किधर भागे यह दिनेश नहीं देख पाये। जानकारी मिलने के बाद सारवां थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह, समाजसेवी विक्रम पत्रलेख व अन्य मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस मामले के छानबीन कर रही है।


**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

75वीं औपबंधिक सूची जिलाः–राँची

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता का विवरण | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक–304/25<br>2. आवेदक–मुकेश कुमार महतो (आश्रित पुत्र)<br>3. पिता–स्व0 करमु महतो (मूल आंदोलनकारी)<br>4. ग्राम–टाटी बस्ती (मिश्रा टोला) पोस्ट–टाटीसिलवे<br>5. प्रखण्ड–नामकुम थाना–टाटीसिलवे<br>6. लिंग–पुरूष आयु–34 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–दाहिने बांह में तिल का निशान। | राँची सदर थाना काण्ड सं0–176/94 | नही | कारण :–दिनांक 29/10/1994 को गाड़ी रोककर रंगदारी टैक्स मांगने का आरोप। | 2(ix) आश्रित पुत्र) |
| 2. | 1. आवेदन क्रमांक–305/25 2. आवेदक–हरिवंश साहू<br>3. पिता–स्व0 जग्रनाथ साहू<br>4. ग्राम–बोड़ेया पोस्ट–बोड़ेया<br>5. प्रखण्ड–कांके थाना–कांके<br>6. लिंग–पुरूष आयु–71 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–बायें हाथ मे कटे का निशान। | नही | नही | कारण :–संलग्न अखबार कतरनों से ज्ञात होता है कि आवेदक आजसू के कार्यकर्ता रहे हैं। | 2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्रमांक–306/25<br>2. आवेदक–मो0 मोजीबुर रहमान<br>3. पिता–स्व0 मो0 कमर<br>4. ग्राम–डोरण्डा हाथीखाना, पोस्ट–डोरण्डा<br>5. प्रखण्ड–राँची सदर थाना–डोरण्डा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–63 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | नही | नही | कारण :– (i)संलग्न अखबार कतरन (राँची एक्सप्रेस) से ज्ञात होता है कि आवेदक आजसू की डोरण्डा शाखा के पदधारी रहे हैं।<br>(ii) अनुज कुमार सिन्हा द्वारा लिखित पुस्तक 'झारखण्ड आंदोलन का दस्तावेज' के पृष्ठ 260 में नाम अंकित। | 2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्रमांक–307/25 2. आवेदक–महाबीर नायक<br>3. पिता–फुदु नायक<br>4. ग्राम–नायक मोहल्ला, हटिया, पोस्ट–हटिया<br>5. प्रखण्ड–नामकुम थाना–जगन्नाथपुर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–82 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–दाहिने हाथ में कटे का निशान। | नहीं | | कारण :–आवेदक स्थापित प्रतिष्ठित नागपुरी कवि एव गायक हैं, जिन्होंने अपनी रचना एवं गायकी द्वारा झारखड आंदोलन को गति प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई। | 2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्रमांक–308/25 2. आवेदक–लछु टोप्पो<br>3. पिता–हिरामन टोप्पो<br>4. ग्राम–कडरू, पुलटोली पोस्ट–डोरण्डा<br>5. प्रखण्ड–राँची सदर थाना–अरगोड़ा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–74 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–बायें कंधे पर मस्सा। | नहीं | नहीं | कारण :–संलग्न कागजात से ज्ञात होता है कि आवेदक वर्ष 1995 में झा0मु0मो0 (कडरू शाखा) के उपाध्यक्ष एव वर्ष 1999 में अध्यक्ष रहेहैं। | 2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्रमांक–369/25 2. आवेदक–अमीन अहमद<br>3. पिता–स्व0 हाजी अजीज अहमद<br>4. ग्राम–भीठा पोस्ट–गोंदा<br>5. प्रखण्ड–राँची सदर थाना–गोंदा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–61 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–बायें गाल मे नाक के पास तिल का निशान। | नही | नही | कारण :–इलियास मजीद द्वारा लिखित पुस्तक 'झारखण्ड आन्दोलन और झारखण्ड गोमके होरो साहेब' के पृष्ठ 88–89 में नाम अंकित है। | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) (नरसिंह मुर्मू) (दुर्गा उरॉव)
सदस्य सदस्य अध्यक्ष

PR.NO.355252 Home(25-26):D

# झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन का छठा महाधिवेशन पांच से नौ जुलाई तक धनबाद में

- देवघर से चुनावी अभियान शुरू
- बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-कर जीत की कामना की
- देवघर शाखा मेंस एसोसिएशन संग बैठक कर समर्थन मांगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन का छठा महाधिवेशन पांच से नौ जुलाई तक धनबाद में होगा। महाधिवेशन में एसोसिएशन की केंद्रीय कमेटी का चुनाव भी होना है। इसके मद्देनजर प्रांतीय अध्यक्ष कर्ण कुमार सिंह एवं महामंत्री रमेश उरांव अपनी टीम के साथ समर्थन मांगने देवघर पहुंचे। इन लोगों ने अपनी टीम के साथ पहले बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर जीत की कामना की। इसके बाद डाबरग्राम पुलिस लाइन में देवघर शाखा मेंस एसोसिएशन के साथ बैठक कर अपनी टीम के पक्ष में समर्थन मांगा। अध्यक्ष एवं महामंत्री ने देवघर शाखा के सदस्य पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा संथाल परगना उपेक्षित रहा है, लेकिन वे लोग संताल परगना को भी उचित प्रतिनिधित्व दे रहे हैं। कहा कि उनकी टीम का मुख्य उद्देश्य राज्य के पुलिसकर्मियों के कल्याणकारी कार्यों का निष्पादन करवाना, पुलिसकर्मियों के लंबित भत्तों को नयी दर पर लागू करवाना, पुलिसकर्मियों को ससमय प्रशिक्षण कराना, पदोन्नति दिलवाना, एसीपी/एमएसीपी का लाभ दिलवाना तथा पुलिसकर्मियों के हर एक समस्या को सरकार सहित प्राधिकार स्तर पर समाधान कराना है। पुलिस केंद्र देवघर में पुलिसकर्मियों के साथ शाखा के अध्यक्ष मानसिंह मुर्मू की अध्यक्षता में सभा कर पुलिसकर्मियों से समर्थन का आग्रह किया गया. मौके पर सभी शाखा पदाधिकारियों सहित डेलीगेट प्रतिनिधियों द्वारा पूर्ण समर्थन का वादा किया गया। चुनाव प्रचार के दौरान संयुक्त महामंत्री स्टीफन सोरेन, गबरियल सोरेन, अमित तिवारी, सबीलूर रहमान खान, मृत्युंजय कुमार, परमेश्वर महतो, सरफराज खान, सच्चिदानंद राय, संजय राम, अविनाश कुमार राय, निर्भय राज, प्रदीप टोपो, उपेंद्र पांडेय, युगल मुंडा, पंकज तिवारी, माइकल तिर्की, प्रदीप यादव व अन्य शामिल थे। वहीं देवघर मेंस के सदस्य रियाज अंसारी, रमेश यादव, अजय कुमार आदि थे। इस दौरान बोकारो कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह भी मौजूद थे।



THE DESERVE
Sri Karishna Mathura Tower, (Near Kaveri Restaurant), Circular Road, Lalpur, Ranchi
9835722261
निःशुल्क COMPUTER प्र० (DCA)
SPOKEN ENGLISH (GD +PD)
Other Courses: ADCA / DTP / C++ A+ / JAVA / PYTHON ect.
DFA - GST - D-4 MONTH
GET JOB - MONEY BACK
HINDI & ENGLISH TYPING

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target. NDA Foundation (11th & 12th) NDA Pre Foundation (8th & 10th) CDS/MNS/AF CPMF
Director & Mentor Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES - धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
ADCA, DCA, DTP, C++, Typing, Tally With GST, Advance Excel
सब पढ़ाते है हम सिखाते हैं। Daily Practical LAB. Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th CBSE | ICSE | JAC
11th | 12th CBSE | ICSE | JAC
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

!! श्री गणेशाय नमः !! !! जय थावे वाली मईया !!
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
मिलने का समय : दिन सोमवार से शनिवार, समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक; दिन रविवार समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, रांची-834001
9431585446 | 7903633179

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है। फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

WELCOME TO KIDS SECOND HOME ESTD.-FEB-2014
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN 8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

SACRED CHILD ACADEMY PLAY SCHOOL
Pre Nursery, Nursery, KG - I, KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
बैटरी स्कूटी, कम लागत, कम खरखाव, लाइसेंस मुक्त, एक साल की वारंटी, 60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab, Scientific-Spark, Eurofit, Yogakids, Euro-Music, Mindful
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348
ENROL NOW! 2025-26

MEENA GENERAL HOSPITAL (A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES: Anesthesiology. Critical Care. Dental. Internal Medicine. Lab & Radiology. Obstetrics & Gynecology. Ophthalmology. Pediatrics & Neonatology. Urology. General Surgery. Orthopedics & Trauma. Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

MAHAVIR DENTAL CLINIC
Dr. Anil Kumar B.Sc, B.D.S M.I D.A (New Delhi)
Fee Valid For 15 Days
Time : 10AM to 02:00PM & 04:00PM To 07:00PM
6206969366, 9934943989

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP: Play Group - 2 to 3 years, Nursery - 3 to 4 years, L.K.G - 4 to 5 years, U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS: NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
REGISTER NOW
CONTACT NO. +91-9334814668 +91-9798295759
WEBSITE :bpsranchi.com
EMAIL ID: bubuplayschool2025@gmail.com

Mob.: 9523367777 9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009
SAMSUNG LG Panasonic PHILIPS Whirlpool vivo oppo mi realme

ADMISSION OPEN 50 % OFF TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom KOKAR

JAISWAL CCTV
अपने शहर राँची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM BIOMETRICS CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

TEXMO Borewell Submersibles Single Phase/Three Phase Domestic/Agricultural/Industrial Pumps
AQUATEX Agricultural Monoblocks Open-well Submersibles Pumps Pressure Boosting Systems
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels Let's Shine Everyday
अब आपके शहर रांची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे
Special offer : Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery; Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels @glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए सम्पर्क करें
मो. 8102553784 9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें ।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.

# भूमिगत खदान ढोरी खास के तीन इंकलाइन में दूसरी बार लगी आग

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो(बेरमो)।** सीसीएल ढोरी के भूमिगत खदान ढ़ोरी खास के इन्कलाइन नंबर 4-5-6 में एक सप्ताह के अंदर मंगलवार को दूसरी घटना घटी है। परियोजना मे मंगलवार के सुबह आग लग गई। इससे परियोजना में पहली पाली में काम करने वालों में अफरा तफरी मच गयी। गनीमत रहा कि किसी भी जान माल की नुकसान नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार परियोजना में पंखा घर जहां खत्म होता है, और जहां से कोयला प्रारंभ होता है वहां पहले पिलर में आग लगी थी। आग लगने की घटना तब पता चली जब पहली पाली में काम शुरू करने के पूर्व पंखा चालू करने पर वहां से हल्का धुआं निकलता देखा गया तो कुछ लोग अंदर जाकर देखा तो पिलर में आग लगी हुई थी। जिसे पानी और दमकल की मदद से बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ



ही कथारा तथा रामगढ़ से रेस्क्यू टीम आकर आग बुझाने का प्रयास कर रही है। आग लगने की सूचना मिलने पर डीजीएमएस तेजावत नरेश, आइसओ बीपी सिंह, सीसीएल ढ़ोरी जीएम रंजय सिन्हा, पीओ रंजीत कुमार, मैनेजर मृत्युंजय कुमार सिंह, एरिया सेफ्टी ऑफिसर मनोज सिंह, एसओ ईएंडएम गौतम मोहंती, एसओ सिविल मनोज कुमार शाह, परियोजना के सेफ्टी ऑफिसर रविकांत सिंह, कार्मिक प्रबंधक सीताराम यूईके आदि फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों को ब्यान देने से सारे अधिकारी बचते रहे। जीएम श्री सिन्हा ने बातों बातों में बताया कि आग कैसे लगी है इसकी जांच की जाएगी। खबर लिखे जाने तक आग बुझाने का प्रयास जारी था। विदित हो कि 12 जून गुरूवार को इस परियोजना में चाल गिरने से माइंस में दुर्घटना हुई थी जिसमें एक ओवरमैन मयंक कुमार सिंह सहित चार कर्मी घायल हुए थे।

जनता मजदूर संघ ढ़ोरी क्षेत्र के सचिव विकास कुमार सिंह ने कहा कि मैनेजर साहब कर रहे हैं कि गर्मी के वजह से सुख पत्तों के वजह से आग लगा होगा, पर ऐसा नहीं है आग पहले से ही लगा होगा तभी पूरा पिलर में आग लग गया।

अध्यक्ष सह सुरक्षा समिति सदस्य धीरज पांडेय ने कहा कि आग लगने की खबर काफी दुखदाई है। सभी लोग आग बुझाने में लगे हुए हैं। कहा कि जहां आग लगा हुआ है वहां वर्कर काम नहीं करते हैं। ढ़ोरी क्षेत्र में यही एक अंडरग्राउंड माइन्स है। अंडरग्राउंड माइन्स चलाने के लिए जो सुरक्षा के नियम का पालन करना चाहिए वह नहीं हो रहा है तभी ऐसा घटना घटी है। मौके पर झारखंड कलवारी मजदूर यूनियन के ओरिजिनल सचिव जय नारायण महतो, आरसीएमयू के एरिया सचिव शिवनन्दन चौहान, सिटू से चंद्रशेखर महतो, हीरालाल रविदास, मनोज ठाकुर आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस नगर कमिटी का किया गया विस्तार

**फुसरो(बेरमो)।** कांग्रेस के द्वारा संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार संगठन का विस्तार किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया के द्वारा के फुसरो कांग्रेस नगर अध्यक्ष सर्वसम्मति से सूरज मित्तल तथा सचिव जितेंद्र सिंह को बनाया गया। इस दौरान सभी वार्ड मे वार्ड अध्यक्ष बनाया गया। नव मनोनीत फुसरो अध्यक्ष सूरज मित्तल ने कहा कि मैंने हमेशा कार्यकर्ता बनकर कार्य किया हूँ। मुझे जिलाध्यक्ष और बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के नेतृत्व में काम करने का मौका मिला है। यह पद मिलना मेरे लिए काफी सौभाग्य की बात है। मैं लगातार संगठन को मजबूत उपस्थित लोगों ने अध्यक्ष सूरज मित्तल, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह सहित वार्ड अध्यक्ष को पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष उतम सिंह, अरुण सिंह, दिंगबर महतो, खुर्शीद आलम, शिवनंदन चौहान, जितेंद्र सिंह, सुषमा कुमारी, रईस आलाम, छोटू कुमार, साधु बाउरी, निमाय बाउरी, सलीम जावेद, सोनी खातून, गुड़िया प्रवीण ने बधाई दिया।

# विधायक कुमार जयमंगल सिंह की अनुशंसा पर योजनाओं का किया गया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के अनुशंसा पर जरीडीह प्रखंड अंतर्गत बांधडीह उतरी पंचायत में पीसीसी पथ का निर्माण, टांड़ मोहनपुर पंचायत में पीसीसी पथ का निर्माण, जैना पंचायत में पीसीसी पथ का निर्माण और खुंटरी पंचायत के बहादुरडीह में पीसीसी पथ एवं बंद नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जिसके अंतर्गत नीति आयोग से स्वीकृत बांधडीह उतरी क्षेत्र पंचायत में तेतरीयाडीह स्थित बड़ पेड़ से जरीडीह प्रखंड मुख्यालय होते हुए जैनामोड़ मुख्य सड़क तक पीसीसी पथ का निर्माण, डीएमएफटी मद से स्वीकृत टांड़ मोहनपुर पंचायत स्थित वार्ड नं 5 में रिंकू चौरसिया के घर से रंजीत कुमार महतो के घर तक पीसीसी निर्माण, जैना पंचायत स्थित डीएमएफटी मद से मोहन सिंह के घर से आनंद मूर्मू के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण, डीएमएफटी मद से खुंटरी पंचायत के बहादुर डीह में पीसीसी पथ एवं बंद नाली का? निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास का अनुशंसा बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने किया था। जरीडीह प्रखंड कांग्रेस कमिटी सह 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल, पूर्व तांतरी उतरी क्षेत्र के मुखिया निरंजन मिश्रा, बांधडीह उतरी क्षेत्र के मुखिया प्रतिनिधि बलराम तिवारी, जरीडीह प्रखंड विधायक निजी सचिव बिनोद कुमार महतो, राजेश कुमार सिंह, आयुष माथुर, अमर कुमार मिश्रा, सनत कुमार मिश्रा, रंजीत कुमार महतो, ववीता कुमारी, अश्विनी कुमार मिश्रा, बासुदेव नायक की उपस्थिति में शिलान्यास किया गया।

# जयनगर निवासी एक महिला का 108 एंबुलेंस में हुआ प्रसव, जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद ।** बरवाअड्डा जयनगर निवासी एक महिला का 108 एंबुलेंस में ही प्रसव हो गया। फिलहाल जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं, जिन्हें धनबाद के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।प्रसूता दुलाली देवी ने बच्चे को जन्म दिया है। बच्चे का वजन ढाई केजी है।बच्चे के स्वास्थ्य को लेकर इतना वजन अच्छा माना जाता है।सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ। संजीव कुमार ने बताया कि जच्चा बच्चा दोनों ही सुरक्षित हैं और अभी 48 घंटे उन्हें मेडिकल केयर में ही रखा जायेगा।उन्होंने बताया कि



एम्बुलेंस में अस्पताल लाते लाते रास्ते में ही प्रसव हो जाने के ऐसे मामले पहले भी आते रहे हैं। परिजनों से अपील है कि चिकित्स्कों द्वारा जब भी उन्ही प्रसव की तिथि दी जाती है तो उसे गंभीरता से लें और मरीज को प्रसव पीड़ा होने पर तत्काल अस्पताल पहुंचाना चाहिए। इधर 108 एम्बुलेंस के चालक संजीव कुमार ने बताया कि मरीज को बरवाअड्डा जयनगर से लेकर आ रहे थे। एम्बुलेंस को ट्रैफिक जाम का भी सामना करना पड़ा था। एम्बुलेंस जाम में करीब पांच मिनट फंसा भी रहा। एम्बुलेंस में ले जाते समय, रास्ते में ही दुलाली देवी को प्रसव पीड़ा शुरू हो गयी। एम्बुलेंस में सहिया भी साथ में थी। प्रसव हो जाने के बाद जच्चा-बच्चा दोनों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है।

# बोकारो डीसी का बना फर्जी फेसबुक अकाउंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो डीसी अजय नाथ झा के नाम एवं प्रोफाइल फोटो का दुरुपयोग करते हुए फर्जी फेसबुक आई.डी. बनाई गयी है, जिसके माध्यम से दूसरों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा जा रहा हैं। यह साइबर फ्रॉड का मामला है।

**सतर्कता बरतें, किसी भी प्रकार की मांग या लिंक से रहें दूरः डीसी :** इस संबंध में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आमजनों को सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि यदि किसी अनधिकृत सोशल मीडिया अकाउंट या फोन नंबर से पैसों की मांग की जाती है या किसी प्रकार का प्रलोभन/लिंक भेजा जाता है, तो उसे तुरंत ब्लॉक कर फेसबुक को रिपोर्ट करें। साथ ही,किसी भी संदिग्ध मैसेज या लिंक को क्लिक करने से बचें। यदि किसी व्यक्ति की निजी जानकारी का दुरुपयोग हुआ है या आर्थिक क्षति हुई है, तो वह इसकी शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in या अपने निकटवर्ती थाना में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।


झारखण्ड सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा

☎06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डोमचाँच–पिपचो पथ के मौजा–बुचीटाँड़ में पथ के किनारे अवस्थित भूमि से संबंधित खतियान की आवश्यकता इस कार्यालय को भू–अर्जन प्रस्ताव तैयार करने हेतु है। ज्ञात हो कि पथ के किनारे अवस्थित भूमि से संबंधित खतियान उपलब्ध नहीं होने के कारण भू–अर्जन की प्रक्रिया बाधित है।

अतः पथ के किनारे जिन रैयतों की भूमि अवस्थित है उनसे निवेदन है कि दिनांक–25.06.2025 तक इस कार्यालय में खतियान की छायाप्रति उपलब्ध कराना चाहेंगे, ताकि भू–अर्जन से संबंधित अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR.NO.355250 Road(25-26):D


# आजसू स्थापना दिवस में कार्यकता रांची में शामिल होंगे : कमलेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंद्रपुरा(बेरमो)।** आजसू पार्टी चंद्रपुरा प्रखंड की बैठक सांसद कार्यालय चंद्रपुरा में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार दास ने किया। बैठक में चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत केंद्रीय, जिला, प्रखंड पदाधिकारी एवं पंचायत प्रभारी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए बोकारो जिला प्रभारी कमलेश महतो ने कहा कि इस वर्ष आजसू पार्टी का स्थापना दिवस 22 जून को बलिदान दिवस के रूप में पार्टी रांची में मनाने का संकल्प लिया



है। बैठक में संगठन को मजबूत करने को लेकर पंचायत प्रभारियों को ग्राम प्रभारी चयन करने का निर्देश दिया गया है। सभी ने एक स्वर में कहा कि आजसू स्थापना दिवस में चंद्रपुरा प्रखंड से सैकड़ों कार्यकता 22 जून को रांची में शामिल होंगे।

# भाजपा नेताओं के समक्ष छलका ग्रामीणों का दर्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** भगतडीह परसाताड़ बस्ती शिव मंदिर प्रांगण मे मंगलवार को लोगो की समस्या को लेकर ग्रामीणों की बैठक संपन्न हुई। बैठक मे भाजपा के वरीय नेता राजकुमार अग्रवाल व योगेंद्र यादव शामिल हुए ।बैठक मे ग्रामीणों का दर्द भाजपा नेताओ के समक्ष छलक पडा। इस दौरान ग्रामीणों ने ऐना कोलियरी बीसीसीएल प्रबंधन पर कई गंभीर आरोप लगाया। एना परियोजना से भारी मात्रा मे धुल कण उड़कर बस्ती मे गिरता है।वही बस्ती मे ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल व बिजली की घोर दिक़्कत है। कई बार बीसीसीएल प्रबंधन से



मिलकर मांग किया गया परन्तु कोई निष्कर्ष नहीं निकला। भाजपा नेताओ ने पुरे मामले से वरीय नेताओ को अवगत करा लोगो को समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया।वही इस दौरान सामुहिक रूप से दर्जनो फलदार पौधा वितरण व रोपन किया गया। मौके पर विष्णु त्रिपाठी, मनीष वर्मा, कौशल कुमार वर्मा भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी, रामदेव शर्मा, कन्हैया साह, बैजू राम, कयूम अंसारी, अधूरी देवी थे।


**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(खनन शाखा)**

निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के खान निरीक्षक द्वारा रांची जिलान्तर्गत निम्नलिखित स्थलों पर अवैध रुप से भण्डारित बालू खनिज को जप्त करने के फलस्वरुप झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधन नियमवली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत जो जहाँ है उसी स्थिति में आम निलामी दिनांक 02.07.2025 को समय 04:00 बजे अपराह्न में अपर समाहर्त्ता (नक्सल), राँची की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लॉक 'ए', कमरा नं0 207 में सम्पन्न की जाएगी। आवेदन सहित अन्य वांछित कागजात दाखिल करने की अंतिम तिथि दिनांक 01.07.2025 के 05:00 बजे अपराहन् तक है। भण्डारण की विवरणी, लोक निलामी की प्रक्रिया की शर्तें website www.prdjharkhand.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र0 | भण्डारण स्थल | भण्डारित बालू खनिज की मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | रांची जिला के पुन्दाग ओ0पी0 थानान्तर्गत मौजा–पुन्दाग के मौर्या एलाईट के पीछे | 3000 घनफीट |
| 2 | रांची जिला के बेड़ो थानान्तर्गत घाघरा पंचायत के डुमरदोन बस्ती (Lat-23.257549N, 84.926269E) | 15000 घनफीट |
| 3 | नगड़ी लोधमा रोड (Lat- 23.318741, Long- 85.188629) | 6000 घनफीट |
| 4 | नगड़ी लोधमा रोड (Lat- 23.316267, Long- 85.185106) | 6000 घनफीट |
| 5 | नगड़ी लोधमा रोड (Lat- 23.319599, Long- 85.189234) | 6000 घनफीट |
| 6 | एच0ई0सी0 फर्टिलाइजर, सुनील कोचिंग सेन्टर, टोनका (i) Lat- 23.256953, Long- 85.327636 (ii) Lat- 23.257361, Long- 85.328859 (iii)Lat- 23.257402, Long- 85.327867 | 20000 घनफीट |

अपर समाहर्त्ता (नक्सल),
विधि व्यवस्था, राँची।

PR 355238 (District) 25-26 (D)


# सॉफ्ट टॉयज क्राफ्ट में छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बलियापुर ( धनबाद)।** भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय अन्तर्गत विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय द्वारा धनबाद ज़िला के बलियापुर क्षेत्र के सॉफ्ट टॉयज क्राफ्ट के 20 हस्तशिल्पियों के भागीदारी में हस्तशिल्प सेवा केंद्र, देवघर द्वारा होटल सोनोटेल, धनबाद में आयोजित किए जा रहे 06 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का उद्घाटन दिनांक 17/06/2025 को मुख्य अतिथि मृणालिनी पांडेय, प्रोफेसर आई.आई.टी, आई.एस.एम धनबाद, विशिष्ट अतिथि अविनाश चंद्रा, निदेशक, रूरल सेल्फ एंप्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, धनबाद, विशिष्ट अतिथि सह रिसोर्स पर्सन राहुल रंजन, प्रोग्राम ऑफिसर, एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच), नई दिल्ली, शत्रुधन कुमार, सहायक निदेशक (ए& सी), हस्तशिल्प सेवा केंद्र, देवघर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का



उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि मृणालिनी पांडेय ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य शिल्पियों को उद्यमिता, आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है, साथ ही उद्यमिता विकास को प्रोत्साहन देना है। विशिष्ट अतिथि अविनाश चंद्रा ने बताया कि कोई भी उद्यम शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता कैसे प्राप्त करेंगे। इसके अलावा ऋण प्रक्रिया, बीमा और बैंकिंग के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि सह रिसोर्स पर्सन राहुल रंजन ने उद्यमिता का परिचय देते हुए शिल्पियों द्वारा बनें उत्पाद को अंतरास्ट्रीय बाजार में कैसे बेचें। अंतरास्ट्रीय बाजार में बिक्री हेतु उत्पाद की गुणवत्ता, मूल्य निर्धारण, पैकेजिंग इत्यादि के बारे में बताया। सहायक निदेशक (ए& सी) शत्रुधन कुमार ने कहा कि 06 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य शिल्पियों को एक उद्यम का शुरूआत करने के लिए किन-किन बातों का जानकारी होना जरूरी है। श्री शत्रुघ्न कुमार कुमार ने कहा की इन छः दिनों में 06 अनुभवी रिसोर्स पर्सन द्वारा अंतरास्ट्रीय बाजार में अपने उत्पाद को कैसे बिक्री करें, उद्यम का रजिस्ट्रेशन का प्रक्रिया, ई-मार्केटिंग प्लेटफार्म का ज्ञान, वित्तीय साक्षरता, जीएसटी और कर दस्तावेज की समझ और डिजाइन इत्यादि के बारे में बताया जायेगा। सहायक निदेशक (ए& सी) शत्रुधन कुमार द्वारा उपस्थित शिल्पियों को कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चल रहे विभिन्न कार्यक्रम प्रशिक्षण, टूल किट्स वितरण, मुद्रा योजना, हस्तशिल्प पुरस्कार वित्तीय सहायता, मार्केटिंग इत्यादि के बारे में भी बताया गया। शत्रुधन कुमार ने बताया कि बलियापुर क्षेत्र के सॉफ्ट टॉयज क्राफ्ट के शिल्पियों को हस्तशिल्प सेवा केंद्र, देवघर द्वारा 2024-25 वित्तीय वर्ष में गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम (ऋश्लढढ) के तहत सॉफ्ट टॉयज क्राफ्ट में 02 माह का बेसिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा भी उन शिल्पियों को डिजाइन विकास कार्यशाला के तहत एमपैनल्ड डिजाइनर द्वारा डिजाइन में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके उपरान्त उन शिल्पियों द्वारा बाजार के मांग के अनुसार उत्पादन किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन हस्तशिल्प प्रशिक्षण अधिकारी रवि जान रोशन और विकास कुमार द्वारा किया गया। मौके पर मृणालिनी पांडेय, प्रोफेसर आई.आई.टी, आई.एस.एम धनबाद, अविनाश चंद्रा, निदेशक, रूरल सेल्फ एंप्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, धनबाद, रिसोर्स पर्सन राहुल रंजन, प्रोग्राम ऑफिसर, एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच), नई दिल्ली, हस्तशिल्प सेवा केंद्र, देवघर से सहायक निदेशक (ए& सी) शत्रुघ्न कुमार, हस्तशिल्प प्रशिक्षण अधिकारी रवि जान रोशन एवं विकास कुमार, रवि रौशन, अवर श्रेणी लिपिक, एन आई एफ टी नई दिल्ली के डिजाइन कोर्स में अध्ययनरत 12 विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार**

**अति-अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR-09/2025-26 **(1st Call)** दिनांक 16.06.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 23.06.2025 अपराहन 03.00 बजे तक। |
| 03 | परिमाण विपत्र विकी का स्थान | | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 04 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 24.06.2025 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 05 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 24.06.2025 अपराहन 04.00 बजे । |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction for Toilet for Anganbari centre in Govt. Building of Different Blocks of Latehar district for F.Y 2025-26 | LTR-01 | 24 | 849816 | 18000 | 1250 | 21 Days |
| 2 | | LTR-02 | 24 | 849816 | 18000 | 1250 | 21 Days |
| 3 | | MAN-01 | 13 | 460317 | 10000 | 750 | 21 Days |
| | | BRD-01 | 17 | 601953 | 12500 | 1250 | 21 Days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on notice board of Office
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.
4. उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, लातेहार का पत्रांक– 906 दि0– 29.08.2024 के आलोक में लातेहार जिले में निबंधित सम्वेदक को प्राथमिकता देते हुए कार्य आवंटित किया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार

PR 355213 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D

# धर्मांतरण के विरोध में कुदरा गांव के ग्रामीण हुए गोलबंद



**सिसई।** प्रखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदरा गांव के आठ परिवार द्वारा अपने धर्म को छोड़ दुसरे धर्म को अपनाने को लेकर गांव के ग्रामीण गोलबंद हुए। धर्मांतरण करने वालों की घर वापसी कराने के लिए मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीणों व हिन्दू जागरण झारखंड के प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहु, रोहित शर्मा, मुकेश डेविड, उदय कुशवाहा, छोटेलाल ताम्रकर, सौरभ ताम्रकर, गौतम ताम्रकर, महली समाज के जिलाध्यक्ष सुमित महली ने बैठक कर परिवार के लोगों को समझाने का प्रयास किया। बताते चलें कि कुदरा गांव में हिन्दू सरना धर्मावलंबी रहते हैं, पुरखौती मान्यता के अनुसार उक्त गांव के सीमा क्षेत्र में किसी अन्य धर्म के वासी निवास नहीं कर सकते हैं अन्य धर्म के जो भी परिवार गांव में बसे हैं उन/ परिवारों के साथ कुछ न कुछ अनिष्ट हो गया है। विगत कुछ महीनों से गांव के ही उरांव, महली और लोहरा के आठ परिवारों द्वारा मिशनरी समाज के बाहर से आये पास्टर के संपर्क में आकर अपने सरना हिन्दू धर्म को छोड़ ईसाई मिशनरी धर्म को अपना लेने और चंगाई सभा जाने तथा घर में प्रार्थना सभा करने की जानकारी होने पर गांव के ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त हो गया है। इसे लेकर गांव व हिन्दू समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा भटके परिवार के लोगों की घर वापसी कराने और परिवार के सभी उपस्थित सदस्यों को समझाने का प्रयास किया गया। इस मौके पर हिन्दू सनातन के श्यामा नारायण, अरुण नारायण, बदरी नारायण, सुरेश, विष्णु और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बस की चपेट में आने से युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतक का फाइल फोटो और मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारी और स्थानीय ग्रामीण।

**सिसई।** प्रखंड थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग में मंगलवार की दोपहर को राइस एंड साइन स्कूल महुआडीपा के समीप भरनो थाना क्षेत्र के जूरा नगड़ी गांव निवासी महादेव उरांव के 24 वर्षीय पुत्र मंगरू उरांव का घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गया। उसी रास्ते से गुजर रहे समाजसेवी सह जे एलकेएमके सिसई प्रखंड महामंत्री लाल नंदकिशोर नाथ साहदेव और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शव को रेफरल अस्पताल सिसई लाया गया। जहां सिसई पुलिस के द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया। घटना के बाद से गुस्साये परिजन और ग्रामीणों ने रांची गुमला मुख्य मार्ग हाईवे को घटनास्थल पर ही जाम कर दिया, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। वहीं सूचना मिलने पर सिसई अंचलाधिकारी नितेश रोशन खलखो और सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों को समझा बुझा कर सड़क जाम को हटवाया। वहीं अंतिम संस्कार करने के लिए तत्काल दस हजार रुपये का आर्थिक सहयोग किया गया। वहीं अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी ने कहा कि कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सरकार की ओर से मिलने वाली हर सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। मृतक की धर्मपत्नी देवंती उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने पति के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर घटनास्थल के पास में लगे साप्ताहिक बाजार में सब्जी बेचने के लिए आयी थी और वह बाजार में सब्जी बेच रही थी और पति घर जा रहा था इसी दौरान घटना घटा। मृतक बाहर में रहकर मजदूरी करता था वही वह एक सप्ताह पूर्व अपने घर लौटा था। मृतक के दो पुत्री हैं बड़ी पुत्री का नाम निशा उरांव 10 वर्ष और छोटी पुत्री नेहा उरांव 5 वर्ष की है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।







# तालाब निर्माण में लाखों का घपला: विजय



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह मंगलवार को बिशुनपुर प्रखंड का दौरा किया। भूमि संरक्षण विभाग द्वारा कराये गये तालाब निर्माण का निरीक्षण कर किसानों व स्थानीय लोगों से योजना के बाबत जानकारी प्राप्त की। विदित हो कि भ्रष्टाचार विरोधी मंच गुमला इकाई को सूचना मिली है कि फर्जी ग्राम सभा कर योजना पारित किया गया, वहीं लाभुक समिति भी नाम मात्र के लिए बनायी गयी है और विभाग द्वारा स्वयं ठेकेदारी का काम किया गया तथा योजना निर्माण में गड़बड़ी व अनियमितता बरतते हुए लाखों रुपये निकासी कर ली गयी है। इस पर भ्रष्टाचार विरोधी मंच के सदस्यों ने कामरेड विजय सिंह के नेतृत्व में बिशुनपुर के बनारी पंचायत, सेरका सहित कई कार्य स्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय सदस्यों को अन्य स्थान पर बने विभाग द्वारा तालाब निर्माण की स्थिति को पता कर रिपोर्ट करने के लिए कहा है। बिशुनपुर गयी तीन सदस्यीय टीम के द्वारा 19 जून 2025 को गुमला उपायुक्त, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी तथा विभाग के सचिव को उच्च स्तरीय जांच के लिए पत्राचार की जायेगी। टीम में भ्रष्टाचार विरोधी मंच के जिला कोऑर्डिनेटर अजीत विश्वकर्मा, आरटीआई सह सामाजिक कार्यकर्ता आनंद किशोर पांडा और शंकर उरांव मुख्य रूप से मौजूद थे।

# आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जायेगा : देवशरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को, आजसू बलिदान दिवस के रूप में मनायेगी। इसकी तैयारियों को लेकर पार्टी के कार्यकर्त्ता कमर कस लें। उक्त बातें आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता सह दक्षिणी छोटागपुर प्रमंडल के प्रभारी डॉक्टर देवशरण भगत ने कही। वे बतौर मुख्य अतिथि बैठक में उपास्थित थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने की। बैठक में आगामी 22 जून को आजसू पार्टी बलिदान दिवस हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेल गांव रांची में मनाने की बात कही। जिसमें संपूर्ण झारखंड प्रदेश से पार्टी के कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। डॉक्टर देवशरण भगत ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड स्वाभाविक राज्य नहीं है, अलग राज्य के आंदोलन में आजसू के नौजवानों के कुर्बानी के बदौलत झारखंड अलग राज्य बना है। आंदोलन काल में आजसू के नौजवानों ने अपना बलिदान दिया, घर बार छोड़े अपनी जवानी कुर्बान की अपना सर्टिफिकेट जलाया आर्थिक नाकेबंदी की, तब जा कर सरकार अलग राज्य बनाने की मांग को स्वीकार किया। जिला प्रभारी अरविंद यादव ने कहा कि गुमला जिला में धारदार कार्यकर्ताओं का मजबूत और सशक्त संगठन विस्तार किया जायेगा। बैठक में आजसू पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सलीम टोप्पो ने आजसू पार्टी और केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व पर आस्था विश्वास रखते हुए पार्टी में घर वापसी किए। इनके अलावे पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष इंदु देवी चापो देवी झरियो देवी, रानी देवी, प्रकाश सोनी बंधनू उरांव आजसू पार्टी में घर वापसी किया। सभी को डॉक्टर देवशरण भगत ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**